आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:14 उपरांत सप्तमी विक्रमी संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 9 अक्टूबर 2024
वर्ष 34, अंक 251, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चंद्र आवास गुम्बदनुमा टॉवर के साथ विकसित किए जाएं 16

एनिमल और जिगरा की तुलना से खुश हैं आलिया 15

# हरियाणा में भगवा हैट्रिक, घाटी में उमर सरकार

**विधानसभा चुनाव नतीजे**

## गलत साबित हुए चुनाव बाद के सारे अनुमान हरियाणा में कांग्रेस के हिस्से में आईं 37 सीटें

चंडीगढ़/श्रीनगर , एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को हरियाणा में कांग्रेस की उम्मीदों को तोड़ते हुए और 10 साल की कथित सत्ता विरोधी लहर को बेअसर करते हुए शानदार जीत हासिल की और सत्ता की हैट्रिक लगाई। वहीं, जम्मू-कश्मीर में 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने बाद पहली बार कराए गए विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की। भाजपा के साथ-साथ नेकां-कांग्रेस गठबंधन को क्रमशः हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 सदस्यीय विधानसभा में स्पष्ट बहुमत मिला है। नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री होंगे। हरियाणा विधानसभा चुनाव से महज छह महीने पहले मनोहर लाल खट्टर को हटाकर मुख्यमंत्री बनाए गए 54 वर्षीय नायब सिंह सैनी के अपने पद पर बने रहने की संभावना है।

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एग्जिट पोल के अनुमानों को गलत साबित कर दिया है। भाजपा ने 90 में से 48 सीट पर जीत दर्ज की जबकि 2019 में उसे 41 सीट मिली थी। हरियाणा में भाजपा के अच्छे प्रदर्शन के बावजूद सरकार के 10 मंत्रियों में से आठ मंत्री चुनाव हार गए हैं। भाजपा ने हरियाणा की जीत को ऐतिहासिक करार दिया और जम्मू-कश्मीर में जनादेश को स्वीकार किया। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 51 सीट पर चुनाव लड़ा था जिनमें से 42 पर जीत मिली है, जबकि कांग्रेस ने 32 सीट पर चुनाव लड़ा था जिनमें से छह उसके खाते में गईं हैं। भाजपा 29 सीट के साथ दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जिसने 2014 के चुनावों में अपनी सर्वकालिक उच्चतम संख्या 25 को सुधारा है। सात सीट निर्दलीयों के खाते में गई हैं जबकि पीडीपी को तीन सीटें मिलीं। हारने वाले चर्चित उम्मीदवारों में पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती भी शामिल हैं।

**हरियाणा विधानसभा चुनाव में दलगत स्थिति**

| कुल सीट | भाजपा | कांग्रेस | आईएनएलडी | निर्दलीय |
|---|---|---|---|---|
| 90 | 48 | 37 | 2 | 3 |



विधानसभा चुनाव जीतने के बाद कुरुक्षेत्र के लाडवा में समर्थकों ने किया नायब सैनी का स्वागत।

### लोगों ने सरकार की नीतियों पर लगाई मुहर : सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि मैं इसका पूरा श्रेय मोदी जी को देता हूं। उनके आशीर्वाद से, उनके मार्गदर्शन में, हरियाणा के लोगों ने सरकार की नीतियों पर मुहर लगाई है। सैनी ने जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को उनके नेतृत्व, भाजपा नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

## जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की बनेगी सरकार, केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा दूसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी

### जनादेश ने साजिशों पर फेरा पानी : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत को कार्यकर्ताओं की तपस्या और राज्य के लोगों के देशप्रेम का नतीजा और जम्मू कश्मीर के चुनाव परिणाम को भारत के संविधान की जीत करार दिया है। मोदी ने हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद देर शाम को भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं के स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा के चुनावों ने कांग्रेस की सभी देशविरोधी साजिशों को नाकाम कर दिया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर में भाजपा को छप्पर फाड़ कर वोट दिए हैं। पार्टी मुख्यालय में आयोजित इस समारोह में भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने किया। मोदी ने कहा कि हम सबने सुना है कि जहां दूध दही का खाना, वैसा है अपना हरियाणा। हरियाणा के लोगों ने फिर कमाल कर दिया है और कमल-कमल कर दिया है। आज मां कात्यायनी की आराधना का दिन है। मां कात्यायनी शेर पर विराजमान होकर हाथ में कमल को धारण किए हुए हम सभी को आशीर्वाद दे रही है। ऐसे पावन दिन हरियाणा में तीसरी बार लगातार कमल खिला है। गीता की धरती पर सत्य, विकास और सुशासन की जीत हुई है। जम्मू-कश्मीर में दशकों के इंतजार के बाद आखिरकार शांतिपूर्वक चुनाव हुए, वोटों की गिनती हुई, नतीजे आए। ये भारत के संविधान की जीत है, भारत के लोकतंत्र की जीत है। जम्मू-कश्मीर में जितनी भी पार्टियां चुनाव लड़ रही थीं, उनमें वोट शेयर के हिसाब से भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। मैं हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में जीत हासिल करने वाले सभी उम्मीदवारों के साथ ही जनता को भी बधाई देता हूं। सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके तप और तपस्या के लिए नमन करता हूं। हरियाणा की ये जीत कार्यकर्ताओं के अथाह परिश्रम का परिणाम है। हरियाणा की ये जीत नड्डा और हरियाणा की टीम के प्रयासों की जीत है।



नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा।

**जम्मू-कश्मीर के परिणाम**

| कुल सीट | नेकां | भाजपा | कांग्रेस | निर्दलीय | पीडीपी | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 90 | 42 | 29 | 6 | 7 | 3 | 3 |



### उमर बोले- नेशनल कॉन्फ्रेंस को खत्म करने वाले खुद खत्म हो गए

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव में घाटी में दोनों सीट बडगाम और गांदरबल से जीत दर्ज की है। उमर अब्दुल्ला 2009-14 तक मुख्यमंत्री रहने के बाद एक बार फिर इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों से जो नेशनल कॉन्फ्रेंस को खत्म करने की कोशिश कर रहे थे, वे आज खुद खत्म हो गए हैं। हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है...। गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा किसे बनाया जाएगा, इस सवाल पर नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री होंगे। नेकां अध्यक्ष ने कहा कि यह परिणाम इस बात का सबूत है कि जम्मू कश्मीर के लोग अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ थे।

## आरजी कर अस्पताल के 50 वरिष्ठ डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा

- आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में लिया फैसला

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के 50 चिकित्सकों ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। इन चिकित्सकों ने बलात्कार एवं हत्याकांड की शिकार प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के लिए न्याय की मांग को लेकर पांच अक्टूबर से आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए यह कदम उठाया है। वहीं, पश्चिम बंगाल के अन्य चिकित्सा कॉलेजों के वरिष्ठ चिकित्सकों के एक वर्ग ने कहा कि वे भी इस्तीफा दे सकते हैं। यह घटनाक्रम सात कनिष्ठ चिकित्सकों द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में उनके साथियों द्वारा एकजुटता प्रदर्शित करते हुए किए जा रहे प्रतीकात्मक 12 घंटे के उपवास के मद्देनजर सामने आया है।

राज्य-संचालित अस्पतालों के चिकित्सकों के संगठनों में से एक एसोसिएशन ऑफ हेल्थ सर्विसेज डॉक्टर्स के प्रतिनिधि डॉ. मानस गुमटा ने कहा कि अगर सरकार विरोध प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों की उचित और प्रासंगिक मांगों पर ध्यान नहीं देगी तो हम सरकारी अस्पतालों के सभी वरिष्ठ चिकित्सकों से इस्तीफा देने के लिए राज्यव्यापी आह्वान करने के लिए मजबूर होंगे।




### फर्जी प्रमाण पत्र रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना पुलिस ने अम्बरपेट में एक जेरॉक्स सेंटर से चलाए जा रहे फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र रैकेट का भंडाफोड़ करके, दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

## पुलिस की पिटाई से अधेड़ की मौत

### ग्रामीणों में आक्रोश, कई थानों की फोर्स और पीएसी गांव में तैनात

संवाददाता, बिलग्राम (हरदोई)

**अमृत विचार :** कोतवाली बिलग्राम क्षेत्र में पुलिस की पिटाई से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों की पुलिस के साथ झड़प हो गई, जिसके बाद पीएसी सहित चार थानों की फोर्स नटपुरवा में तैनात है। देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मृत्यु होने की बात बताई गई है।

जानकारी के अनुसार बिलग्राम में स्कूल से आ रही छात्रा का एक बाइक सवार युवक ने दुपट्टा खींच लिया था।

> अज्ञात पुलिसकर्मी पूछताछ के लिए कमल को ले जा रहे थे, जिसका विरोध कन्हई करने लगे। इसी बीच वो गिर गए। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। **-नृपेंद्र कुमार, एएसपी हरदोई।**

इसी मामले में पुलिस नटपुरवा के कमल बाबू को पकड़ने सोमवार आधी रात बाद उसके घर पहुंची। पुलिस कमल को पकड़कर ले जाने लगी तो उसने शोर मचा दिया। आवाज सुनकर कमल बाबू के मौसा कन्हई (54) आ गए। कमल के परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को रोक लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने कन्हई को बेरहमी से पीटा, उसका सिर खंभे से लड़ा दिया। कन्हई के गंभीर चोटिल होने पर परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कन्हई की मौत की खबर से पूरे गांव के लोग पुलिस के विरोध में सड़क पर उतर आए। हालत बिगड़ते देख गांव में पीएसी और बिलग्राम के अलावा साण्डी, माधौगंज और मल्लावां थाने की पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। बता दें कि पुलिस की पिटाई से आहत होकर सोमवार को कासगंज में एक अधेड़ ने फंदा लगाकर जान दे दी थी।

## डिप्टी रेंजर की कार ने चार लोगों को रौंदा, दो की मौत

- घायलों की हालत गंभीर, एक को लखनऊ रेफर किया गया

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** वन विभाग में तैनात डिप्टी रेंजर की अनियंत्रित कार ने खरगूपुर थाना क्षेत्र के गोपाल बाग के समीप मंगलवार की सुबह दो सगी बहनों समेत चार लोगों को रौंद डाला। हादसे में दो की मौत हो गई। जबकि एक को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया।

वहीं हादसे के बाद भाग रहे डिप्टी रेंजर को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बहराइच जिले में वन विभाग में तैनात डिप्टी रेंजर अमित वर्मा मंगलवार की सुबह आर्यनगर से गोकरननाथ शिवाला की तरफ जा रहे थे। गोपाल बाग कस्बे के समीप वह अपनी कार से नियंत्रण खो बैठे और कार अनियंत्रित होकर एक वेल्डिंग की दुकान पर काम रहे अंगदलाल उर्फ झुरई (40) रुपईडीह गांव की रहने वाली दो सगी बहनों गौरीशा श्रीवास्तव उर्फ परी (12) व आयुषी श्रीवास्तव उर्फ शगुन (10) तथा कमडावा गांव के रौनक कुमार (14) पुत्र लवकुश तिवारी को रौंद दिया। इसमें अंगदलाल तथा आयुषी की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल गौरीशा उर्फ परी को लखनऊ रेफर किया गया है जबकि रौनक मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन है।

## जॉन होपफील्ड और ज्यॉफ्री हिंटन को भौतिकी का नोबेल

- एआई तकनीक की खोज के लिए होंगे सम्मानित

स्टॉकहोम, एजेंसी

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विशेषज्ञों जॉन हॉपफील्ड और ज्योफ्री हिंटन को मशीन लर्निंग को सक्षम बनाने वाली खोजों के लिए भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को उनके नाम की घोषणा की गई।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के गॉडफादर कहे जाने वाले हिंटन कनाडा और ब्रिटेन के नागरिक हैं और यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में काम करते हैं। होपफील्ड अमेरिकी हैं और प्रिंसटन यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं। नोबेल समिति ने कहा कि भौतिकी के लिए इस साल का नोबेल पुरस्कार पाने वाले वैज्ञानिकों ने आज की शक्तिशाली मशीन लर्निंग की बुनियाद समझे जाने वाले तरीके विकसित करने के लिए भौतिकी के साधनों का इस्तेमाल किया। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस में नोबेल समिति की सदस्य एलेन मून्स ने कहा कि दोनों वैज्ञानिकों ने कृत्रिम न्यूरोन के नेटवर्क को डिजाइन करने के लिए सांख्यिकीय भौतिकी की मौलिक अवधारणाओं का उपयोग किया जो सहयोगात्मक स्मृतियों के रूप में कार्य करती हैं।

## अब ई-कोर्ट से होगा औद्योगिक वादों का निपटारा

### चक्कर लगाने से मुक्ति, औद्योगिक न्यायाधिकरण में व्यापक डिजिटल समाधान विकसित

- समय और धन दोनों ही बचेगा, चार चरण में होगा वाद का समाधान
- राज्य सरकार ने परियोजना पर शुरू किया काम, श्रीट्रॉन को जिम्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** तारीख पर तारीख लगने के साथ अब मुकदमों को लेकर अदालत के न तो चक्कर लगाने होंगे और न ही बेवजह धन खर्च होगा। खासकर औद्योगिक न्यायाधिकरण में ई-कोर्ट प्लेटफॉर्म से अब विवादों का निपटारा तय समयसीमा में किया जाएगा।

ई-कोर्ट नामक डिजीटल प्लेटफार्म पर ही औद्योगिक विवाद से संबंधित मामले दर्ज करने और सभी पक्षों के लिए एक सहज इंटरफेस विकसित करने का प्रयास है। इस प्लेटफॉर्म पर पक्ष अपना इनपुट व दस्तावेज अपलोड कर यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि उनकी प्रस्तुतियां कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करती हैं या नहीं। इस प्रणाली के निर्माण व विकास का जिम्मा श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को सौंपा गया है। इस डिजिटल प्रक्रिया में स्वचालित रूप से प्रस्तुतियों के सही पाए जाने पर एक यूनीक केस नंबर जेनरेट होगा जो आवेदकों को यह आश्वासन देगा कि संबंधित केस की समीक्षा शुरु हो गई है। न्यायालय के कर्मचारियों के लिए मामलों की समीक्षा और सत्यापन के लिए भी उपकरण होंगे ताकि वादों को अलग-अलग वर्गीकृत किया जा सके। इस प्लेटफॉर्म में सुनवाई के लिए तारीख और समय निर्धारित करने के लिए एक शेड्यूलिंग सिस्टम होगा।





**सप्तम कालरात्रि**



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र- क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः



विक्रमादित्य मार्ग पर सड़क पर बने गड्ढे में जलभराव। अमृत विचार

# मुख्यमंत्री आवास के पास भी सड़क पर गड्ढा नहीं भर पाया नगर निगम

## आज समाप्त हो रही मुख्यमंत्री की सड़कें ठीक कराने की डेड लाइन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** जर्जर सड़कें ठीक कराने और गड्ढे भरवाने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से दी गई डेडलाइन गुरुवार को समाप्त हो रही है। किंतु अभी तक मुख्यमंत्री आवास के पास विक्रमादित्य मार्ग के गड्ढे तक नहीं भरे गए। बंदरिया बाग से वीआईपी इलाकों तक की सड़कों पर भी गड्ढे ही गड्ढे हैं। इन गड्ढों के कारण लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी 40 प्रतिशत सड़कों के गड्ढे भरने और पैचवर्क का काम पूरा होने का दावा कर रहे हैं। नगर निगम जिस गति से काम कर रहा है, उससे त्योहारों तक गड्ढे भरने का काम पूरा होने की उम्मीद कम ही दिख रही है।



इंदिरा नगर सेक्टर - 12 चौराहे पर गड्ढा।

### इंदिरा नगर के सेक्टर 12 चौराहे पर गड्ढा

इंदिरा नगर के सेक्टर 12 चौराहे पर सड़क के बीचोबीच गड्ढा है। नीलमथा में मुख्य मार्ग जर्जर है। जरा देर की बारिश से गड्ढों में पानी भर जाता है। किसी तरह लोग यहां से निकलते हैं। माल एवेन्यू में सड़क पर बड़ा गड्ढा है। बलरामपुर अस्पताल से रिवर बैंक कालोनी जाने वाले मार्ग पर गड्ढा हादसे को दावत दे रहा है।



बंदरिया बाग स्थित जेल रोड पर गड्ढा। अमृत विचार

### 310 किलोमीटर सड़कों के भरे जाने हैं गड्ढे

शहर में लगभग 310 किलोमीटर सड़कों के गड्ढे भरे जाने हैं, लेकिन नगर निगम अभी 100 किलोमीटर सड़कों के गड्ढे नहीं भर पाया है। मुख्यमंत्री ने 10 अक्टूबर तक सभी खराब सड़कें सही कराने के विभागों को निर्देश दिए थे। ऐसी धीमी गति से काम चलता रहा तो 20 अक्टूबर तक भी गड्ढे भर पाना मुश्किल होगा। सड़कों के नवीनीकरण की तो बात ही न करिये। 354 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण के लिए नगर निगम ने अभी तक टेंडर ही नहीं निकाले हैं।



मीनिंग तोनियां एवन्यू रोड पर गड्ढे में भरा पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।

इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

**मौसम**

बादल छाए रहेंगे बूंदाबांदी होने की संभावना है।

34.9° अधिकतम तापमान
25.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- श्री गुरुनानक कॉलेज में नवरात्र उत्सव कार्यक्रम- 11:00 बजे।
- वन स्टाफ सेंटर और लोकबंधु अस्पताल का उप्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान करेंगी निरीक्षण- 11:30 बजे।
- चीफ पोस्टमास्टर जनरल कार्यालय के मंथन हाल में राष्ट्रीय डाक सप्ताह के आयोजन के संबंध में प्रेसवार्ता- 12:30 बजे।
- परिवहन निगम मुख्यालय सभागार में 10 डीटीटीआई व दो एडीटीटी के ऑटोमेशन के लिए एमओयू- 4:00 बजे।
- रायबरेली रोड स्थित हैबतपुर मवैया के उतरेटिया बाजार में हिन्दी भक्ति गीत की लांचिंग - 4:00 बजे।

# सरकारी अस्पतालों का खजाना साफ कर रहे लॉन्ड्री संचालक

## 8 से 10 हार्स पावर की मशीनें लगाकर दे रहे दो-तीन हजार रुपये बिल

कार्यालय संवाददाता , लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में संचालित लॉन्ड्रियों के संचालक बड़ी-बड़ी मशीनों में बिजली की खपत कर अस्पतालों का खजाना साफ कर रहे हैं। 8 से 10 हार्स पॉवर की कई-कई मशीनें दिन भर चलाने के बाद भी महीने में बिजली के एवज में दो-तीन हजार रुपये ही भुगतान कर रहे हैं। शिकायत शासन तक पहुंचने पर अब अस्पताल प्रशासन लॉन्ड्रियों में मीटर लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

शहर के लोकबंधु, बलरामपुर, सिविल, अवंतीबाई (डफरिन) और रानी लक्ष्मीबाई महिला अस्पताल के अलावा दूसरे प्रमुख अस्पतालों में लॉन्ड्री संचालित हैं। कई वर्ष से चल रहीं इन लॉन्ड्री में बेड की चादरें, कंबल, तकिया कवर आदि कपड़े सैकड़ों की संख्या में धुले जाते हैं।

राजाजीपुरम स्थित 110 बेड के रानी लक्ष्मीबाई महिला अस्पताल की लान्ड्री में 10 हॉर्सपॉवर की दो मोटर लगी हैं। यहां प्रतिदिन 150 से अधिक चादर और दूसरे कपड़े धुले जाते हैं। लान्ड्री संचालक बिजली के एवज में करीब 2 हजार रुपए ही अस्पताल प्रशासन को देता है।

776 बेड वाले बलरामपुर अस्पताल की लान्ड्री में 8 से 10 हॉर्सपॉवर की 10 मोटर लगी हैं। यहां प्रतिदिन 1000-1200 चादर, कंबल, तकिया, परदे आदि कपड़े धुले जाते हैं। लॉन्ड्री संचालक अस्पताल प्रशासन को 80 यूनिट प्रतिदिन के हिसाब से बिजली का भुगतान कर रहा है। 300 बेड के लोकबंधु अस्पताल की लॉन्ड्री में भी 8 से 10 हॉर्सपॉवर की 3 से 4 मोटरें सुबह से शाम तक चलती हैं। यहां प्रतिदिन 500 से अधिक चादर, तकिया कवर, कंबल धुले जाते हैं।



बलरामपुर अस्पताल की लॉन्ड्री में लगीं भारी भरकम मशीनें। अमृत विचार

**▸▸ शिकायत शासन तक पहुंचने पर शुरू हुई बिजली मीटर लगाने की तैयारी**

> अस्पताल की लॉन्ड्री में 2 मोटर लगी हैं। करीब 2 हजार रुपए बिल का भुगतान लॉन्ड्री संचालक की ओर से अस्पताल में प्रति माह जमा किया जाता है। लॉन्ड्री में मीटर लगाने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> -डॉ. श्याम व्यास, सीएमएस आरएलबी अस्पताल

> लॉन्ड्री में कई मोटरें लगी हैं। संचालक की ओर से अभी संभावित बिल जमा किया जा रहा है। लॉन्ड्री में मीटर लगाने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> -डॉ. पवन कुमार, निदेशक बलरामपुर अस्पताल

## हादसे में घायलों को आयुष्मान से 1.50 लाख तक का इलाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष्मान कार्डधारकों को दुर्घटना में घायल होने पर 1.50 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। उपचार आयुष्मान योजना में सूचीबद्ध अस्पतालों में मिलेगी। क्लेम के लिए पुलिस का सत्यापन अनिवार्य होगा।

नए आदेश के तहत गंभीर रूप से घायल मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत इलाज दिया जाएगा। इससे सड़क हादसों में घायल होने वाले लोगों को तुरंत और बेहतर इलाज मिल सकेगा। जिससे मृत्यु दर में भी कमी लाई सकेगी। इलाज के दौरान घायल को पैसों की चिंता नहीं रहेगी। इस योजना के क्लेम के लिए पुलिस सत्यापन अनिवार्य किया गया है। आयुष्मान के जिला नोडल डॉ. विनय मिश्रा ने बताया कि यह आदेश जारी हो गया है। लेकिन अभी लिखित में हम लोगों के पास नहीं आया है। अभी इसकी सुविधा लेने में समय लग सकता है। पोर्टल अपडेट होने के बाद ही इसका लाभ मिलेगा। लिखित में आदेश मिलने पर नियमों की स्थितियां साफ हो सकेंगी। नए नियमों में 70 वर्ष व उसके ऊपर बुजुर्गों का भी आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसके लिए पोर्टल पर आवेदन करना होता है। जिले में निजी और राजकीय कुल 315 चिकित्सालयों में इस आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को चिकित्सा का लाभ मुहैया कराया जा रहा है। जिले में 8 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है।

# इलेक्ट्रानिक उपकरण के गोदाम में लगी आग, धमाकों के साथ फटे कंप्रेशर

## दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू, करोड़ों के नुकसान का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचार :** राजधानी के सैरपुर इलाके में सोमवार देर रात इलेक्ट्रॉनिक सामान के गोदाम में आग लगने से करोड़ों का सामान जलने का अनुमान है। आग की लपटों और धुएं से आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की 16 गाड़ियों ने 7 घंटे में आग पर काबू पाया। एफएसओ बीकेटी प्रशांत कुमार ने मुताबिक गोदाम (वेयर हाउस) मालिक के पास फायर एनओसी नहीं थी। उन्हें नोटिस भेजकर कार्रवाई की जाएगी।

सीतापुर रोड में सैरपुर थाने के पास कमलाबाद गांव में डेसपार्क इलेक्ट्रॉनिक एलएलपी नाम से गोदरेज और पैनासोनिक के इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों का गोदाम है। इस गोदाम के मालिक मयंक सेठ हैं। गोदाम के मैनेजर अनिल वैश्य ने बताया कि दीपावली को लेकर माल भरवाया गया था। आर्डर भी आने लगे थे।

सोमवार देर रात 3 बजे चौकीदार ने गोदाम में आग लगने की सूचना दी। एफएसओ ने बताया कि सूचना पर दो दमकल लेकर पहुंचे और आग पर काबू पाना शुरु किया। घटना बड़ी होने के चलते अन्य फायर स्टेशन से गाड़ियां मंगवाई गईं। एफएसओ ने बताया कि गोदाम में गोदरेज, पेनासोनिक समेत अन्य कंपनियों के फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयरकंडीशन मशीन (एसी) रखे थे। मयंक सेठ ने करोड़ों का नुकसान होने की बात कही है।



गोदाम में लगी आग से उठता धुआं।

### दीवार तोड़ी, दो तरफ से लगाए स्मोक एग्जास्टर

अग्निशमन की टीम ने हाइड्रोलिक मशीन से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। अलग-अलग दिशा से लगी टीम आग तक नहीं पहुंच पा रही थी। इस पर जेसीबी की मदद से दीवार को तुड़वाया गया। दो तरफ से स्मोक एग्जास्टर लगाकर धुआं निकालना शुरु किया गया। बीए सेट पहन कर दो दमकल कर्मी अंदर दाखिल हुए। इसके बाद करीब 7 घंटे में आग पर काबू पाया जा सका।

### धमाकों से इलाके में रही दहशत

गोदाम में फ्रिज, एसी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान रखे थे। आग की चपेट में आने से फ्रिज और एसी के कंप्रेशर तेज धमाके के साथ एक-एक कर फटने लगे। धमाके की आवाज सुनकर इलाके में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीण घर से बाहर निकल गए। वेयरहाउस में लगी आग की लपटे सुबह तक आसपास के कई किलोमीटर तक दिखने लगी थी। इसके चलते सुबह तक घटना स्थल सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हो गए। लोगों को स्थानीय पुलिस ने किसी तरह वहां से हटाया। इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### मानक पूरे किए बिना बना था गोदाम

कमलाबाद बढ़ौली में आबादी के मध्य बने गोदाम में मानकों की अनदेखी की गई है। आग से गोदाम में विस्फोट हुए थे। जिसको लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की है। साथ ही आबादी से दूर उसे बनाए जाने की मांग की है। इस मामले में मयंक सेठ का कहना है कि गोदाम फरहा सिद्दीकी से किराए पर ले रखा है।



आग को काबू करने में जुटे दमकल कर्मी।

**एक नजर**

### रेलवे की पेंशन अदालत 16 दिसंबर को

**अमृत विचार,लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के नेतृत्व में पेंशनरों की शिकायतों के निस्तारण के लिए 16 दिसंबर को पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। पेंशन से संबंधित मामलों के आवेदन पत्र मंडल कार्यालय के ईजीआरएस केन्द्र, लखनऊ अथवा डाक द्वारा 31 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

### बंथरा में आज रुक-रुक कर चलेंगे वाहन

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे निर्माण को लेकर बुधवार को बंथरा में सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक रुक रुककर यातायात चलेगा। सिकंदरपुर अन्नपूर्णा ढाबा के पास पिलर नंबर 52 पर बीम को उतारने का कार्य किया जाएगा।

### शहीद हसन के चेहलुम की मजलिस 3 नवम्बर को

**अमृत विचार, लखनऊ :** मजलिस उलेमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जवाद ने बताया कि 3 नवम्बर को बड़े इमामबाड़े में शहीद सैय्यद हसन नसरुल्लाह के चेहलुम की मजलिस होगी।

# त्योहारों पर 12 से अधिक रूटों पर बढ़ाई जाएंगी बसें

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**▸▸ 300 से अधिक अतिरिक्त बसें भी चलाएगा परिवहन निगम**

**▸▸ 20 से 25 अक्टूबर के बीच चलाई जाएंगी अधिक बसें**

**अमृत विचार:** दशहरा, दिवाली, छठ त्योहरों पर परिवहन निगम दिल्ली, मेरठ,गाजियाबाद,वाराणसी ,गोरखपुर,प्रयागराज,आगरा समेत 12 से अधिक रूटों पर ज्यादा बसें चलाएगा। 300 अधिक अतिरिक्त बसें भी चलाई जाएंगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक आर के त्रिपाठी ने बताया कि त्योहारों पर यात्रियों की काफी भीड़ रहती है। इसी को देखते हुए बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाने की तैयारी की गई है। अतिरिक्त रूटों पर भी बसों को चलाने की योजना है। यात्रियों की सुविधा के लिए 20 से 25 अक्टूबर तक अधिक से अधिक बसों को चलाने के निर्देश दिए गए हैं। आनंद बिहार दिल्ली से अलग अलग जगहों पर जैसे कि टनकपुर, रुपैडिहा और सोनौली के यात्रियों की अधिक भीड़ होती है। अलग-अलग रूटों के लिए 300 से अधिक बसों को रिजर्व भी किया जाएगा।



## बूंदाबांदी से मिली राहत

**अमृत विचार, लखनऊः** सुबह बूंदाबांदी ने गर्मी और उमस से कुछ राहत दी लेकिन दोपहर बाद धूप तेज होने पर उमस बढ़ गई। मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को भी बूंदाबांदी की संभावना जताई है।

मंगलवार की सुबह सूर्य और बादलों की बीच आंखमिचौली चलती रही। लगभग 11:00 बजे हल्की बूंदाबांदी से मौसम खुशनुमा हो गया और गर्मी से राहत मिली। हालांकि इसके बाद चटख धूप ने बेहाल किया और उमस बढ़ गई। शाम को फिर हल्की बूंदाबांदी हुई। अधिकतम तापमान 34.9 और न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 1 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

# सिपाही ने दुष्कर्म कर बनाया वीडियो, वसूले 20 लाख रुपये

संवाददाता, लखनऊ/चौक

**▸▸ आगरा में तैनात सिपाही से फेसबुक पर हुई थी महिला की दोस्ती**

**अमृत विचारः** पीएसी के सिपाही ने फेसबुक पर फ्रेंड बनी राजधानी की महिला से होटल में दुष्कर्म कर आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। वायरल करने की धमकी देकर 20 लाख रुपये वसूले। दबाव डालने पर शादी की और कुछ दिन बाद छोड़ दिया। दबाव डालने पर साथ रहने के लिए 15 लाख रुपये मांगे। पीड़िता ने ठाकुरगंज कोतवाली में सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बालागंज की महिला ने बताया कि उसका पति से विवाद चल रहा है। वर्ष 2022 में एटा निवासी विकास यादव से फेसबुक पर दोस्ती हुई थी। वह आगरा में पीएसी में सिपाही है। सिपाही ने महिला के सामने शादी करने का प्रस्ताव रखा। जनवरी 2023 में मिलने के लिए लुलु मॉल के पास बुलाया। मॉल घूमने के बाद चारबाग के एक होटल में ले गया। वहां नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। होश आने पर महिला ने सिपाही की हरकत का विरोध किया, तो उसने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद उसने कई बार यौन शोषण किया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करीब 20 लाख रुपये वसूले। दबाव बनाने पर जून 2023 में दिखावे के लिए शादी कर ली, लेकिन घर नहीं ले गया।

गर्भवती होने पर नर्सिंग होम ले जाकर गर्भपात करा दिया। इसके बाद सिपाही ने उसे छोड़ दिया। संपर्क करने पर रहने के एवज में 15 लाख रुपये की मांग की। ब्लैकमेलिंग से परेशान महिला ने ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि आरोपी सिपाही ने महिला से कोर्ट मैरिज की थी। आरोपों की जांच की जा रही है।

## पशुओं को खुला छोड़ने वालों पर करें कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊः** छुट्टा पशुओं को चिह्नित करने हुए उनके संरक्षण के लिए अभियान चलाया जाए। पशुओं को खुला छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। खंड विकास अधिकारी और नगर निकाय के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करें। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी बड़े फीडर वाली लाइनों की लंबाई कम करें, जिससे लाइन लॉस कम हो सके। ग्राम स्तरीय रोजगार को बढ़ावा देने के लिए उद्यम, एनआरएलएम, कृषि, उद्यान मत्स्य सहित अन्य विभाग कार्ययोजना बनाकर काम करें।

**बदलाव** मानव सम्पदा पोर्टल पर फीड किया जा रहा अधिकारियों और कर्मचारियों का विवरण

# नगर निगम में दिसंबर से ई-वेतन सॉफ्टवेयर से वेतन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम के कर्मचारियों व अधिकारियों को ई-वेतन सॉफ्टवेयर से वेतन का भुगतान किया जाएगा। प्रदेश सरकार के निर्देश पर लखनऊ नगर निगम में दिसंबर से व्यवस्था लागू हो जाएगी। इसके लिए नियमित, संविदा कर्मचारियों और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का डाटा मानव सम्पदा पोर्टल पर फीड किया जा रहा है। ग्रेच्युटी, एरियर और पेंशन का भुगतान भी ऑनलाइन हो जाएगा।

कर्मचारियों की जानकारी भी ऑनलाइन मिल जाएगी। नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी से लेकर नगर स्वास्थ्य अधिकारी एक क्लिक पर कर्मचारियों की जानकारी ले सकेंगे। नई व्यवस्था लागू होने से कार्यदायी संस्थाओं की मनमानी रुकेगी।

नगर निगम में कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से आउटसोर्सिंग से लगभग 15,000 कर्मचारी लगे हैं। निगम इन कर्मियों का संस्थाओं को भुगतान करता है। संस्थाओं पर कर्मचारियों को कम वेतन देने के साथ ईपीएफ-ईएसआई भी समय से जमा न करने के आरोप लगते रहते हैं। मानव सम्पदा पोर्टल पर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का नाम, पता, आधार नंबर और बैंक खाता फीड होने से निगम के लिए सूचना लेना आसान हो जाएगा। कार्यदायी संस्थाएं कर्मचारियों के वेतन और ईपीएफ-ईएसआई में गड़बड़ी नहीं कर सकेंगी।

> दिसंबर से सभी कर्मचारियों को ई-वेतन पोर्टल से वेतन का भुगतान किया जाएगा। इसके लिए नियमित संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का डिटेल मानव सम्पदा पोर्टल पर फीड किया जा रहा है। इससे वेतन सम्बंधी गड़बड़ी पर रोक लगेगी।
>
> - इन्द्रजीत सिंह ,नगर आयुक्त, नगर निगम

### अगले महीने से व्हाट्सएप पर हाउस टैक्स का बिल



**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम भवन स्वामियों को व्हाट्सएप पर हाउस टैक्स का बिल भेजेगा। अगले महीने से इसकी शुरुआत कर दी जाएगी। अभी तक मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से गृहकर जमा की सूचना दी जाती थी। भवन स्वामियों का डाटा बनाने के लिए नगर निगम की निजी कंपनी से बात चल रही है। कंपनी भवन स्वामियों का व्हाट्सएप नंबर अपडेट करेगी। एक महीने में हाउस टैक्स के बिल तैयार होने लगेंगे। इसके बाद नगर निगम भवन स्वामियों को गृहकर बकाये का व्हाट्सएप पर मैसेज भेजना शुरू कर देगा।

### 6.5 लाख भवन स्वामियों को मिलेगी राहत

नगर निगम के दायरे में लगभग 6.5 लाख भवन हैं। इनमें कई भवन स्वामियों के मोबाइल नंबर बदल चुके हैं या बंद हो चुके हैं। नगर निगम भवन स्वामियों को गृहकर जमा करने के लिए मोबाइल पर मैसेज तो भेजता है लेकिन लोग देख नहीं पाते हैं। जिससे छूट के बाद भी लोग बिल जमा नहीं कर पाते हैं। बिजली सहित अन्य विभागों की तर्ज पर बकाया जमा करने के लिए भवन स्वामी के व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज भेजे जाएंगे। जिससे भवन स्वामियों को राहत मिलेगी।

# जोन-3 में लगेंगे 3 नए नलकूप

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**▸▸ छह नलकूप रिबोर भी कराए जाएंगे, जर्जर टंकी तोड़कर कराया जाएगा निर्माण**

**अमृत विचार :** पेयजल की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए नगर निगम का जलकल विभाग 3 नए नलकूप का निर्माण और 6 नलकूपों को रिबोर कराएगा। इसके अलावा जर्जर हो चुकी 1 टंकी को ध्वस्त करके दोबारा निर्माण कराया जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने मंगलवार को विधायक डॉ. नीरज बोरा की उपस्थिति में लक्ष्मण गौशाला के पीछे सेक्टर एफ, जानकीपुरम में आयोजित कार्यक्रम में उद्घाटन किया। इस अवसर पर पार्षद निशा तिवारी, रंजीत सिंह, हरीशचन्द्र लोधी, देवशर्मा मिश्रा (मुन्ना मिश्रा), उमेश चन्द्र सनवाल, राघव राम तिवारी, राजकुमारी मौर्या, मान सिंह यादव, प्रियंका बाजपेयी, अंकुश बाजपेयी, कुलदीप सिंह महाप्रबन्धक जलकल विभाग, मनोज कुमार सिंह अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय), अवनीश सिंह, परियोजना प्रबन्धक सीएण्डडीएस सहित क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

### यहां बनेंगे नलकूप

- भारतेंदु हरीशचन्द्र वार्ड में सेक्टर ए सीतापुर रोड योजना में 2200 किलोलीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक
- जानकीपुरम प्रथम वार्ड में लक्ष्मण गौशाला के पीछे सेक्टर एफ जानकीपुरम में
- फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड में फैजुल्लागंज टंकी के पास रामलीला मैदान में



### जोन 3 में यहां नलकूप होंगे रिबोर

- जानकीपुरम द्वितीय वार्ड के सेक्टर-एच पार्क
- भारतेन्दु हरीशचन्द्र वार्ड के सेक्टर-ए, पल्टन छावनी
- मनकामेश्वर वार्ड के नेहरू नगर
- त्रिवेणीनगर वार्ड के अलहुदा स्कूल पार्क एकतापुरम में
- शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के पन्त नगर नलकूप नं. 1 होगा रीबोर
- महानगर वार्ड के रामलीला मैदान, रहीमनगर में

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### पुनर्वास फेस्ट-2024 की हुई शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग व पुनर्वास केन्द्र में 15 दिनों तक चलने वाले पुनर्वास फेस्ट– 2024 का उद्घाटन अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. वीके सिंह के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रोस्थेटिक्स व आर्थोटिक्स विभाग द्वारा डांडिया स्टिक मेकिंग प्रतियोगिता के साथ ही विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। उक्त कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रणजीत कुमार कार्यशाला प्रबंधक कृत्रिम अंग व पुनर्वास केंद्र के संयोजन तथा सृष्टि सिंह, डिमॉन्सट्रेटर के समन्वयन में किया गया।

### लविवि के अक्षय ने जीता स्वर्ण पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** 3 से 5 अक्टूबर के बीच श्रीरामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर विश्वविद्यालय फेस्ट में लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के छात्र अक्षय प्रताप ने शार्टपुट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। इस उपलक्ष्य पर विधि संकायाध्यक्ष प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने उक्त छात्र को बधाई दिया। इस अवसर पर विधि संकाय के शिक्षक डॉ आलोक कुमार यादव, प्रो अशोक सोनकर, प्रो राकेश सिंह, डॉ अर्चना सिंह, डॉ अभिषेक तिवारी, प्रो विनीता काचर आदि उपस्थित थे।

### युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर हुई चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे, चुनौतियाँ और संवर्धन पर एक सत्र का आयोजन किया। विभाग की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला ने वक्ता प्रोफेसर आराधना शुक्ला, पूर्व डीन (कला) और प्रमुख, मनोविज्ञान विभाग, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल का स्वागत किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंट्रोडक्शन ऑन टीसीएस कोडिवीटा पर भी सेमिनॉर का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी व तकनीकी संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा टीसीएस कोडविटा सीजन 12 पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया।

# वाहनों के प्रवेश को लेकर दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लविवि कुलपति आलोक कुमार राय को ज्ञापन देते छात्र नेता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** लखनऊ विवि में वहानों के आने- जाने पर छात्र नेताओं ने विरोध किया है। छात्र नेताओं का कहना है कि विश्वविद्यालय के कमर्चारियों की गाड़ियां बेरोक टोक परिसर में चलती है, जबकि छात्र नेताओं की गाड़ियों को रोका जाता है। इसे लेकर छात्रों ने नाराजगी प्रगट की और कुलपति कार्यालय के सामने धरना दिया। बाद में कुलपति आलोक कुमार राय से मिलकर छात्र नेताओं ने ज्ञापन सौंप और इसकी जांच की मांग की।

इस मुददे पर विश्वविद्यालय की प्रोक्टोरियल बोर्ड के साथ छात्रनेता विन्ध्या शुक्ल की तीखी

**▸▸ लविवि परिसर में छात्रनेताओं ने किया विरोध**

बहस हुई। विरोध में करीब पांच घंटे के धरने के बाद कुलपति द्वारा कुलानुशासक महोदय को एक दो दिन में नियम बना कर इसको लागू करने को कहा गया। धरने में ऋतिक राय, शशि मिश्रा, आयुष सिंह, आर्यन सिंह, सूरज चतुर्वेदी, रुपेंद्र सिंह, आयुष शर्मा, हर्षित राय, हिमांशु, ह्दयांश सहित कई दर्जन छात्र मौजूद रहे।

## तोड़फोड़ करने के आरोपी छात्र हुए प्रतिबंधित

**अमृत विचार, लखनऊः** लखनऊ विवि के दूसरे कैंपस में पिछले 2-3 अक्टूबर को किए गए तोड़फोड़ और बवाल को लेकर कुलानुशासक ने पांच छात्रों के खिलाफ नोटिस जारी किया है। इसे लेकर विवि प्रशासन ने पांच छात्रों के खिलाफ थाना जानकीपुरम में मामला भी दर्ज कराया था।

अब इन छात्रों के विश्वविद्यालय में नामांकन, छात्रावास आदि समस्त सुविधाओं से वंचित कर दिया गया है। निलंबित होने वाले छात्रों में अमन यादव पुत्र रामाश्रय यादव, शिवम सिंह पुत्र मुकेश सिंह, सत्यम यादव पुत्र इंद्रेश यादव, अभिमन्यु सिंह पुत्र मैनेजर सिंह, उज्ज्वल गौतम पुत्र प्यारे लाल शामिल हैं। ये सभी छात्र बीबीए तृतीय वर्ष के हैं।

# बच्चों को क्लास से निकालने पर स्कूल प्रबंधन को नोटिस

कायार्लय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ फीस जमा न होने पर 80 बच्चों को खड़ा कर दिया गया था बाहर**

**अमृत विचारः** फीस जमा न होने के कारण बच्चों को स्कूल के बाहर खड़ा करने के मामले में बीएसए ने स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। स्कूल की कार्रवाई को विभाग ने आरटीई एक्ट नियम का उल्लंघन माना है।

चिनहट क्षेत्र के सिद्धांत वर्ड स्कूल प्रबंधन ने फीस न जमा होने के कारण 80 बच्चों को स्कूल के बाहर खड़ा कर दिया था। बच्चे बाहर रो रहे थे। कुछ बच्चे रोते हुए घर चले गए। जानकारी होने पर अभिभावकों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर बीएसए ने तत्काल बीईओ राजनारायण कुशवाहा को स्कूल भेजा। बीईओ के दखल के बाद बच्चों को कक्षा में बैठाया गया। इस मामले में स्कूल की प्रिंसिपल सीएल पॉल का कहना है कि करीब 80 बच्चों की दो से सात माह तक की फीस बकाया है। अभिभावकों को सूचित किया गया था लेकिन फीस जमा नहीं हुई। बेसिक शिक्षा अधिकारी रामप्रवेश का कहना है कि फीस बाकी होने पर भी बच्चों को पढ़ाई से वंचित नहीं किया जा सकता है। जिस तरह बच्चों को बाहर निकाला गया है वह आरटीई एक्ट का उल्लंघन है। स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

## रसायन विज्ञान में संयोग विषय पर व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग ने विशेष सामान्य व्याख्यान श्रृंखला में दसवां व्याख्यान आयोजित किया। व्याख्यान बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में कार्बनिक रसायन विज्ञान के प्रोफेसर प्रो. विनोद कुमार तिवारी ने दिया।

शुरुआत में रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. अनिल मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया और छात्रों के लाभ के लिए ऐसे व्याख्यानों के महत्व पर जोर दिया। डॉ. ओम प्रकाश ने विभाग में उनका स्वागत किया। प्रो. अभिनव कुमार ने श्रोताओं से वक्ता का परिचय कराया। प्रो. विनोद के तिवारी ने रसायन विज्ञान में संयोग शीर्षक से एक आकर्षक व्याख्यान दिया।

# विद्यालयों की ग्रेडिंग की योजना

## माध्यमिक शिक्षा परिषद ने परीक्षा केंद्रों के लिए विद्यालयों का शुरू किया चयन

कार्यालय संवाददाता

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद अपनी परीक्षाओं को सम्पन्न कराने के लिए केंद्रों का चयन शुरू कर दिया है। विद्यालयों की इस बार ग्रेडिंग भी करने योजना है। जिन विद्यालयों में जिला और राज्य स्तर के टॉपर्स निकलते हैं आमतौर पर माना जाता है कि वहां संसाधन ठीक है। इन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाने में पहली प्राथमिकता दी जाएगी।

नकल को रोकने और परीक्षा को शुचितापूर्ण रखने के लिए इस बार विशेष तैयारी की जा रही है। सभी राजकीय हाईस्कूल, इंटरकॉलेज और राजकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यो से विद्यालय के संसाधन के आधार पर आवेदन लिया जा चुका है। अब इन आवेदनों को लेकर परीक्षा केंद्र बनाने के लिए कई मानकों की कसौटी पर कसा जा रहा है।

**▸▸ जिला और प्रदेश स्तरीय टॉपरों के स्कूलों को दी जा रही प्राथमिकता**

**इस बार 54.38 लाख परीक्षार्थी**

यूपी बोर्ड को एशिया का सबसे बड़ा बोर्ड कहा जाता है। कारण कि सर्वाधिक परीक्षार्थियों की परीक्षा यूपी बोर्ड लेता है। इस बार कुल परीक्षा फार्म भरने वालों की संख्या 54 .38 लाख है। पिछले वर्ष बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 8265 विद्यालयों को केंद्र बनाया गया था। इसबार भी इतनी ही संख्या रहने की संभावना बताई जा रही है।

नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने में केंद्र निर्धारण में सर्तकर्ता बरती जा रही है। इसके लिए जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में डीआईओएस को सचिव, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, बेसिक शिक्षा अधिकारी और दो प्रवक्ताओं को भी रखा गया है।

### एनसीईआरटी की किताबों में होगा परिवर्तन

**अमृत विचार लखनऊः** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने इस सत्र में अपनी तीसरी और छठवीं कक्षा की किताबों कुछ परिवर्तन कर दिया है। इन किताबों को अब यूपी बोर्ड उत्तर प्रदेश के परिवेश के हिसाब से बदलाव करेगा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इसके लिए जानकारों की टीम बनाई है जो इसमें परिवर्तन करेंगे। इन पुस्तकों में उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति, भूगोल से लेकर यहां के इतिहास आदि से संबंधित तथ्यों को प्राथमिकता देने की योजना है। अंग्रेजी विषय की पुस्तक में परिवर्तन को लेकर आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान में कार्यशाला भी शुरू हो गई है।

वर्ष 2019 के सत्र में यूपी बोर्ड में एनसीईआरटी की पुस्तकों का चलन शुरू कर दिया गया था। आरंभ में पहली और दूसरी कक्षा में पुस्तकों को लागू कर दिया गया था। इन कक्षाओं की पुस्तकों में संशोधन करके उत्तर प्रदेश से संबंधित तथ्यों को जोड़ा गया था। इस वर्ष तीसरी और छठवीं कक्षा की पुस्तकों में बदलाव किया जा रहा है। हिंदी, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान की पुस्तकों में बदलाव करके अगले सत्र से इनको लागू कर दिया जाएगा।

**विशेषज्ञ की ली जा रही मदद**

पुस्तकों में बदलाव को लेकर माध्यमिक शिक्षा से जुडे सभी बोर्ड के विशेषज्ञ की मदद ली जा रही है। शब्दों के सरलीकरण से लेकर वाक्य रचना में परिवर्तन भी किया जाएगा जिससे पुस्तकें बच्चों के लिए रुचिपूर्ण हो सके। अगले वर्ष 2025 के सत्र में इनको लागू करने की योजना है।

# शिक्षकों की मांग पर हुई कार्रवाई कॉलेज को थमाया नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** नेशनल इण्टर कालेज के सभागार व लान को ठेके पर दिये जाने सम्बन्धी जिला संगठन की शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने प्रबंधन को नोटिस जारी करते हुए व्यवसायिक गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। इसी के साथ सह-जिला विद्यालय निरीक्षक जय शंकर श्रीवास्तव द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर 5 अक्टूबर को स्थलीय जांच कराई गई है।

प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा.आरपी मिश्र ने बताया कि प्रबन्धक की सहमति से विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय के सभागार तथा प्रार्थना एवं साइकिल स्टैण्ड, स्थल को ठेके पर दिए जाने का विज्ञापन निकाला गया था। जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा व जिलामंत्री महेश चन्द्र ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिला संगठन के ज्ञापन पर तत्परता से कार्यवाही किया है। बैठक में प्रमुख रूप से प्रादेशिक उपाध्यक्ष डॉ. आरपी मिश्र, प्रदेशीय मंत्री डॉ. आरके त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा संघर्ष समिति के संयोजक इनायत उल्लाह खां, सदस्य राज्य परिषद अनुराग मिश्र, विश्वजीत सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. श्रीकांत मणि शुक्ल, कोषाध्यक्ष आरपी सिंह, आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक सहित विद्यालय इकाई के सभी पदाधिकारी व सदस्य सम्मिलित थे।

### स्पेलिंग प्रतियोगिता में छात्रा शानदार प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज प्रथम कैम्पस की केजी की छात्रा हिरिषा यादव ने नेशनल लेविल पर आयोजित स्पेलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। हिरिषा ने विज नेशनल स्पेल बी प्रतियोगिता के नेशनल मेगा फाइनल राउण्ड में आल इण्डिया 10वीं रैंक अर्जित की है। गोवा में आयोजित सम्मान समारोह में हिरिषा को इस उपलब्धि के लिए प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना संख्या | 1150–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 05.10.2024 |
| कार्य का नाम | महाकुम्भ मेला 2025 के सम्बन्ध में फाफामऊ स्टेशन पर आश्रय, अस्थायी सरचनाओं आदि के विद्युतीकरण की व्यवस्था |
| अनुमानित लागत | रु.41,46,477.98/– (रु इकतालीस लाख छियालीस हजार चार सौ सतर सात और पैसा अठानवे केवल) |
| ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| बयाना राशि | रु. 83,000/– (तिरासी हजार रूपये मात्र) |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 माह |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 28.10.2024 को 11.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 11.30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है। |

सूचना सं0 1150–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक : 05.10.2024 3092/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जजमेंट लेखन में रिया को मिला प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लविवि के विधि संकाय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी।

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन ने तीसरे डॉ. आर.यू. सिंह राष्ट्रीय मेमोमोरियल ड्राफ्टिंग और जजमेंट राइटिंग प्रतियोगिता 2024 के विजेताओं की घोषणा की है। विधि संकाय की मूट कोर्ट एसोसिएशन ने तीसरे डॉ. आरयू सिंह राष्ट्रीय मेमोरियल ड्राफ्टिंग और जजमेंट राइटिंग प्रतियोगिता 2024 के विजेताओं के नामों का घोषणा की गई। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की गई थी और इसमें पूरे भारत से 94 टीमों ने भाग लिया था। डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की रिया पोद्दार ने निर्णय लेखन प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के जतिन श्रीवास्तव और गोपाल आर्यन और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के विधि संकाय के कोप्पर्थी भाष्करा नारायण ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# भाषा विवि में हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ पाठ्यक्रमों की संरचनाओं के बारे में दी जानकारी**

**अमृत विचारः** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्रों का कार्यक्रम माँ सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों की संरचनाओं जैसे बीकॉम, बीकॉम (ट्रैवेल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट), एमकॉम और डिप्लोमा इन जीएसटी तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कैपिटल मार्केट इन्वेस्ट आदि के बारे में बताया गया।

एलुमनी टॉक में विभाग की पूराछात्र सैफअली खान, डॉ. एमन सिद्दीकी, डॉ. आकांक्षा सिंह, डॉ. क्षिप्रा शुक्ला ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर सीए रजनीश शुक्ला रहे। मुख्य अतिथि प्रो. एके सक्सेना ने कॉमर्स क्षेत्र के उभरते हुए विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में बताया। संचालन डॉ. मारिया बिंथ सिराज द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में डॉ जैबुन निसा, डॉ. अनुभव तिवारी, आएशा अलीम, सैय्यद अली जुहैर ज़ैदी, शिवम् चतुर्वेदी, स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर में दीपांशु गुप्ता, मो. शारिक, मो. अदीब, अंकुश गुप्ता, ईशा, नमरा रफत, निशा, महजबी आदि लोग उपस्थित रहे।

**गुमशुदा की तलाश**

**नाम– मन्जू श्रीवास्तव**

**पत्नी– प्रशांत बहल**



पता– विक्रमनगर पारा थाना– पारा, उम्र– 46 वर्ष, रंग– गेहुआ शरीर– दोहरा बदन हुलिया– कद 5.1 फुट, चेहरा– गोल, पहनावा– साड़ी, विवरण– दिनांक 07.06.2024, 11.00 बजे घर से त्रिवेणीनगर–III थाना अलीगंज स्थित मायके जाने की बात कहकर गयी उसके बाद वापस घर नही आयी। जिसके सम्बन्ध में थाना पारा पर गुमशुदगी क्रमांक 61/2024 पंजीकृत है। यदि किसी को कोई जानकारी मिलती है तो नीचे अंकित मो0नं0 पर सम्पर्क कर सूचना देने का कष्ट करें। ढूंढने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।

मो0 : 8858129263, 9695325656

(दिग्विजय यादव) जांच कर्ता/उ0नि0 थाना पारा, लखनऊ मो0 : 7905226801

प्रभारी निरीक्षक थाना पारा, लखनऊ, मो0 : 9454403875

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. **ई-निविदा सूचना सं. :** 1151-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-दिनांक– 05.10.2024
2. **कार्य का नाम :** महाकुंभ मेला-2025 के संबंध में प्रयागराज संगम स्टेशन पर आश्रय, अस्थायी संरचनाओं आदि के विद्युतीकरण की व्यवस्था।
3. **अनुमानित लागत :** रु. 34,32,294.10/- (रुपये चौतीस लाख बत्तीस हजार दो सौ चौरानवे और दस पैसा मात्र)
4. **ई-निविदा की कीमत :** शून्य
5. **बयाना राशि :** रु. 68,700/- (अड़सठ हजार सात सौ रुपये मात्र)
6. **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 02 माह
7. **ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 28.10.2024 को 11:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 11:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में।
8. **प्रस्ताव की वैधता :** ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन।
9. **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।

सूचना सं.: 1151-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक: 05.10.2024 3090/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने गुंडा एक्ट कार्रवाई के खिलाफ निकाला मार्च

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सीतापुर के हरगांव से जिला पंचायत सदस्य व भाकपा माले के जिला सचिव कामरेड अर्जुन लाल के ऊपर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही किये जाने के खिलाफ मंगलवार को माले कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट ज्ञान चन्द्र गुप्ता को सौंपा।

इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते अर्जुन लाल पर फर्जी आरोप लगाकर जेल में डाल दिया गया था और अब उन पर गुण्डा एक्ट की कार्रवाई करके उनका दमन किया जा रहा है। सभा को जिला प्रभारी का. रमेश सिंह सेंगर, का. राधेश्याम मौर्य, ऐक्टू के जिला सचिव का. कुमार मधुसूदन मगन ने भी सम्बोधित किया। संचालन इनौस के प्रदेश सह सचिव राजीव गुप्ता ने किया। प्रतिवाद मार्च में किसान महासभा के नेता का. छोटे लाल रावत, ऐपवा की का. कमला गौतम, आइसा नेता का. शान्तम निधि, आदि लोग मौजूद रहे।

## भाषा विवि में हुआ सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊः** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन कुलपति प्रो.एनबी सिंह के मार्गदशन में हुआ। रोवर्स-रेंजर्स यूनिट ने हिंदी विभाग में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 2 से 16 अक्तूबर का आयोजन किया। छात्र और छात्राओं ने सड़क हादसा से अपने अपने अनुभव और बचाव का उपाय बताया साथ ही अपने घर,परिवार और समाज को सड़क सुरक्षा सलाह की जागरूकता प्रदान करने की शपथ ली। डॉ. जहाआरा जैदी ने सड़क के नियमों को अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए कहा।

**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना सं.: 195/2024

**रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित त्योहार विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

**09657/09658 दौराई-बढ़नी-दौराई विशेष गाड़ी**

गाड़ी सं. 09657 दौराई से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 12-10-2024 से 16-11-2024 (कुल 06 ट्रिप)
गाड़ी सं. 09658 बढ़नी से प्रत्येक रविवार को दिनांक 13-10-2024 से 17-11-2024 (कुल 06 ट्रिप)

| 09657 दौराई-बढ़नी आगमन | 09657 दौराई-बढ़नी प्रस्थान | स्टेशन | 09658 बढ़नी-दौराई आगमन | 09658 बढ़नी-दौराई प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 15:00 | दौराई | 19:20 | -- |
| 16:00 | 16:15 | अजमेर | 18:35 | 18:55 |
| 16:48 | 16:50 | किशनगढ़ | 17:40 | 17:42 |
| 18:00 | 18:10 | जयपुर | 16:05 | 16:20 |
| 18:21 | 18:24 | गांधीनगर जयपुर | 15:39 | 15:42 |
| 19:48 | 19:50 | बांदीकुई | 14:40 | 14:42 |
| 21:30 | 21:35 | भरतपुर | 12:45 | 12:47 |
| 23:30 | 23:35 | मथुरा | 10:50 | 10:55 |
| 00:29 | 00:30 | हाथरस सिटी | 09:50 | 09:55 |
| 01:15 | 01:25 | कासगंज | 08:35 | 08:45 |
| 02:32 | 02:35 | कायमगंज | 07:16 | 07:18 |
| 03:10 | 03:15 | फर्रूखाबाद | 06:37 | 06:42 |
| 04:13 | 04:19 | कन्नौज | 05:20 | 05:22 |
| 06:00 | 06:02 | कानपुर अनवरगंज | 04:35 | 04:37 |
| 06:35 | 06:40 | कानपुर सेन्ट्रल | 04:05 | 04:15 |
| 08:08 | 08:18 | ऐशबाग | 02:05 | 02:15 |
| 08:31 | 08:41 | बादशाहनगर | 00:57 | 01:00 |
| 08:47 | 08:49 | गोमती नगर | 00:48 | 00:50 |
| 09:18 | 09:20 | बाराबंकी | 23:55 | 23:57 |
| 10:35 | 10:40 | गोण्डा | 22:05 | 22:10 |
| 11:27 | 11:29 | बलरामपुर | 20:50 | 20:52 |
| 11:54 | 11:56 | तुलसीपुर | 19:57 | 19:59 |
| 13:25 | -- | बढ़नी | -- | 19:15 |

**रेक संरचनाः** वातानुकुलित तृतीय इकोनॉमी-10, वातानुकुलित तृतीय-02, शयनयान-02, सामान्य द्वितीय श्रेणी-02, जनरेटर सह लगेज यान-02 = कुल 18 कोच।

मुजाधि/टी–63 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# सड़क सुरक्षा के लिए निकाली जागरुकता रैली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** श्रीगुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा व स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत श्रीगुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज के नानक सभागार में संभाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्या डॉ. सुरभि गर्ग ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मंजू सिंह व शालिनी सिंह साहित्यकार व लोक गायिका मौजूद रहीं। संभाषण प्रतियोगिता में डॉ. गुरजीत, डॉ. श्वेता निगम व डॉ. पूजा बत्रा जज थे। जिसमें प्रथम पुरस्कार सुनीता कुमारी एमए एजुकेशन द्वितीय पुरस्कार कहकशा बीए थर्ड सेमेस्टर व तृतीय पुरस्कार नंदिनी सिंह बीकॉम सेमेस्टर फर्स्ट को प्राप्त हुआ।



गुरुनानक कॉलेज में विजेता छात्राएं। अमृत विचार

### छात्रों ने नाट्य प्रस्तुत कर किया जागरुक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के एमकॉम विभाग के छात्रों ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत विभागाध्यक्ष प्रो. राममिलन के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया। छात्रों ने मानव सुरक्षा से संबंधित निर्धारित नियमों और विनियमों की अनदेखी के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का नाट्य रूपांतरण किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ संकाय सदस्य भी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम RAHUL से बदलकर RAHUL SHARMA रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: HARIOM SHARMA R/O: A-710-711, 7TH FLOOR AZEA BOTANICA BUILDING, VRINDAVAN YOJNA, SECTOR-11, LUCKNOW**

**सूचना**

सूचित हो कि पूर्व में मेरा नाम असीमा मिंज पुत्री जोसेफ मिंज था। विवाह पश्चात अब मेरा नाम सीमा पत्नी बंटी कुमार हो गया है। अतः मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम सीमा अंकित किया जाये। मैंने स्वेच्छा से इसाई धर्म से परिवर्तन कर हिंदू धर्म को स्वीकार कर लिया है। **सीमा पत्नी बंटी कुमार निवासी हरिओम नगर, अलीनगर सुनहरा, मानस नगर, जनपद– लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं दिवाकर सिंह आर्मी में हवलदार के पद पर कार्यरत हूँ। आर्मी नं0– 15420229A है। मेरे आर्मी रिकार्ड में त्रुटिवश मेरी माता का नाम रामरती सिंह (RAM RATI SINGH) व जन्मतिथि 01.07.1954 अंकित है जबकि उनका सही नाम रामरती (RAM RATI) व जन्मतिथि 01.01.1957 है। अतः मेरे आर्मी रिकार्ड में सही नाम व जन्मतिथि अंकित की जाये। **दिवाकर सिंह पुत्र स्व0 बलवीर सिंह निवासी– ग्राम मरूई, पोस्ट– जैतीखेड़ा, तहसील– मोहनलालगंज, लखनऊ।**

**सूचना**

मैं मनीष जोशी पुत्र राम प्रसाद जोशी निवासी निकट मनकामेश्वर मंदिर 502/84 डालीगंज लखनऊ 226020 दिनांक 11 जून 2024 शाम 4 बजे में अपने घर से रजिस्ट्री की फोटो कापी कराने के लिए साइबर कैफे गया था, प्लाट की रजिस्ट्री का पन्ना खसरा नं0 39 अहिबरनपुर वार्ड त्रिवेणी नगर शहर लखनऊ मेरे इस रजिस्ट्री का आखिरी पन्ना फोटो कापी कराते समय गलती से वही छूट गया वापस जाने के पश्चात मुझे वह पन्ना नहीं मिला अतः किसी को वह पन्ना मिल जाये तो वह इस पते पर तुरंत सूचित करे/आपकी अति कृपा होगी। मो0: 7905908972

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने भाई समीम पुत्र अब्दुल अजीज व भतीजा मेहताब आलम पुत्र मो0 समीम निवासी ग्राम व पो0 बरांव परगना पश्चिम राठ तहसील बीकापुर जनपद अयोध्या से 2022 से अलग निवास करता हूँ। मेरा अपनी भाई व भतीजे से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **वकील अहमद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम व पो0 बरांव परगना राठ तहसील बीकापुर जनपद अयोध्या**

**सूचना**

मेरी पुत्री संजना जायसवाल के हाईस्कूल के अंक पत्र/प्रमाण पत्र में माता का नाम सन्नो जायसवाल त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड में सन्नो देवी है। मेरी पुत्री के अंक पत्र/प्रमाण पत्र में माता का नाम सन्नो देवी किया जाय। **शपथी– सन्नो देवी पत्नी सतीश जायसवाल, निवासी बनकेपुर, थाना धम्मौर जनपद सुल्तानपुर।**

**सूचना**

मैं मो. इसराइल पुत्र अब्दुल हक निवासी ग्राम बनगवां थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर का हूँ। मैं शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि मैंने अपने छोटे पुत्र मोहम्मद फिरोज जो मेरे कहने सुनने से बाहर है। इनके क्रियाकलाप से तंग आकर अपने समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी संबंध विच्छेद कर लिया है। यदि इनके द्वारा कोई कृत्य किया जाता है तो उसकी जवाबदेही मेरे व मेरे परिवार की नही होगी। वे अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

मेरा वास्तविक नाम JITENDRA KUMAR S/O RAM KUWAR है परन्तु त्रुटि वश मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम BHIKKHU JITENDR VARDHAN व मेरे पिता का नाम KUWARE दर्ज हो गया है। जिसे संशोधित करके मेरे सभी अभिलेखों में JITENDRA KUMAR S/O RAM KUWAR लिखा पढ़ा व समझा जाये। **निवासी कनकहा, मोहनलाल गंज, लखनऊ**

**सूचना**

मेरे बेटे का नाम आधार कार्ड में आरुष पटेल लिखा है जबकि उसका सही नाम आरुष वर्मा है। मेरी पत्नी का नाम विद्यालय में गुड़िया वर्मा लिखा है जबकि उनका सही नाम रूबी वर्मा है। **विकास कुमार वर्मा पुत्र शिव कैलाश वर्मा ग्राम महरुपुर जनपद बाराबंकी वर्तमान पता जनपद कारागार बलरामपुर**

**सूचना**

वक्फ कनीज कुलसूम बेगम पंजीकरण संख्या–1–832 स्थित जमुनियांबाग, फैजाबाद जनपद अयोध्या जो वक्फकत्री के रजिस्ट्रीशुदा वक्फनामा दिनांक 14.07.1933 के अन्तर्गत शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड, इन्दिरा भवन, लखनऊ में विधिवत् पंजीकृत वक्फ है जिसका गजट नोटिफिकेशन दिनांक 23 जनवरी, 1954 में हो चुका है। उपरोक्त वक्फ सम्पत्ति मकान नम्बर–पुराना 6/2/119 व नया नम्बर 6/2/164 पर अगर कोई अनुबन्ध, रजिस्ट्री आदि कोई व्यक्ति करता है तो वह अवैधानिक होगा।

(अहसन मेहदी रिज़्वी)
मुतावल्ली
वक्फ कनीज कुलसूम बेगम जमुनियांबाग, फैजाबाद जिला अयोध्या मो.नं.–8931833083

## एक नजर

### आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की रैंकिंग में लखनऊ शीर्ष पर




**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की मंगलवार को जारी रैंकिंग में लखनऊ को पूरे देश में पहले पायदान पर रखा गया है। नेशनल हेल्थ अथॉरिटी ने सोशल मीडिया के अपने आधिकारिक पेज पर इसका ऐलान किया है। लखनऊ में योजना के नोडल डॉ. एपी सिंह के मुताबिक आयुष्मान योजना के तहत चलने वाले डिजिटल मिशन में मरीजों के साथ निजी अस्पताल, वहां काम करने वाले डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और पैरा मेडिकल स्टाफ का रजिस्ट्रेशन कराना होता है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक लखनऊ को निजी अस्पतालों में एक लाख मरीजों के रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य दिया गया था जो पूरा हो गया। इसके अलावा निजी अस्पतालों की सबसे ज्यादा आईडी जारी करने में लखनऊ पहले नंबर पर रहा।

# टीबी के मरीजों को अब मिलेगा दोगुना पोषण भत्ता

## 500 की जगह 1000 रुपये प्रतिमाह हुआ मरीजों का पोषण भत्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** टीबी मरीजों को अब दोगुना पोषण भत्ता दिया जाएगा। भारत सरकार ने इसका आदेश जारी कर दिया है। 1 नवंबर से नई व्यवस्था लागू की जाएगी। अब हर महीने के बाद तीन-तीन माह पर एकमुश्त किस्तें मरीज के खाते में भेजी जाएंगी।

केजीएमयू रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि टीबी उन्मूलन को बढ़ावा देने के लिए पोषण भत्ते में वृद्धि की गई है। अभी टीबी मरीजों को 500 रुपए प्रतिमाह प्रदान किया जा रहा है। टीबी के खात्मे के लिए भारत सरकार ने पोषण भत्ते की राशि

**▸▸ 1 नवंबर से लागू की जाएगी नई व्यवस्था**



दोगुना करने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि कुपोषण से टीबी का जोखिम बढ़ता है। टीबी से कमजोरी बढ़ती है। वजन घटता है। मरीज की तबीयत भी बिगड़ जाती है। बेहतर पोषण से टीबी मरीजों की मृत्यु दर में कम लाने में मदद मिल रही है। लिहाजा भारत सरकार ने 500 की जगह 1000 रुपये प्रतिमाह टीबी मरीजों को पोषण भत्ता कर दिया है। सभी नए टीबी व पुराने मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। यह प्रोत्साहन 3000 रुपये की दो बराबर किस्तों में दिया जाएगा। जिसमें 3000 रुपये का पहला लाभ इलाज के समय अग्रिम के रूप में दिया जाएगा। जबकि 3000 रुपये का दूसरा लाभ इलाज के 84 दिन पूरे होने पर दिया जाएगा। जिन मरीजों का इलाज 6 माह से अधिक चलेगा। उन्हें 1000 रुपये प्रति माह का नया लाभ दिया जाएगा। डॉ. सूर्यकांत के मुताबिक ड्रग रेजिस्टेन्ट टीबी के इलाज के लिए देश में 5 सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स चिन्हित किए गए हैं। इनमें एक सेंटर केजीएमयू का रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग है।

## जीपीओ में मनाया गया फिलेटली दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश डाक परिमंडल मे 7 से 11 अक्टूबर तक मनाए जा रहे राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को जीपीओ में फिलेटली दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के अंतर्गत मुख्य अतिथि चीफ पोस्ट मास्टर सुशील कुमार तिवारी की ओर से अवगत कराया गया कि डाक टिकटों का संग्रह करना एक विशेष रुचि है। फिलेटली सभी रुचियों का राजा हैं और हम विशेष ऐतिहासिक महत्व वाली घटनाओं, व्यक्तियों, इमारतों, विभिन्न संस्कृतियों, वनस्पतियों आदि को डाक टिकटों के माध्यम से हमेशा के लिए संरक्षित और संग्रहित कर अपने पास रख सकते हैं। सेमिनार के उपरांत 6 नए डाक टिकट संकलनकर्ताओं द्वारा फिलेटलिक डिपाजिट अकाउंट खोले गए। इसी क्रम में लगभग 120 बच्चों द्वारा फिलेटली वर्कशॉप तथा डाक टिकट प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया।

# डेंगू के 52, मलेरिया के 7 नए मरीज मिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में डेंगू-मलेरिया का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। मंगलवार को भी डेंगू के 52, मलेरिया के 7 और चिकनगुनिया के 3 नए मरीज मिले हैं। सभी का विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी से अब तक जनपद में डेंगू के कुल 853 एवं मलेरिया के 433 तथा चिकनगुनिया के 66 रोगी मिल चुके हैं।

सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि मंगलवार को डेंगू के मिले नए रोगियों में इंदिरानगर और अलीगंज सीएचसी क्षेत्र के सबसे अधिक 8-8 मरीज हैं। इसके आलावा चन्दरनगर-7, रेडक्रास-4, चिनहट-4, एनके रोड-3, टूडियागंज-5, सिल्वर जुबली-7, सरोजनीनगर-2 और ऐशबाग सीएचसी क्षेत्र के 4 मरीज हैं।



### लार्वा मिलने पर 8 मकान मालिकों को नोटिस जारी

सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया की टीमों ने करीब 1678 घरों व आसपास मच्छरजनित स्थितियों की जांच की। इनमें से 8 भवन स्वामियों को नोटिस जारी किया गया। टीमों ने डेंगू, मलेरिया प्रभावित इलाकों में एंटीलार्वा का छिड़काव, फॉगिंग कराई है। लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक भी किया गया।

इसके आलावा शहर में मलेरिया के भी 7 नए मरीज मिले हैं। इनमें इंदिरा नगर व अलीगंज में 2-2, हजरतगंज, आलमबाग और बीकेटी में 1-1 मरीज मिला है। वहीं, चिकगुनिया के भी बाजारखाला, अलीगंज व इंदिरा नगर सीएचसी क्षेत्र में 1-1 मरीज मिले हैं।

### फैजुल्लागंज में आठ मरीज एक आईसीयू में भर्ती

सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने बताया कि फैजुल्लागंज की श्रीनगर कॉलोनी में डेंगू के 8 मरीज मिले हैं। मरीज रश्मि कटियार, दीपक दुबे, पवन लाल गुप्ता, अभय शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, गिरिजा शंकर दुबे, महेश सोनी व रूबी सिंह डेंगू पीड़ित हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि डेंगू पीड़ित श्रीनगर के महेश सोनी (40) निजी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती है। ममता का आरोप है कि फैजुल्लागंज में अब तक डेंगू से 2 लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद भी नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के अफसर संजीदा नहीं है। सफाई, फॉगिंग एंटी लार्वा छिड़काव का सिर्फ फोटो सेशन हो रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।




डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि में विश्व डिस्लेक्सिया दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व अन्य। अमृत विचार

## विश्व डिस्लेक्सिया दिवस पर हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के बौद्धिक अक्षमता विभाग के विशेष शिक्षा संकाय ने एवन चेंजइंक फाउंडेशन के सहयोग से डिस्लेक्सिया जागरुकता दिवस मनाया।

कार्यक्रम में नोएडा से आए विशेषज्ञ डॉ. अंजू अरोड़ा ने डिस्लेक्सिया पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। चेंजइंक फाउंडेशन के अमरेश चंद्रा ने विद्यार्थियों को विशेष अधिगम अक्षमता के रूप में डिस्लेक्सिया की पहचान, रोकथाम पर जानकारी दी। कार्यक्रम में अधिष्ठाता शैक्षिक प्रोफेसर वीके सिंह, निर्देशक शोध प्रकोष्ठ प्रोफेसर एके दूबे, अधिष्ठाता विशेष शिक्षा डॉ. कौशल शर्मा और विभागाध्यक्ष दृष्टि बाधितार्थ विभाग डॉ. विजय शंकर शर्मा शामिल थे। समन्वयक डॉ. जे कल्याणी ने डिस्लेक्सिया दिवस के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. महेश कुमार, विभा तिवारी, नीलम सिंह, विकास चंद्र कुशवाहा, कौशलेंद्र कुमार, दानवीर गौतम, नेहा सिंह यादव, चयनिका द्विवेदी और विशेष शिक्षा संकाय से शिक्षक उपस्थित रहे।

### पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को भी इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। प्रथम तनु यादव, द्वितीय कु. स्वेता, तृतीय ज्योती चौरसिया स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

# टेथर्ड स्पाइनल कॉर्ड सिंड्रोम से ग्रसित बच्चे की हुई सफल सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने जन्मजात टेथर्ड स्पाइनल कॉर्ड सिंड्रोम से पीड़ित ढाई साल के बच्चे का ऑपरेशन कर उसे न्य जीवन देने में कामयाबी हासिल की है। ऑपरेशन के बाद बच्चा स्वस्थ है।

अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि काकोरी निवासी नसीम का बेटा ऐश (ढाई साल) जन्मजात टेथर्ड कॉर्ड सिंड्रोम से पीड़ित था। परिजनों ने मरीज को बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में न्यूरो सर्जन डॉ. विनोद तिवारी को दिखाया। डॉ. विनोद ने उसकी जांच कराई। एमआरआई में पाया कि स्पाइनल कॉर्ड में गड़बड़ी है। वह खिसककर नीचे आ चुकी है, जो कि नीचे कूल्हे की हड्डी से अंदर चिपक गई थी। डॉ. विनोद ने बताया कि इस वजह से बच्चे को खड़े होने, चलने में समस्या थी। आगे उम्र बढ़ने पर दोनों पैरों में लकवा की शिकायत होनी शुरू हो जाती है।



ऑपरेशन के बाद स्वस्थ बच्चे के साथ परिजन व डॉक्टर। अमृत विचार

**4:30 घंटे चला ऑपरेशन :** डॉ. विनोद ने बताया कि बच्चे का ऑपरेशन करना सुनिश्चित किया गया। डॉ. विनोद के साथ डॉ. एएस चंदेल, डॉ. मिर्जा, डॉ. सुमित, सिस्टर निर्मला मिश्रा, उर्मिला सिंह व सीमा शुक्ला, ओटी में गिरीश राजू, ऋषि ने योगदान दिया। ऑपरेशन साढ़े चार घंटे चला। अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार, एमएस डॉ. हिमांशू चतुर्वेदी ने बताया कि मरीज का निजी अस्पताल में इलाज कराने पर 2 लाख रुपए से अधिक खर्चा आता, लेकिन बलरामपुर में उसका निशुल्क इलाज किया गया। मरीज अभी 16 नंबर वार्ड में भर्ती है। वह स्वस्थ है।

# सीआरआईएच में मरीजों को भर्ती कर किया जाएगा इलाज

कार्यालय संवाददाता , लखनऊ

**▸▸ शुरुआत में 50 बेड का किया जाएगा संचालन**

**अमृत विचार :** जानकीपुरम विस्तार स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी) में अब मरीजों को भर्ती कर इलाज की सुविधा मिलेगी। इसकी तैयारी संस्थान प्रशासन की और से अंतिम चरण में है। शुरुआत में 50 बेडों का संचालन होगा।

जानकीपुरम विस्तार में केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी) की शुरुआत 18 सितंबर 2023 को हुई थी। प्रभारी अधिकारी डॉ लिपिपुष्पा देबता ने बताया कि 85 मरीजों से ओपीडी की शुरुआत की गई थी। वर्तमान में रोजाना 300 से अधिक मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। संस्थान में 6 ओपीडी चल रही है। इसमें से 4 सामान्य ओपीडी, 1 विशेष और 1 रिसर्च ओपीडी है। जिसमें चर्मरोग, कैंसर, डायबिटीज, माइग्रेन, मानसिक रोग, पथरी, गठिया, आंतों में संक्रमण, फैटी लीवर, स्त्री एवं प्रसूति और एलर्जी समेत दूसरी बीमारियों का इलाज मुहैया कराया जा रहा है।

डॉ. अमित श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान में संचालित लैब में कई प्रकार की जांचे हो रहीं है। मरीजों को और अधिक सुविधा देने के लिए अब भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने की तैयारी की जा रही है। शुरुआत में 50 बेड संचालित होंगे। इनमें से 20 बेड महिलाओं और 10 बेड बच्चों के लिए आरक्षित किए गए है। संस्थान की तरफ से लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। पैरामेडिकल स्टाफ के लिए सरकार को पत्र लिखा गया है।

## सार-संक्षेप



मुख्यमंत्री की उपस्थिति में ज्ञापन का आदान-प्रदान करते इंडियन बैंक के अधिकारी।

### प्रायोजित किए महाकुंभ मेले के लिए 600 चेंजिंग रूम

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन बैंक ने आगामी महाकुंभ मेला 2025 के लिए महिला तीर्थयात्रियों के लिए 600 चेंजिंग रूम प्रायोजित किया है। प्रयागराज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ सुधीर कुमार गुप्ता एवं क्षेत्र महाप्रबंधक प्रयागराज नवीन कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में इंडियन बैंक और कुंभ मेला प्रशासन के बीच एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।



बाइक बाजार का फीता काटकर उद्घाटन करते विभोर कोहली व अन्य।

### डिलीवरी ब्वॉय किराए पर ले सकेंगे ई-बाइक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंगलुरु और हैदराबाद शहर की तरह अब अपने शहर लखनऊ में भी डिलीवरी कर्मचारियों और यात्रियों को किराए पर इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन मिल सकेगा। यह सुविधा गोमतीनगर के एसटीपी चौराहे के पास खुले 'बाजार बाइक' से मिलेगी। बाइक बाजार के इलेक्ट्रिक वाहन रेंटल सेवा का उद्घाटन हीरो मोटोकॉर्प, सुपर्ब मोटर्स के डीलर विभोर कोहली ने किया। बाइक बाजार के सह-संस्थापक और संयुक्त प्रबंध निदेशक करुणाकरण वी ने बताया बेंगलुरु और हैदराबाद में पहले से ही 1,500 से अधिक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का संचालन हो रहा है। अब लखनऊ में भी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। प्रारंभिक योजना के तहत, बाइक बाजार शहर के प्रमुख स्थानों पर करीब 500 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को उपलब्ध कराएगा। यह वाहन एक सप्ताह, 15 दिन और महीने भर के हिसाब से किराए पर लिए जा सकेंगे।



भाजपा के सदस्य बने कुलियों के साथ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व नीरज सिंह।

### 100 से अधिक कुलियों ने ली भाजपा की सदस्यता

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा का कुनबा बढ़ाने के लिए नेता जुटे हुए हैं। मंगलवार को सौ से अधिक कुलियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। चारबाग रेलवे स्टेशन प्रांगण में हुए कार्यक्रम कुलियों को मिस्ड कॉल दिलाकर भाजपा का सदस्य बनाया गया। वहीं दूसरी ओर एमएलसी मुकेश शर्मा ने कलेक्ट्रेट में लखनऊ बार एसोसिएशन हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वकीलों को मिस्ड कॉल के माध्यम से भाजपा सदस्य बनाया। अवध क्षेत्र सदस्यता अभियान के सह संयोजक नीरज सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया है। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, घनश्याम अग्रवाल, रमन निगम, विधि प्रकोष्ठ संयोजक केके मिश्रा, सह संयोजक गजेंद्र आदि मौजूद रहे।

## बैंक खाते खुलवाने के लिए अधिकारियों से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिना नोटिस सीज किये गए बैंक खाते खुलवाने के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में मीराबाई मार्ग स्थित राज्य कर कार्यालय में अधिकारियों से मिला। अपर आयुक्त ग्रेड 1 जोन प्रथम कैलाश नारायण एवं अपर आयुक्त ग्रेड 1 जोन द्वितीय राजेश पांडे के साथ बैठक में व्यापारियों ने सीज बैंक खाते खुलवाने की मांग की। अपर आयुक्त ने व्यापारियों की बातों को गंभीरता से लेते हुए नियम विरुद्ध तरीके से सीज किए गए खातों को खोलने की सहमति देते हुए डिप्टी कमिश्नर कर वसूली पंकज कुमार को नामित करते हुए उनका व्हाट्सएप नंबर 7235002249 व्यापारियों को दिया। अधिकारियों ने कहा यदि किसी व्यापारी का नियम विरुद्ध बकाया ना होने पर भी खाता सीज हो गया है तो इस नंबर पर अपनी डिटेल भेजें। उनका बैंक खाता शीघ्र अवमुक्त कर दिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, नगर उपाध्यक्ष प्रवेश जैन, नगर उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, मोहम्मद आदिल, अजय प्रताप सिंह, संजय अग्रवाल सहित सीज बैंक खातों के कई भुक्त भोगी व्यापारी उपस्थित थे।



गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन करते चालक-परिचालक।

## परिवहन निगम संविदा चालकों परिचालकों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन निगम संविदा चालक परिचालक कर्मचारी संघर्ष यूनियन के बैनर तले मंगलवार को हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर रोडवेज के संविदा चालकों,परिचालकों ने प्रदर्शन किया। यूनियन के पदाधिकारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि निगम में कार्यरत संविदा चालकों परिचालकों और आउटसोर्स कर्मचारियों का वरिष्ठता के आधार पर समायोजन किया जाए। शेष संविदा चालकों और परिचालकों और आउटसोर्स कर्मचारियों का न्यूततम 35 हजार वेतनमान निर्धारित किया जाए। सेवाकाल के दौरान दुर्घटना सामान्य मृत्यु और सेवाकाल पूरी होने पर पांच लाख रुपये ग्रेच्युटी दी जाए। उन्होंने रोडवेज अधिकारियों पर संविदा कर्मियों की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 22 अक्टूबर को ईको गार्डन में प्रदर्शन किया जाएगा। यूनियन की चेतावनी के बाद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने यूनियन के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया। इस दौरान संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह, प्रांतीय महामंत्री कन्हैयालाल पांडेय, संयोजक मो. जमाल सहित कई लोग मौजूद थे।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरु कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरु हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीआॅक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### दुर्गा मां की फोटो वायरल करने पर कार्यवाही की मांग

**अमृत विचार, माल :** सोशल मीडिया पर दुर्गा मां की फोटो के साथ एक महिला की अश्लील फोटो अपलोड कर वायरल किये जाने पर विश्व हिन्दू परिषद ने कड़ी आपत्ति जताते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में विहिप जिला संयोजक सुशील कुमार ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र के थावर निवासी नसीम खान ने बीते सोमवार को सोशल मीडिया पर देवी देवताओं को टारगेट कर ऐसा कृत्य किया है।

### अवैध कच्ची शराब और 530 किलोग्राम लहन बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ** आबकारी टीम के द्वारा मंगलवार को थाना नगराम अंतर्गत ग्राम भज्जा खेड़ा और कनेरी ग्राम में संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। दबिश के दौरान लगभग 35 लीटर अवैध कच्ची शराब और 530 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि लहन को मौके पर नष्ट करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 2 अभियोग पंजीकृत किये गये।

### दहेज हत्या में सास-ससुर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** माल पुलिस ने विवाहिता की मौत के मामले में आरोपी सास-ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रामकुमार और उसकी पत्नी प्रियंका ग्राम बधोलवा के रहने वाले हैं। 24 सितंबर को सैरपुर निवासी किशनपाल उर्फ मक्का ने बेटी की मौत के मामले में दामाद विपिन समेत चार पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

### नहर में मिला युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगराम के बलसिंह खेड़ा गांव में इंदिरा नहर पटरी के किनारे लगभग 25 वर्षीय युवक का शव मिला। शव करीब तीन से चार दिन पुराना है। पड़ताल के दौरान सीने पर चोट के निशान मिले हैं। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# तिलक समारोह में युवती का हंगामा, दूसरी शादी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंदिरानगर इलाके में सोमवार देर रात को एक युवक के तिलक में उसकी प्रेमिका ने जमकर हंगामा किया। प्रेमिका का आरोप है कि युवक उसे भगाकर ले गया था। इस दौरान उसने शादी कर ली थी। इस बात को छिपाकर दूसरी शादी कर रहा है। उसे सार्वजनिक रूप से पत्नी नहीं मानने को तैयार है। युवती ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है।

इंदिरानगर थानाक्षेत्र की रहने वाली युवती का उसके घर के सामने रहने वाले सुरेंद्र पाल से प्रेम संबंध था। सुरेंद्र ने उससे शादी का प्रस्ताव रखा जिसे युवती ने स्वीकार कर लिया। इस

**▶▶ युवती ने इंदिरानगर थाने में युवक के खिलाफ की शिकायत पुलिस कर रही जांच**

दौरान सुरेंद्र युवती को बाजार ले जाने के बहाने अपने साथ भगा ले गया और मंदिर में शादी कर ली। दूसरी जगह रुम लेकर उसको अपने साथ पत्नी की तरह रखा। युवती को अश्वासन दिया कि उसके 18 साल पूरे होने पर कोर्ट मैरिज कर लेगा। इस दौरान युवती दो बार गर्भवती हो गई। तो उसका गर्भपात करवा दिया। लोन के नाम पर उसके खाली कागज पर साइन करवाकर तलाक के पेपर में इस्तेमाल कर लिया।

युवती ने बताया कि कुछ दिन तो साथ रखा फिर लाकर घर छोड़ दिया। बोला कि जब माता-पिता मान जाएंगे, तब अपने साथ ले जाएगा। उसके बाद से सारे संपर्क खत्म कर दिए। इस दौरान युवती को पता चला कि उसका पति दूसरी जगह शादी कर रहा है। जिसका सोमवार को तिलक चढ़ना है। युवती मुंशी पुलिया स्थित जनता गेस्ट हाउस में पहुंची। यहीं पर सुरेंद्र पाल का तिलक कार्यक्रम में चल रहा था। वहां पर युवती ने जमकर बवाल किया। मौके से पुलिस भी पहुंच गई। हालांकि मामले इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने बताया कि दोनों का तलाक 2023 में हो गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### छात्रा का अश्लील वीडियो किया वायरल

**अमृत विचार, लखनऊ :** निजी स्कूल की छात्रा की फोन पर एक युवक से दोस्ती हुई। व्हाट्सएप पर चैटिंग और वीडियो कॉल के दौरान युवक ने अश्लील वीडियो बना मिलने का दबाव बनाया। पीड़िता के विरोध पर आरोपी ने एक व्हाट्सएप ग्रुप पर वीडियो अपलोड कर दिया। पीड़िता ने हसनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। निरालानगर इलाके में 20 वर्षीय छात्रा एक निजी स्कूल में पढ़ती है। उसकी दोस्ती ठाकुरगंज निवासी अंकित वर्मा से थी। दोनों की फोन पर अक्सर बातें होती थी। इस दौरान ही आरोपी ने व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल के दौरान छात्रा की आपत्तिजनक वीडियो रिकार्ड कर ली। फिर मिलने के लिए दबाव बनाने लगा। पीड़िता ने बताया कि 30 सितंबर को आरोपी ने अश्लील वीडियो एक व्हाट्सएप ग्रुप में भेज दिया। इंस्पेक्टर जीतेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# गोमती में कूदने का प्रयास कर रही युवती को पुलिस ने बचाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मड़ियांव इलाके में गोमती नदी में कूदने का प्रयास कर रही युवती को पुलिस ने बचा लिया। युवती 4 अक्टूबर को घर से नाराज होकर निकली थी। परिजन ने मड़ियांव थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के मुताबिक 20 वर्षीया की युवती चार अक्टूबर को अपने घर से निकल गई थी। परिजन ने आसपास और परिचितों के यहां तलाश की। नहीं मिलने पर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने युवती की तलाश में टीम गठित की। टीम उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच मंगलवार सुबह 10 बजे सूचना मिली की युवती घैला पुल से गोमती नदी में कूदकर आत्महत्या करने जा रही है। सूचना पर पुलिस युवती को सुरक्षित थाने लेकर पहुंची।

**▶▶ 4 दिन पहले नाराज होकर घर से निकली थी**

### काउंसिलिंग कर सौंपा

पुलिस के मुताबिक युवती की काफी देर तक काउंसिलिंग की गई। इस दौरान बताया कि घरवालों की बातों से नाराज थी। बिना बताए मुतसीपुर अपने रिश्तेदार के घर चली गई थी। मंगलवार को वहां से निकलकर गोमती नदी पहुंची। वहां पर कूदने का प्रयास कर रही थी। युवती को सुरक्षित उनको सुपुर्द किया गया। परिजनों ने बताया कि 8वीं तक की पढ़ाई की है।

# महिला का पड़ोसी ने बनाया वीडियो, रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ:** गुडंबा इलाके में रहने वाली महिला का बाथरूम में नहाते हुए पड़ोस में रहने वाले युवक ने वीडियो बना लिया। शिकायत पर गुडंबा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

कल्याणपुर निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह अपने बाथरूम में नहा रहीं थीं। उन्होंने देखा कि पड़ोस में रहने वाला सुमैर खिड़की से उनका वीडियो बना रहा है। पीड़ित ने शोर मचाया तो आरोपी भाग कर अपने कमरे में चला गया। पीड़िता ने उसके रूम पर पहुंच कर मोबाइल दिखाने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दिया है।

# छात्रा को किया अगवा, छेड़छाड़

## ट्रांसपोर्टनगर से कॉलेज जाने के लिए ऑटो पर सवार हुई थी छात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ट्रांसपोर्टनगर से कॉलेज जाने के लिए ऑटो पर सवार हुई छात्रा को पड़ोसी, उसके दोस्त और चालक ने अगवा कर लिया। गलत रूट पर ऑटो देख छात्रा ने टोका तो मुंह दबाते हुए मारपीट की गई। फिर एक कमरे पर पड़ोसी और छात्रा को छोड़कर अन्य आरोपी भाग निकले। छेड़छाड़ के विरोध में छात्रा को पीटा गया। इसी बीच मौका देख पीड़िता भाग निकली। एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी ने बताया कि आरोपी इमरान और ऑटो चालक को हिरासत में ले लिया है और दोनों से पूछताछ कर रही है। छात्रा का मजिस्ट्रेट के सामने जल्द बयान भी दर्ज

**▶▶ मारपीट करते हुए आरोपियों ने दबाया गला**

कराया जाएगा।

अमौसी इलाके में रहने वाली 20 वर्षीय मानसी (काल्पनिक नाम) निजी स्कूल की छात्रा है। पीड़िता ने बताया कि रोजाना की तरह सोमवार सुबह करीब 9 बजे पापा ने कॉलेज जाने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर छोड़ा था। वहां से वह एक ऑटो में सवार हुई। ऑटो चालक ने कॉलेज जाने के लिए पड़ोसी इमरान और एक अन्य को बैठाया। कुछ दूर चलकर ऑटो चालक ने दोनों लड़कों के कहने पर गाड़ी दूसरी दिशा में मोड़ दी। पीड़िता ने टोकते हुए शोर मचाने की कोशिश की तो इमरान ने दुपट्टे से मुंह बांधकर फोन छीन लिया। फिर चलती ऑटो में मारपीट करते हुए उसे एक कमरे में ले गए।

वहां से ऑटो चालक और अनजान युवक भाग गए। कमरे में इमरान ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीड़िता ने विरोध करते हुए शिकायत की बात कही तो आरोपी ने मारपीट करते हुए गला दबाने का प्रयास किया। इसी बीच कॉल आने पर इमरान किसी लड़की से बात करने लगा। मौका देख पीड़िता दरवाजा खोलकर वहां से भाग निकली। किसी तरह घर पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। पीड़िता पिता संग कृष्णानगर कोतवाली पहुंची और शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर इमरान खान, अज्ञात युवक और ऑटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जालसाजों ने भाई-बहन से ठगे 16.50 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शिक्षा विभाग में सर्वेयर के पद पर और सचिवालय में नियुक्ति कराने का झांसा देकर जालसाजों ने भाई-बहन से 16.50 लाख रुपए ऐंठ लिए।

राजाजीपुरम ई ब्लॉक सेक्टर -11 निवासी अर्चना सैनी ने बताया कि रिश्तेदार मनीष सैनी सचिवालय में कार्यरत हैं। मार्च 2023 में मनीष ने उससे नौकरी के लिए बात की। फिर मोबाइल पर शुभम श्रीवास्तव से कराई। शुभम ने बताया कि कई विभागों में संविदा पर नियुक्तियां होनी हैं। आप चाहो तो नौकरी मिल सकती है। बातों में फंस कर अर्चना और उसके भाई मयंक सैनी ने हामी भर दी। अर्चना को शिक्षा विभाग में सर्वेयर पर दिलाने का झांसा देकर शुभम ने 3 लाख रुपए नकद और खाते में लिए।

**▶▶ बीएसए कार्यालय से दिलाया नियुक्ति पत्र, दो माह कराया सर्वे का काम**

वहीं, मयंक की नियुक्ति सचिवालय में कराने के नाम पर 13.50 लाख रुपए आरोपी ने लिए थे।

अर्चना ने बताया कि रुपए लेने के बाद शुभम ने एक कॉल पर बात कराई। फिर उसे लखनऊ बीएसए ऑफिस के कमरा नम्बर 14 में बाबू अभिषेक से मिलने को कहा। वह वहां पहुंची तो बाबू ने उसे नियुक्ति पत्र दिया। अर्चना के घर पर ज्वाइनिंग किट भी भेजी गई। जिसमें आईडी कार्ड, फोन और कुछ अन्य सामान था। बाबू अभिषेक के कहने पर ही कम्प्यूटर सेक्शन में संदीप से मुलाकात हुई थी। वहां उसे सरकारी, गैर सरकारी स्कूल और मदरसों की एक लिस्ट दी गई। अर्चना ने बताया कि शुभम ने राहुल का नंबर देकर काम समझने के लिए कहा। साथ ही सर्वेश पांडेय का भी नंबर दिया।

संपर्क करने पर सर्वेश ने एनसीईआरटी अधिकारी बनकर कहा कि चार साल के लिए नियुक्ति हुई है। इसी दौरान मनीष और शुभम ने अर्चना के भाई की नियुक्ति सचिवालय में कराने के एवज में 13.50 लाख रुपए भी लिए। पीड़िता ने बताया कि करीब एक माह तक काम करने के बाद भी उसे वेतन नहीं मिला। फोन करने पर शुभम ने कहा कि संविदा कर्मियों की सैलरी 45 दिनों में आती है। इसके बाद भी वेतन नहीं आया।

वहीं, अर्चना के भाई मयंक की नियुक्ति भी नहीं होने पर शुभम से रुपए वापस मांगे। जिस पर आरोपी ने गोली मारने की धमकी दी। पीड़िता ने तालकटोरा थाने में शिकायत की। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### दो लोगों के खातों से उड़ाए 2.35 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाजों ने दो युवकों के खातों से 2.35 लाख रुपए उड़ा लिए। ठगी के यह मामले विभूतिखंड और अलीगंज के हैं। पुलिस दोनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। मधुबन विहार कालोनी निवासी प्रमोद प्रजापति का बचत खाता यस बैंक में है। उन्होंने बताया कि 8 जून से 31 जुलाई के बीच साइबर जालसाजों ने खाते से सात बार में 1.85 लाख रुपए गायब कर दिए। वहीं, महानगर स्थित महावीर जी का पुरवा निवासी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पहले व्हाट्सएप पर एक इंवेस्टमेंट प्लान के संबंध में मैसेज आया। संपर्क करने पर जालसाज ने निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देते हुए 50,163 रुपए ठग लिए। सुरेश ने अलीगंज थाने में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है।



मनमानी

हजरतगंज और विधान भवन के आस-पास के मार्गों पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित है। मंगलवार को अटल चौराहे पर नियम विरुद्ध ई-रिक्शा पर बल्लियां लादकर ले जाता चालक।

# महिला कर्मी ने किया 5.45 लाख का गबन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मेडिकल और आईआईटी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले संस्थान आकाश एजुकेशनल ने बर्खास्त कर्मचारी के खिलाफ 5.45 लाख गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि छात्र सहायता और प्रवेश अधिकारी के पद पर नियुक्ति कर्मचारी ने 19 छात्रों की फीस नकद और अपने खाते में लेकर हड़प ली। डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी के निर्देश पर हजरतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सहायक शाखा प्रबंधक सुप्रिया चौहान ने बताया कि आकाश एजुकेशनल सर्विसेज

**▶▶ 19 छात्रों की फीस हड़पी डीसीपी के निर्देश पर हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज**

का कॉरपोरेट ऑफिस नई दिल्ली में है। संस्थान की एक शाखा शाहनजफ रोड पर है। उक्त कोचिंग संस्थान में मेडिकल, एनईईटी और आईआईटी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। संस्थान ने 23 सितंबर 2021 को ठाकुरगंज के बालागंज एकता नगर निवासी अंजू तिवारी को छात्र सहायता और प्रवेश अधिकारी के पद पर नियुक्त किया था। कुछ अनियमितता मिलने पर संस्थान ने जांच कराई तो पता चला कि आरोपी अंजू ने 19 छात्रों की फीस 5,45,222 रुपए नकद और अपने खाते में ली। लेकिन उसे संस्थान के खाते में जमा नहीं की।

### कर दिया था बर्खास्त

अंजू की करतूत सामने आने पर संस्थान ने नोटिस जारी किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके चलते अंजू को 31 अक्टूबर 2022 को बर्खास्त कर दिया गया। सुप्रिया चौहान का आरोप है कि आशंका है कि गबन की राशि और अधिक हो सकती है। उनका कहना है कि मामले में 20 दिसंबर 2023 को हजरतगंज कोतवाली में शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सुप्रिया चौहान ने बीते सोमवार को डीसीपी सेंट्रल से मुलाकात कर शिकायत की। निर्देश पर अंजू तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### लाखों का माल चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** कृष्णा नगर विजयनगर निवासी शशि अरोड़ा ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि बाराबंकी के एसआर ट्रेडर्स के लिए नादरगंज स्थित उनकी कंपनी गुरु नानक स्टील एंड लाइट से रात में व्यापारी द्वारा भेजी गई ट्रक में 10 टन माल ले जाना था। जिसमें कंपनी के राम बहादुर गुप्ता, ड्राइवर फौजदार सिंह और कांटा करने वाले श्रीनिवास रावत ने धोखाधड़ी कर ट्रक में लादे गए माल को कम दिखा दिया। शक होने पर अगले दिन सुबह जब दूसरे ड्राइवर से दोबारा उसका कांटा कराया गया तो पहले की पर्ची के मुताबिक दूसरी कॉंटा पर्ची में 2280 किलो वजन ज्यादा निकला। आरोप है कि डीएसआरएम धर्म कांटा पर हुई तौल में तीनों की मिली भगत से माल चोरी किया गया और इसके बाद से तीनों आरोपी फरार हैं।

### दीवार निर्माण के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा के ऐन गांव में दीवार निर्माण के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ऐन गांव निवासी अखिलेश का कहना है कि विमलेश और पिंटू उनकी दीवार से जगह छोड़कर नियम विरुद्ध निर्माण करा रहे थे। मना करने पर विमलेश, पिंटू, संगीता व रुचि वहां पर आ गए और गाली गलौज के साथ हाथापाई करने लगे। शोर होने पर बेटा आदित्य और बहू कोमल उसे बचाने पहुंचे तो मारपीट की। मारपीट में अखिलेश, आदित्य और कोमल को चोटें आई हैं। वहीं, विमलेश कुमार का कहना है कि वह अपनी दीवार सीधी करते हुए निर्माण करा रहा था। तभी सगे भाई अखिलेश कुमार, रानू और कोमल ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। तभी विमलेश की पत्नी संगीता और संदीप आ गए। विरोध करने पर आरोपियों ने सभी को मारा पीटा। जिससे संगीता और संदीप को गंभीर चोट आई है।

### फायर फ्लाई बार में बाउंसरों ने तीन को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** विवादों के लिए चर्चित समिट बिल्डिंग के फायर फ्लाई बार में दोस्तों के साथ आए युवक को बार बाउंसरों ने बेरहमी से पीटा। बीच बचाव में दो दोस्तों को भी मारा। त्रिवेणीनगर द्वितीय स्थित कंचनपुरम इलाके में दीपू जायसवाल परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि चार अक्टूबर की रात करीब 10 बजे समिट बिल्डिंग स्थित फायर फ्लाई बार दोस्त मयंक और यश के साथ गए थे। रात करीब 12 :45 बजे वापस निकलते वक्त बाउंसरों ने उनसे गाली-गलौज करते हुए जाने को कहा। गाली देने का विरोध करने पर दीपू को उसके साथियों को बाउंसर घसीट कर गेट नम्बर एक के पास ले गए और फिर तीनों को जमकर पीटा गया। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बार में पूछताछ करने पर पता चला कि युवक बार बंद होने के बाद भी जाने को तैयार नहीं हुए थे। जिसे लेकर विवाद हुआ।

### बंगाल टेंट हाउस का मालिक भेजा गया जेल

**अमृत विचार , लखनऊ :** आलमबाग पुलिस ने मंगलवार को विधान भवन के सामने मुन्ना विश्वकर्मा के आत्मदाह के मामले में बंगाल टेंट हाउस के मालिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके खिलाफ मुन्ना के भांजे ने सोमवार देर रात को आत्मदाह के लिए उकसाने और धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर शिवशंकर महादेवन के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी रंजीत चक्रवर्ती ब्लंट स्क्वायर मवैया का रहने वाला है। बिजली का काम करने वाले सआदतगंज पुराना चबूतरा निवासी विमल किशोर उर्फ मुन्ना विश्वकर्मा ने उसकी प्रताड़ना से तंग आकर सोमवार दोपहर तीन बजे के करीब विधान भवन के सामने शरीर पर पेट्रोल उड़ेलकर खुद को आग ली थी।

### मिनी काऊ सफारी कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी ब्लॉक अंतर्गत तेज किशन खेड़ा गांव में वृहद गोसंरक्षण केंद्र में पशुचिकित्सा अधिकारी काकोरी डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मिनी काऊ सफारी कार्यक्रम के तहत संस्था पूजा सहकारी श्रम संविदा एवं निर्माण लिमिटेड लखनऊ द्वारा एक मुहिम चलाई जा रही है। जिसको लेकर संस्था की संचालिका सचिव नीरज शर्मा ने मंगलवार को ख्वाजा गरीब नवाज पब्लिक स्कूल खपुरा मुस्लिम के स्कूली बच्चों द्वारा गाय माता की पूजा अर्चना करने के बाद गाकशाला में सैकड़ों गाकवंश को सैकड़ों बच्चों तथा टीचर के द्वारा पालक, लड्डू, केला सहित हरे चारे को गाय बछड़ों को खिलाया गया। कार्यक्रम में पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. कमल किशोर, फौजी तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या दिक्षा श्रीवास्तव, टीचर आर सी पाल, किरन पाल, अजय पाल, रामकुमार शर्मा, ज्योति पाल, पुष्पेन्द्र कुमार, अभिनव कुमार सहित गौशाला के कर्मचारी सचिन, सर्वेश, अभिनव, श्रवण, राहुल, राम बाबू सहित गांव के लोग उपस्थित रहें।



गोशाला में गायों को हरा चारा खिलाती छात्राएं व अन्य। अमृत विचार

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** काकोरी पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने मंगलवार को 25 हजार रुपये के इनामी लुटेरे विशाल उर्फ गोल्डी को गिरफ्तार कर लिया है। काकोरी पुलिस ने आरोपी गोल्डी, हारुन समेत सात के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। जिसमें आरोपी गोल्डी फरार चल रहा था।

उसके खिलाफ विभिन्न थानों में लूट, डकैती, गैंगेस्टर समेत 15 से अधिक मामले दर्ज हैं। इंस्पेक्टर काकोरी नवाब अहमद ने बताया कि गोल्डी मूल रूप से उन्नाव जिले के सफीपुर अली खेड़ा बाबर का रहने वाला है। यहां राजाजीपुरम में न्यू पारा कालोनी में रह रहा था। उसपर डीसीपी वेस्ट ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

# टोल बचाने के चक्कर में कार सवार ने किया हंगामा

संवाददाता, लखनऊ/निगोहां

**अमृत विचारः** पुरहिया गांव में सोमवार को टोल बचाने के चक्कर में फिल्मी अंदाज में कार निकाली। ग्रामीणों ने विरोध करते हुए घेरने का प्रयास किया तो कार में सवार युवकों ने असलहा और डंडे निकाल लिए। ग्रामीणों ने निगोहां पुलिस से शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

पुरहिया गांव के विष्णु गोपाल बाजपेई ने बताया कि उनके घर के सामने से लगातार सुदौली निवासी मोबीन कई दिनों से फर्राटा भरते हुए गाड़ी निकाल रहा था। वही, सोमवार

**▶▶ ग्रामीणों के विरोध में कार सवार युवकों ने लहराए असलहे**

एक बार फिर टोल टैक्स बचाने की नियत से उनके घर के सामने से मोबीन गाड़ी लेकर जाने लगा। कार में मोबीन व अन्य तीन लोग मौजूद थे। पीड़ित ने टोका तो डण्डा और असलहा निकालकर झगड़ने लगे। यह देख ग्रामीणों ने घेरकर पुलिस को सूचना दिया। इसपर मोबीन ने भगाने के लिए गाड़ी दौड़ायी तो लोगों ने किसी तरह जान बचायी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। वही, दूसरे पक्ष ने तहरीर दी है। बुधवार को दोनों पक्षों को एसीपी मोहनलालगंज कार्यालय में बुलाया गया है।

# प्रशासनिक अधिकारी को फोन पर धमकाया

**अमृत विचार, मोहनलालगंजः** सरदार पटेल इंस्टीट्यूट आफ आर्युवेदिक मेडिकल सांइसेज एण्ड रिसर्च सेंटर के निष्कासित मैनेजर के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। प्रशासनिक अधिकारी पीयूष सिंह निवासी उन्नाव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि संस्थान के उप प्रधानाचार्य के घर जाकर मारपीट करने के मामले में मैनेजर रोहित सिंह को मार्च 2023 तत्काल प्रभाव से कालेज से निष्कासित कर दिया था। जिसके बाद से वह आए दिन संस्थान में कार्यरत फैकल्टी व कर्मचारियों को कॉलेज छोड़ने की धमकी देता है। फोन कर पूर्व मैनेजर द्वारा जान से मारने की धमकी दी गयी।

# शिक्षिका समेत तीन ने फंदे से लटक कर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** शिक्षिका समेत तीन ने फंदे से लटकर कर जान दे दी। नाका, कृष्णानगर और पारा पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नाका के राजेन्द्रनगर इलाके में मंगलवार को निजी स्कूल की शिक्षिका नेहा मित्तल ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। पिता उमाशंकर मित्तल ने बताया कि नवंबर में उनकी शादी होनी थी।

वहीं कृष्णानगर स्थित आजादनगर इलाके में राजकुमार की पत्नी ललिता (35) ने साड़ी का फंदा बना उससे लटकर आत्महत्या

**▶▶ नाका, कृष्णानगर और पारा थाना क्षेत्र से सामने आए मामले**

कर ली। बेटे योगेश ने बताया कि मां उसे घर के बाहर खेलने के लिए भेज दिया और यह आत्मघाती कदम उठा लिया

वहीं, मूल रूप से जिला बिहार सिवान ग्राम घुरघाट मठिया निवासी मनीष कुमार भारती (23) मां के साथ पारा के जलालपुर में रहकर मजदूरी करता था। मंगलवार सुबह मनीष ने घर के अंदर खिड़की में लगे लोहे के एंगल में गमछे से फंदा लगा लिया। मां ने बताया कि कुछ दिनों से मनीष अवसाद से ग्रस्त था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

# विदेशी नागरिक ने बीमा की राशि के लिए रची लूट की झूठी कहानी

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

**अमृत विचारः** सरोजनीनगर में ऑटो चालक ने विदेशी नागरिक से चाकू के बल पर जेवर, मोबाइल और रुपए लूट लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच की तो मामला फर्जी मिला। इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि लूटा गया सारा सामान उसके बैग में पाया गया। सारा सामान मिलने के बाद जब उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि बीमा राशि को लेकर उसने यह कहानी रची थी।

मलेशिया निवासी कनागरासाह थियांग रत्नम ने अपनी तहरीर में बताया था कि करीब 6 माह पहले

**▶▶ 3 अक्टूबर को फ्लाइट से आया था लखनऊ**

हुई मां की मौत हो गई थी। अस्थियां विसर्जन करने के वह 28 सितंबर को विमान से भारत आया। जहां जयपुर में उतरने के बाद वाराणसी पहुंचा। वाराणसी में अस्थियां विसर्जन की और उसके बाद 3 अक्टूबर को इंडिगो की फ्लाइट से लखनऊ पहुंचा। यहां सरोजनीनगर के बाग नंबर- 2, स्थित हॉलीडे इन होटल में ठहरा। वहां से दोपहर करीब 1 ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन आने के लिए एक ऑटो की। आरोप है कि इस दौरान ऑटो ड्राइवर उसे सुनसान जगह ले गया। जहां चाकू दिखाते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया

# दुष्कर्म के बाद सिर पर वारकर की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मानकनगर स्लीपर ग्राउंड कालोनी रेलवे कालोनी के सर्वेंट क्वार्टर में 40 वर्षीया महिला की दुष्कर्म के बाद सिर पर वारकर हत्या की गई थी। मंगलवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। इसके साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चेहरे और हाथ पर सिगरेट से दागे जाने के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने विसरा जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा है।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव पीड़ित परिजन के सुपुर्द कर दिया। वारदात से आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोगों ने

**▶▶ पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चेहरे व हाथ पर सिगरेट से दागने के निशान**

**▶▶ आरोपी की तलाश में छह जिलों में छापेमारी**

तेजीखेड़ा में पुराने बरगद पेड़ के पास शव रखकर जाम प्रदर्शन शुरू कर दिया।

नाराज लोगों ने ई-रिक्शा चालक रामू की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। परिजन ने रामू के साथ-साथ मोहल्ले में वाली महिला समेत आठ अन्य लोगों के हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया। कहा कि जब तक रामू समेत अन्य की गिरफ्तारी नहीं हो जायेगी, तब तक वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

मामला बढ़ता देख पारा और मानकनगर की पुलिस भी पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद नाराज परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इंस्पेक्टर मानकनगर बृजेश कुमार ने बताया कि महिला की बेटी की तहरीर पर रामू और कुछ अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

आरोपी रामू की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने रामू के पैतृक निवास रायबरेली में छापेमारी की, लेकिन सफलता नहीं मिली। करीबियों से पूछताछ में कुछ जानकारियां मिली हैं। उसके आधार पर पुलिस की पांच टीमें हरदोई, कानपुर, सीतापुर, लखीमपुर और उन्नाव में दबिश दे रही है।

**परिवार की एक और महिला करती थी रामू से फोन पर बातें:** पुलिस ने सर्विलांस की मदद ली। सीडीआर खंगाली तो महत्वपूर्ण जानकारी मिली। जांच में पता चला कि रामू से सिर्फ वही महिला (मृतका) ही नहीं, बल्कि उसके परिवार की एक और महिला भी फोन पर बातें करती थी। दोनों की एक ही फोन से रामू से बातचीत होती थी। पुलिस यह पता करने में जुटी है कि रामू से दोनों की बात क्यों होती थी। पुलिस जल्द ही परिवार की उस महिला से पूछताछ करने की तैयारी में है। वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 27 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** 27 और 28 अक्टूबर को शहर में जिला स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की जायेगी। यह जानकारी प्रेस वार्ता में आयोजन सचिव सत्येंद्र सिंह ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में अंडर-14, 16, 18 और 20 आयु वर्ग में मुकाबले होंगे। बालक और बालिका दोनों वर्ग में आयोजित होने वाली इस चैंपियनिशप में प्रदर्शन के आधार पर स्टेट चैंपियनशिप के लिए लखनऊ की टीम गठित की जायेगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सचिव डॉ. देवेश दुबे और उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शुक्ला मौजूद रहे। लखनऊ एथलेटिक्स संघ के विवाद को लेकर डॉ. देवेश सिंह ने बताया कि लखनऊ एथलेटिक्स एसोसिएशन की अध्यक्ष आरपी पाण्डेय और सचिव सत्येंद्र सिंह हैं।

### हैंडबाल एसोसिएशन में तरन्नुम बनीं संयुक्त सचिव



**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी यूनिवर्सिटी में स्पोर्ट्स ऑफीसर के रूप में कार्यरत तरन्नुम रफीक को यूपी हैंडबॉल एसोसिएशन में संयुक्त सचिव बनाया गया है। यह जानकारी एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडेय ने दी।

### अन्नपूर्णा और निशा को मिला पहला स्थान

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक स्टेडियम में सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालिका वर्ग के 17 वर्ष कम आयु वर्ग में लैप रोड इन लाइन स्पर्धा में सनबीम स्कूल की अन्नपूर्णा और लहरतारा वाराणसी की छात्रा निशा केशरी ने प्रथम स्थान हासिल किया। नोट्रे डैम अकादमी पाटलीपुत्र पटना बिहार की असमी भारती ने दूसरा और जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल रामनगर देवरिया रोड गोरखपुर की अनुष्का गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयोग उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने विजेताओं को पदक प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

### एलएसीए ने ग्वालियर को दी शिकस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसजीपीजीआई ग्राउंड पर मैन ऑफ द मैच कुनाल यादव की बदौलत एलएसीए एचसी (लखनऊ एडवोकेट्स क्रिकेट एसोसिएशन, हाईकोर्ट) ने लीग मैच में ग्वालियर हाईकोर्ट को तीन विकेट से हरा दिया। 36वीं ऑल इंडिया एडवोकेट्स क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गये मुकाबले में ग्वालियर ने पहले बल्लेबाजी की और सभी विकेट खोकर 184 रन बनाये। मानवेंद्र सिंह ने 59 और शंकर ने 51 रनों की पारी खेली। एलएसीए की ओर से कुनाल और प्रदीप तिवारी ने तीन-तीन, और वरुण पी सिंह ने दो विकेट चटकाये।



हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा के पास महाकुम्भ अभिनंदन रोड शो में नृत्य करते कलाकार।



महाकुम्भ अभिनंदन रोड शो के दौरान कला का प्रदर्शन करते कलाकार। अमृत विचार



पीले परिधान में शामिल युवतियां रहीं आकर्षण का केंद्र। अमृत विचार

# कुम्भ के स्वागत में मरीन ड्राइव पर जुटे कलाकार, निकाली शोभायात्रा

## संस्कृति विभाग ने मरीन ड्राइव पर लगाई चित्र प्रदर्शनी



हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा के पास महाकुम्भ अभिनंदन रोड शो को झंडी दिखाकर रवाना करते मंत्री सुरेश खन्ना। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**आयोजन**

**अमृत विचार :** प्रयागराज में वर्ष 2025 में होने वाले कुम्भ के मद्देनजर मंगलवार को संस्कृति विभाग की ओर लखनऊ में जीपीओ से गोमतीनगर तक शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में मणिपुरी वेशभूषा में कलाकार नाचते-गाते 1090 चौराहा स्थित मरीन ड्राइव तक आये। मरीन ड्राइव पर उत्सव जैसा माहौल नजर आया।

संस्कृति विभाग ने मरीन ड्राइव पर चित्र प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में पिछले 100 वर्षों के कुम्भ की तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं। फूलों से सजे रथों के साथ निकली शोभायात्रा जब मरीन ड्राइव पहुंची तो उसका स्वागत करने के लिए प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह तथा प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम मौजूद थे।

मरीन ड्राइव पर कुम्भ के सम्बन्ध में आयोजित कार्यक्रम में राज्य संग्रहालय की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन, संगीत नाटक अकादमी के निदेशक शोभित कुमार नाहर, राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला और कबीर अकादमी के सलाहकार आशुतोष द्विवेदी भी मौजूद रहे। मरीन ड्राइव पर बुधवार की शाम को भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप। अमृत विचार

## सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर- 9 की मेजबानी में सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 दूसरे दिन भी आयोजित की गई। चौक स्टेडियम में सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस में अंडर 17 गर्ल्स वन लैप रोड इन लाइन में सनबीम स्कूल अन्नपूर्णा लहरतारा वाराणसी उत्तर प्रदेश की छात्रा के निशा केशरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नोट्रे डैम अकादमी पाटलीपुत्र पटना बिहार की असमी भारती ने द्वितीय स्थान और जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल रामनगर देवरिया रोड गोरखपुर की अनुष्का गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त दिल्ली पब्लिक स्कूल लोधीपुर शाहपुर पटना बिहार की आलिया जाहरा ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयोग उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने विजेताओं को पदक प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

# डांडिया और गरबा नृत्य का आयोजन



एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज में डांडिया नृत्य प्रस्तुत करतीं शिक्षिकाओं के साथ छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज के अतुल प्रसाद सेन सांस्कृतिक क्लब द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तीसरे और अंतिम दिन डांडिया और गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा पारंपरिक पोशाकों में गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया।

छात्रा कोमल ने रंगीलो म्हारो ढोलना, बबिता रावत ने ढोली तारो ढोल बाजे, महिमा ने पानी छलके और रागिनी ने नैनों वाले ने गीत पर रंगारंग प्रस्तुति दी। समापन में महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। क्लब की सदस्य, सभी शिक्षिकाओं और लगभग 150 छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। डॉ कीर्ति गौड़ ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### वरदान इंटरनेशनल में डांडिया की धूम

**अमृत विचार, लखनऊ :** वरदान इंटरनेशनल एकेडमी गीतापुरी गोमती नगर में शनिवार की शाम को डांडिया नाइट उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव में सीबीएसई विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, छात्राओं ने डांडिया नृत्य का भरपूर आनंद लिया। डीजे के साथ-साथ कई प्रकार के फूड-स्टॉल और रंगारंग कार्यक्रम, लकी- ड्रॉ का आयोजन किया गया।

## इंडिया एक्सीलेंस व देवी दुर्गा शक्ति सम्मान से सम्मानित हुईं विभूतियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** पल्लव चेरिटेबल वेलफेयर सोसायटी ने अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में इंडिया एक्सीलेंस अवार्डस 2024, और नौ देवी दुर्गा शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने विभूतियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया।

संस्था की अध्यक्ष गीतांजलि सिंह ने बताया कि चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक कार्य, व्यापार जगत, कला संस्कृति, रियल स्टेट, संगीत, नृत्य, फैशन, मेकअप और फिल्मी जगत की उत्कृष्ट विभूतियों को सम्मानित किया गया। पल्लव चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी के महासचिव सुनील रॉकी ने बताया कि समिति द्वारा लखनऊ में यह तीसरा सम्मान समारोह है।

## सार-संक्षेप

### माता के विभिन्न स्वरूप के दर्शन करने से पूरी होती है मनोकामना



**अमृत विचार, लखनऊ :** माता सन्दोहन देवी मंदिर चौपटियां क्षेत्र में स्थित है। मां सन्दोहन देवी भक्तों को साल के दोनों नवरात्र के पश्चात पड़ने वाली एकादशी के दिन संपूर्ण श्रृंगार में अपने श्री चरणों के भव्य दर्शन देती हैं। मंदिर के पुजारी बताते है कि जो भक्त नौ दिन माता के विभिन्न स्वरूपों में दर्शन करता है उसकी मनोकामना चरण दर्शन करने से पूर्ण होती है। मां संदोहन देवी मंदिर के मुख्य सेवादार अनूप वर्मा ने बताया कि 1300वीं शताब्दी में एक संत को नवरात्र में नौ दिनों तक मां ने सपने में दर्शन दिए और पिंडी प्रतिमा तालाब से निकालने का आदेश दिया। एकादशी के दिन मां की पिंडी की स्थापना की गई। किंतु अगले दिन सुबह जब दर्शन के लिए सब आए तो उसी स्थान पर पिंडी लेटी हुई मिली। इसके बाद मां की इच्छानुसार पिंडी लेटी हुई मुद्रा में स्थापित कर दी गईं। नवरात्र के पहले दिन मां शेर पर सवार रहती हैं। दूसरे दिन मां कमल आसन पर विराजमान रहती हैं। तीसरे दिन मयूर पर, चौथे दिन गरुण पर वैष्णवी के रूप में मां दर्शन देती हैं। पांचवे दिन इंद्राणी के रूप में ऐरावत पर, छठे दिन अर्धनारीश्वर के रूप में बैल पर व सातवें दिन महिषासुर का वध करते हुए शेर सवार रहती हैं। अष्टमी और नवमी के दिन मां सिंघासन पर विराजमान रहती हैं। दसवें दिन मां मगरमच्छ पर सवार रहती हैं।

### महाअष्टमी, महानवमी और कन्या पूजन 11 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवरात्र की अष्टमी तिथि व नवमी तिथि के दिन कन्या पूजन का विधान है। इस बार एक ही दिन महाअष्टमी और महानवमी की तिथि पड़ रही है। इस दिन माता दुर्गा के आठवें रूप मां महागौरी व नवमी के दिन सिद्धिदात्री की पूजा होगी। अष्टमी-नवमी तिथि के दोनों दिन कन्या पूजन करने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि जो लोग अष्टमी और नवमी तिथि के दिन कन्या पूजन और हवन करते हैं उन्हें नवरात्रि व्रत का संपूर्ण फल की प्राप्ति हो जाता है। स्वास्तिक ज्योतिष केन्द्र के ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि काशी के ऋषिकेश एवं महावीर पंचांग के अनुसार अश्विन शुक्ल अष्टमी तिथि 10 अक्टूबर गुरुवार को सुबह 7:29 पर लगेगी और 11 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 6:52 पर समाप्त हो जायेगी। नवमी तिथि 11 अक्टूबर को प्रात: 6:52 से शुरू होगी और 12 अक्टूबर प्रात: 5:47 पर समाप्त होगी। इस प्रकार नवमी तिथि का क्षय हो रहा है। (जब कोई तिथि सूर्योदय के बाद शुरू होकर अगले दिन सूर्योदय से पहले खत्म हो जाए, तो इसे तिथि क्षय कहते हैं)। ऐसे में दुर्गा महाअष्टमी और महा नवमी 11 अक्टूबर को होगी। महानवमी व्रत का पारण 12 अक्टूबर को सुबह होगा।

### गोमतीनगर में पहली बार रामलीला के मंचन की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्वतीय महापरिषद की रामलीला समिति पहली बार राजधानी के गोमतीनगर में रामलीला कराने जा रही है। 17 से 19 अक्टूबर के बीच होने वाली इस तीन दिवसीय रामलीला में संगीत देने के लिए उत्तराखंड से संगीतकार आ रहे हैं। समिति के मुख्य संरक्षक ठाकुर सिंह मनराल ने बताया कि इस लीला में मुख्य आकर्षण राम की भूमिका में नेहा सिंह और लक्ष्मण की भूमिका निक्की सिंह निभाएंगी। यह दोनों आपस में सगी बहनें हैं। दशरथ का पात्र हरीश कांडपाल, कैकई का पात्र चित्रा कांडपाल निभाएंगे। यह आपस में पति पत्नी हैं। रावण (पुष्कर सिंह नयाल), परशुराम (गोविंद बोरा), जनक (नरेंद्र सिंह फर्त्याल), सीता (विधि जोशी), मेघनाथ (तारा कांडपाल), कुंभकरण (शंकर पांडेय), कौशल्या (दमयंती नेगी), ताड़का (ख्याल सिंह कदाकोटी) और वारासुर का किरदार कमल नेगी निभाएंगे। रामलीला समिति के महासचिव रमेश उपाध्याय ने बताया की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। समिति के संरक्षक डॉ. रमेश चंद्र पंत और आनंद सिंह कपकोटी लगातार पात्रों को निखारने में दिन रात मेहनत कर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष गोविंद बोरा ने बताया कि रामलीला का आयोजन पर्वतीय महापरिषद भवन गोमती नगर में किया जाएगा। मीडिया प्रभारी हेमंत सिंह गडिया ने बताया की सही मायने में पर्वतीय रामलीला शैली का मंचन दर्शकों को गोमतीनगर में देखने को मिलेगा।

### राम जन्म के उत्सव में डूब गई रामलीला

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीतापुर रोड योजना के सेक्टर ए स्थित कालोनी में आयोजित 5 दिवसीय रामलीला के पहले दिन राम जन्म, ताड़का वध, धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया। रामलीला की शुरुआत राजा दशरथ और गुरु वशिष्ठ के बीच चर्चा से शुरू होती है। दशरथ दुखी हैं कि उनके कोई पुत्र नहीं है। उनके बाद कौन राजपाट संभालेगा, यह चिंता उन्हें परेशान किये है। गुरु वशिष्ठ सलाह देते हैं कि पुत्रेष्टि यज्ञ संविधान करो, पाओगे चार पुत्र राजन, भगवान विष्णु का ध्यान करो। यज्ञ पूर्ण होने पर अग्निदेव प्रसन्न होकर राजा दशरथ को प्रसाद का एक पात्र देते हैं। राजा वह प्रसाद तीनों रानियों में बांट देते हैं और निश्चित समय के बाद राजा को चार पुत्रों की प्राप्ति होती है। क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा ने गणेश की वन्दना व आरती से रामलीला की शुरुआत की। जिसके बाद बालिकाओं ने गणेश वंदना पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### सीता हरण के बाद राम का विलाप दर्शकों को भावुक कर गया

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेक्टर सी महानगर स्थित रामलीला मैदान में रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला में मंगलवार को राम के राज्याभिषेक की घोषणा से रामलीला की शुरुआत हुई। मंथरा ने इस घोषणा के होते ही कैकेई को भड़काया। कैकेई भी उसकी चाल में फंस गई। मंथरा कैकेई संवाद, दशरथ कैकई संवाद के बाद राम-सीता और लक्ष्मण का वन गमन, केवट प्रसंग और राम के वन जाने के वियोग में दशरथ के निधन की लीला का मंचन किया गया। रेलवे रामलीला दशहरा कमेटी ने आलमबाग के वेजीटेबुल ग्राउंड में सीता की खोज, राम सुग्रीव मित्रता, बाली वध, अशोक वाटिका में सीता की हनुमान से मुलाक़ात और रावण हनुमान संवाद की लीला का मंचन किया गया। राम की खोज में लक्ष्मण जंगल की ओर जाते हैं, राम से मिलने के बाद वह बताते हैं कि बार-बार समझाने पर भी सीता जी के न मानने पर आपको ढूंढने जंगल में आना पड़ा। दोनों भाई वापस कुटिया की ओर जाते हैं लेकिन सीता हरण हो चुका है। सीता को कुटिया में न पाकर राम का विलाप और सीता को खोजने का जतन देखने को मिला। हनुमान से मुलाक़ात और राम लक्ष्मण की सुग्रीव से किष्किंधा पर्वत पर मुलाक़ात का दृश्य भी दर्शनीय रहा।

# लखनऊ में चौके-छक्के लगायेंगे सचिन और ब्रायन लारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के छह मुकाबले खेले जायेंगे

**अमृत विचार :** सचिन तेंदुलकर (भारत) और ब्रायन लारा (वेस्टइंडीज) जैसे दिग्गज खिलाड़ी लखनऊ में चौके-छक्के लगाते नजर आयेंगे। मौका होगा प्रथम इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट का। 17 नवंबर से शुरू हो रही इस प्रतियोगिता में छह देश की टीमें हिस्सा लेंगी। डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई में पहले चरण का आयोजन होगा। उसके बाद के मुकाबले लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम और रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होंगे। 8 दिसंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा। इस मुकाबले में मेजबान भारत, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के दिग्गज टीमें शामिल होंगी। 20-20 ओवर के होने वाले इन मुकाबलों में कई दिग्गज खिलाड़ी जलवा बिखेरते नजर आयेंगे। इस लीग के चार मुकाबले में मुंबई, छह लखनऊ और फाइनल सहित आठ मुकाबले रायपुर में खेले जायेंगे। इकाना स्टेडियम प्रबंधन के अनुसार मुकाबले खेले जाने प्रस्तावित हैं।

**टीम और कप्तान**

भारत- सचिन तेंदुलकर
वेस्टइंडीज - ब्रायन लारा
श्रीलंका - कुमार संगकारा
ऑस्ट्रेलिया - शेन वॉटसन
इंग्लैंड - इयोन मॉर्गन
दक्षिण अफ्रीका - जैक्स कैलिस

**लखनऊ में होने वाले मुकाबले**

| | |
|---|---|
| 21 नवंबर | भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका |
| 23 नवंबर | दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड |
| 24 नवंबर | भारत बनाम आस्ट्रेलिया |
| 25 नवंबर | वेस्टइंडीज बनाम श्रीलंका |
| 26 नवंबर | इंग्लैंड बनाम आस्ट्रेलिया |
| 27 नवंबर | वेस्टइंडीज बनाम दक्षिण अफ्रीका |



सचिन तेंदुलकर



ब्रायन लारा

## सीआईएसएफ को हराकर एयरफोर्स ने भरी उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू हॉकी प्रतियोगिता
- बराबरी पर छूटा कैग और बीपीसीएल का मुकाबला

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू हॉकी प्रतियोगिता में एयरफोर्स ने सीआईएसएफ को 5-1 से शिकस्त देकर ऊंची उड़ान भरी। इसके बाद कैग और बीपीसीएल के मध्य खेला गया मुकाबला 3-3 की बरारबी पर छूटा।

गोमती नगर स्थित पदमश्री मो. शाहिद स्टेडियम में खेले गए पहले मुकाबले में एयरफोर्स का सामना सीआईएसएफ से हुआ। मैच में पहली सफलता सीआईएसएफ को मिली। सातवें मिनट में संदीप कुमार ने मैदानी गोल किया और टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद एयरफोर्स की टीम ने सीआईएसएफ को कोई मौका नहीं दिया और एक के बाद एक ताबड़तोड़ पांच गोल किये। 21 वें मिनट एयरफोर्स को पेनाल्टी कार्नर का मौका मिला जिसे लवदीप सिंह ने गोल में बदला और हिसाब 1-1 से बराबर कर लिया। छह मिनट बाद एयरफोर्स के प्रदीप ने मैदानी गोल किया। इसके बाद एयरफोर्स ने सीआईएसएफ पर दबाव बना लिया। एयरफोर्स की ओर से सुखदेव सिंह ने 46वें, लवदीप सिंह 53वें और एमबी चिनप्पा ने 56वें मिनट में गोल किये और टीम को 5-1 से जीत दिलाई।

# रणजी टीम : आर्यन जुयाल को मिली प्रदेश की कमान

## यूपी रणजी टीम में लखनऊ के तीन खिलाड़ी शामिल, ईरानी ट्रॉफी के बाद इकाना में अब होंगे रणजी के मुकाबले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 11 अक्टूबर से शुरू होगा यूपी और पश्चिम बंगाल के बीच मुकाबला



आर्यन जुयाल



अक्शदीप नाथ



कृतज्ञ सिंह



विप्रज निगम

**लखनऊ में होने वाले मुकाबले**

उत्तर प्रदेश बनाम बंगाल : 11 अक्तूबर से इकाना स्टेडियम, उत्तर प्रदेश बनाम हरियाणा : 18 अक्तूबर से डा. अखिलेश दास स्टेडियम, उत्तर प्रदेश बनाम कर्नाटक : 13 नवम्बर से इकाना स्टेडियम

**अमृत विचार :** रणजी ट्रॉफी के मुकाबले 11 अक्टूबर से शुरू होंगे। उत्तर प्रदेश की टीम पश्चिम बंगाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत इकाना स्टेडियम में करेगी। पश्चिम बंगाल की टीम लखनऊ पहुंच चुकी है। वह बुधवार को इकाना में अभ्यास करेगी। उत्तर प्रदेश लीग में ग्रुप के अपने सात में से तीन मुकाबले अपने घर में खेलेगा। ये तीनों मुकाबले लखनऊ में होंगे। दो मुकाबले तो इकाना स्टेडियम में खेले जाएंगे और एक मुकाबला डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम में खेला जाएगा। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम में नौ साल बाद रणजी ट्रॉफी का कोई मुकाबला होगा। इस स्टेडियम में साल 2014-15 में रणजी ट्रॉफी का आखिरी मुकाबला खेला गया था। यह उत्तर प्रदेश और बड़ोदरा के बीच हुआ था।

रणजी मुकाबले के लिए उत्तर प्रदेश टीम मंगलवार को घोषित कर दी गई है। विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन जुयाल का टीम की कमान सौंपी गई है। लखनऊ के तीन क्रिकेटर 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे। अनुभवी बल्लेबाज अक्शदीप नाथ के अलावा हरफनमौला कृतज्ञ सिंह और गत वर्ष सीके नायडू ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले विप्रज निगम को टीम में शामिल किया गया है। हाल ही में हुई यूपी टी-20 लीग में सबसे अधिक विकेट लेने वाले स्पिनर जीशान अंसारी को मौका नहीं मिला है। वहीं लीग में रनों का अंबार लगाने वाले समीर रिजवी को भी यूपी रणजी टीम में जगह नहीं मिली है।

बताते चलें कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की देखरेख में पिछले एक सप्ताह से इकाना स्टेडियम में 40 खिलाड़ियों का कैंप संचालित किया जा रहा था। इसमें प्रदर्शन के आधार 15 सदस्यीय यूपी टीम का चयन किया गया। यूपीसीए के सीईओ अंकित चटर्जी के अनुसार पश्चिम बंगाल के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। बुधवार सुबह 10 बजे से यूपी और पश्चिम बंगाल की टीमें इकाना स्टेडियम में अभ्यास करेंगी।

**टीम में शामिल खिलाड़ी**

आर्यन जुयाल (कप्तान और विकेटकीपर), स्वास्तिक चिकारा, प्रियम गर्ग, अक्शदीप नाथ, नितिश राणा, सौरभ कुमार, अंकित राजपूत, आकिब खान, विप्रज निगम, यश दयाल, शिवम शर्मा, सिद्धार्थ यादव, माधव कौशिक, विजय कुमार, आदित्य शर्मा (विकेटकीपर), कृतज्ञ कुमार सिंह।

स्टैंडबाई-अटल बिहारी राय, प्रिंस यादव, अभिषेक गोस्वामी, विनीत पंवार, वैभव चौधरी, कार्तिकेय जायसवाल

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### मृत गोवंशों को नोच रहे कुत्ते, वीडियो वायरल

**अमृत विचार, नगराम :** गोवंशों की देखभाल के लिए बनाई गई गौशालाओं के हाल काफी खराब है, देखरेख के अभाव में गौशालाओं में गोवंशों के मरने का सिलसिला लगातार जारी है,मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक मृत गोवंश को कुत्ते और कौवे नोच रहे थे यह वीडियो सलेमपुर अचका गौशाला केंद्र से जुड़ा बताया जा रहा है। गौशाला कर्मचारियों ने गोवशो के शव दफनाने की बजाए गौशाला से महेज कुछ दूरी पर ही फेंक दिया।

### बीएसएनएल ग्राहक सेवा केन्द्र का हुआ उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीएसएनएल के कैसरबाग कार्यालय में मंगलवार को ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन यूपी ईस्ट के सीजीएम एके मिश्र ने किया। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल ने मोबाइल 4जी, ब्रॉडबैंड, फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी सेवाओं से उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया है। जुलाई से मोबाइल 4जी नेटवर्क विस्तार के फलस्वरूप बीएसएनएल की तरफ ग्राहकों का रुझान बढ़ा है। उन्होंने बताया कि इस ग्राहक सेवा केन्द्र में बीएसएनएल की सभी सेवाओं मोबाइल, लैंडलाइन और एफटीटीएच के संबंध में ग्राहकों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। यह ग्राहक सेवा केंद्र एकल खिड़की अवधारणा पर कार्य करेगा। पीजीएम राजेश कुमार, अतुल शर्मा, जफर इकबाल और नीतीश सिन्हा सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### एक वर्ष पुरानी हल्दी सील जांच के लिए भेजा नमूना

**अमृत विचार, लखनऊ :** त्योहार के सीजन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। चंद्र कोल्ड स्टोरेज ऐशबाग से एक वर्ष पुरानी 798 किलोग्राम हल्दी को सील किया गया। खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापे मारकर खाद्य सामग्री की जांच की। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय विजय प्रताप सिंह ने बताया कि चंद्र कोल्ड स्टोरेज में एक वर्ष पुराने हल्दी के 20 बोरे मिले। बोरों पर रंग भी लगा था। रंग ऐसा हो सकता है जो खाने योग्य न हो। संदेह के आधार पर 798 किलोग्राम हल्दी को सील किया गया। इसकी कीमत 1 लाख 11 हजार 720 रुपये है। इसके अलावा बेस, वनस्पति, रिफाइंड पामोलिन ऑयल, किशमिस, साबूदाना आदि के सैंपल लिए गए। टीम ने कुल 7 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।

# व्यापारियों को भयभीत करने का प्रयास न करें

## कैंपवेल रोड व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह में बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** कैंपवेल रोड व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि योगी सरकार में व्यापारी पूर्णतः सुरक्षित और भय मुक्त है। उसको अधिकारी किसी भी प्रकार से भयभीत करने का प्रयास न करें। ना ही जीएसटी के संदर्भ में और ना ही किसी भी विभाग द्वारा उनके साथ अपराधी जैसा व्यवहार करके।

महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने बताया कि कैंपवेल रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय वर्मा, संरक्षक आंचल पुरी, सुरेश चन्द्र अग्रवाल, वरिष्ठ महामंत्री पवन वर्मा, महामंत्री अमित चौरसिया, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल मिश्रा, सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार त्रिवेदी, निधी सक्सेना, शिवम गुप्ता, प्रदीप कुमार शुक्ला,सगठन मंत्री अनुज गुप्ता, रितिष वर्मा, मीडिया प्रभारी पद पर आकाश कश्यप को शपथ दिलाई।

नगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, प्रदेश महिला अध्यक्षा अनीता जायसवाल, नगर वरिष्ठ महामंत्री राजीव कक्कड़, महामंत्री दीपेश गुप्ता,अनुज गौतम,सगठन मंत्री सुनीत साहू ने समस्त व्यापारियों को एकजुट रहने का आवाहन किया।



शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल।

# नारी को आरोग्य बनाने पर भी दें ध्यान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिए चल रहे मिशन शक्ति अभियान के पांचवे फ़ेज की शुरुआत हो गयी है। यह अभियान आगामी तीन महीनों के लिए मनाया जायेगा। हर बार की तरह इस बार भी महिलाओं के अधिकारों के साथ उनकी सेहत के बारें में भी उनको अवगत कराया जायेगा। महिलाओं और बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से अनेकों गतिविधियाँ आयोजित की जायेगीं। इन गतिविधियों के सफल सञ्चालन के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण व चिकित्सा शिक्षा प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने मंगलवार को पत्र जारी कर सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं। प्रमुख सचिव ने पत्र में बताया गया है कि एनपीसीडीसीएस के अंतर्गत 30 वर्ष से अधिक महिलाओं के लिए शुगर, बीपी, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर आदि की निशुल्क स्क्रीनिंग की जाएगी। किशोरी सुरक्षा योजना के अंतर्गत किशोरियों को निशुल्क सैनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराये जायेंगे।



कला मंडपम सभागार में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते अकरम खां और नीला सिन्हा।

# अकरम खां के तबले की थाप और नीला सिन्हा के गायन ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **पद्मभूषण बेगम अख्तर की याद में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम**

**अमृत विचार :** सुर सम्राज्ञी पद्मभूषण बेगम अख्तर की याद में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय ने कला मंडपम सभागार में दो दिवसीय कार्यक्रम याद-ए-बेगम अख्तर का आयोजन किया। उस्ताद अकरम खान का तबला वादन और नीला सिन्हा का शास्त्रीय गायन इस आयोजन में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, तबला वादक उस्ताद अकरम खान, शास्त्रीय गायिका नीला सिन्हा, डॉ. कमलेश दूबे, डॉ. सृष्टि माथुर और डॉ. मनोज मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को विधिवत शुरू कराया।

पहली पेशकश उस्ताद अकरम खान के तबला वादन की रही। तबले के अजराड़ा घराने की बंदिशों के अलावा उन्होंने लखनऊ और पंजाब घराने की बंदिशों में गत, टुकड़े और चक्कर दार पेश किया। हारमोनियम पर दिनकर द्विवेदी ने सांगत में उनका खूब साथ निभाया।

दूसरी पेशकश ठुमरी और दादरा थी। नीला सिन्हा ने राग पीलू में ताल दीपचंदी में कौन देश गये हो से कार्यक्रम की शुरुआत की। दादरा माज खमाज राग में :-कोई लिया करें पुकार पटदीप में लागे तोहे नैन को उन्होंने अच्छे अंदाज में पेश किया। उनके साथ तबले पर उस्ताद अकरम खान, हारमोनियम पर इलियास खान और सारंगी पर जीशान अब्बास ने संगत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा भारद्वाज ने किया।

# रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग में नए सत्र की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊः** रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेंनिंग सीतापुर रोड लखनऊ के विवेकानंद सभागार में लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष व संकायाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि प्रो. दिनेश कुमार, मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. अमिता बाजपेई ने बी.एड., एम.एड.के नवीन सत्र 2024-2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विगत वर्ष महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रिय शिक्षा नीति 2020 विषयक राष्ट्रिय संगोष्ठी की पत्रिका अध्यापक शिक्षा पर नई शिक्षा नीति 2020 का प्रभाव का अतिथियों के द्वारा लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. आरपी शुक्ल, संस्थान के प्राचार्य डॉ.आर.के.सिंह एवं डी.एल.एड्. के विभागाध्यक्ष रमेश कुमार पांडेय ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर संस्थान के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।




अतिथियों का स्वागत करते आयोजक।



## कार्यालय ग्राम पंचायत मैनुद्दीनपुर
## विकास खंड जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर

पत्रांक राज्य वित्त/15वित्त/एसवीएमजी/अल्पकालीन निविदा 2024–2025 दिनांक– 09–10–2024

**अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा0पं0–मैनुद्दीनपुर वि0 खंड–जलालपुर जनपद अंबेडकरनगर मे आरआरसी सेन्टर के निर्माण ,शोक पिट निर्माण कार्य , नाडेप निर्माण,ठेला गाड़ी हेतु आदि कार्य पर ईट प्रथम श्रेणी ,ईट की गिट्टी ,सीमेंट,मोरंग,बालू,सरिया व लोहे के उपकरण सामग्रियों के आपूर्ति धनराशि के सापेक्ष अल्पकालीन निविदा/टेंडर आमंत्रित की जाती है।इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 16/10/2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में सायं 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 17/10/2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान,सचिव के समक्ष प्रात:10 बजे खोली जाएगी।निविदा फर्म के पैड पर होनी चाहिए। जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।

नोटः–प्रतिबन्ध, नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है।

**राज कुमारी, ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत मैनुद्दीनपुर**
**विकासखंड जलालपुर**
**जनपद अम्बेडकर नगर**

**कामिता यादव, ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत मैनुद्दीनपुर**
**विकासखंड जलालपुर**
**जनपद अम्बेडकर नगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बलुआ बहादुरपुर
## विकास खंड जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर

पत्रांक राज्य वित्त/15वित्त/एसवीएमजी/अल्पकालीन निविदा 2024–2025 दिनांक– 09–10–2024

**अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा0पं0–बलुआ बहादुरपुर वि0खंड–जलालपुर जनपद अंबेडकरनगर मे आरआरसी सेन्टर के निर्माण ,शोक पिट निर्माण कार्य , नाडेप निर्माण,कूड़ा गाड़ी हेतु आदि कार्य पर ईट प्रथम श्रेणी ,ईट की गिट्टी ,सीमेंट,मोरंग,बालू,सरिया व लोहे के उपकरण सामग्रियों के आपूर्ति धनराशि के सापेक्ष अल्पकालीन निविदा/टेंडर आमंत्रित की जाती है।इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 16/10/2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में सायं 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 17/10/2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान,सचिव के समक्ष प्रात:10 बजे खोली जाएगी।निविदा फर्म के पैड पर होनी चाहिए। जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।

नोटः–प्रतिबन्ध, नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है।

**राम बिलास ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बलुआ बहादुरपुर**
**विकासखंड जलालपुर**
**जनपद अम्बेडकर नगर**

**कामिता यादव, ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत बलुआ बहादुरपुर**
**विकासखंड जलालपुर**
**जनपद अम्बेडकर नगर**




पुस्तक का विमोचन करते राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा और अन्य लोग।

# पुस्तक लिखना मुश्किल काम है : डॉ. दिनेश शर्मा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लेखिका व अभिनेत्री डॉ. अनीता सहगल वसुंधरा की कहानियों की पुस्तक नया सवेरा का लोकार्पण समारोह मंगलवार को गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने कहानी संग्रह का लोकार्पण किया। डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि मैंने भी 6 पुस्तकें लिखीं और मुझे पता है कि पुस्तक लिखना मुश्किल काम है। उन्होंने कहा कि लेखन मुश्किल काम है। लेखिका को अपना काम जारी रखना चाहिए। पूर्व मुख्य सचिव डॉ. शम्भूनाथ, भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष रति शंकर द्विवेदी, महानिदेशक तकनीकी शिक्षा अविनाश कृष्ण सिंह, निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार पाठक, फिल्म निर्देशक सिद्धार्थ नागर, फिल्म अभिनेता संजय मिश्र, अवधी विकास संस्थान के अध्यक्ष विनोद मिश्र और पूर्व उप निदेशक सूचना दिनेश सहगल मौजूद रहे।

# श्रीराम कथा आयोजन की बैठक संपन्न

**अमृत विचार, लखनऊः** बाल्मीक रामायण की दिव्य श्रीराम कथा का आयोजन 25 दिसंबर से 2 जनवरी तक किया जाएगा। रामकथा की तैयारियों को लेकर मोती महल लॉन में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अशोक बाजपेई की अध्यक्षता में श्रीराम कथा सेवा समिति की बैठक हुई। संयोजक डॉ. सप्तर्षि मिश्र एवं अधिवक्ता संजीव पाण्डेय ने तैयारियों को लेकर जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अयोध्यावासी विश्व विख्यात कथा व्यास स्वामी राघवाचार्य महाराज के श्रीमुख से एक सप्ताह तक श्रीराम कथा महोत्सव में भक्ति एवं ज्ञान की गंगा बहेगी। 25 दिसम्बर को कथा की शुरुआत लोक विख्यात आचार्य अजय याग्निक के द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ से होना सुनिश्चित हुआ है।

**आरोपी गिरफ्तार : अमृत विचार, लखनऊ:** अलीगंज पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि बीते 9 सितंबर को पीड़िता की मां ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी अलीगंज झोपड़पट्टी निवासी रवि गौतम है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत सरदिलपुर
## विकास खंड जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर

पत्रांक राज्य वित्त/15वित्त/एसवीएमजी/अल्पकालीन निविदा 2024–2025 दिनांक– 09–10–2024

**अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा0पं0–सरदिलपुर वि0 खंड–जलालपुर जनपद अंबेडकरनगर मे आरआरसी सेन्टर के निर्माण ,शोक पिट निर्माण कार्य , नाडेप निर्माण,कूडा गाड़ी हेतु आदि कार्य पर ईट प्रथम श्रेणी ,ईट की गिट्टी ,सीमेंट,मोरंग,बालू,सरिया व लोहे के उपकरण सामग्रियों के आपूर्ति धनराशि के सापेक्ष अल्पकालीन निविदा/टेंडर आमंत्रित की जाती है।इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 16/10/2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में सायं 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 17/10/2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान,सचिव के समक्ष प्रात:10 बजे खोली जाएगी।निविदा फर्म के पैड पर होनी चाहिए। जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।

नोटः–प्रतिबन्ध, नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है।

**रामअनेश ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत सरदिलपुर**
**विकासखंड जलालपुर**
**जनपद अम्बेडकर नगर**

**कामिता यादव, ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत सरदिलपुर**
**विकासखंड जलालपुर**
**जनपद अम्बेडकर नगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अस्ताबाद
## विकास खंड जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर

पत्रांक राज्य वित्त/15वित्त/एसवीएमजी/अल्पकालीन निविदा 2024–2025 दिनांक– 09–10–2024

**अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा0पं0–अस्ताबाद वि0 खंड–जलालपुर जनपद अंबेडकरनगर मे आरआरसी सेन्टर के निर्माण ,शोक पिट निर्माण कार्य , नाडेप निर्माण,कूडा गाड़ी हेतु आदि कार्य पर ईट प्रथम श्रेणी ,ईट की गिट्टी ,सीमेंट,मोरंग,बालू,सरिया व लोहे के उपकरण सामग्रियों के आपूर्ति धनराशि के सापेक्ष अल्पकालीन निविदा/टेंडर आमंत्रित की जाती है।इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 16/10/2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में सायं 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 17/10/2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान,सचिव के समक्ष प्रात:10 बजे खोली जाएगी।निविदा फर्म के पैड पर होनी चाहिए। जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।

नोटः–प्रतिबन्ध, नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है।

**दिलीप कुमार, ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत अस्ताबाद**
**विकासखंड जलालपुर**
**जनपद अम्बेडकर नगर**

**कामिता यादव, ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत अस्ताबाद**
**विकासखंड जलालपुर**
**जनपद अम्बेडकर नगर**

## अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड टाण्डा, अम्बेडकरनगर

**ई–प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन ई– निविदा सूचना सं0– 02/अ0अ0/2024–25**

महामहिम राज्यपाल, महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं प्राईस बिड/फाईनेन्शियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 15.10.2024 को दोपहर 1. 00 बजे तक निम्न शर्तो के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 15.10.2024 को ही अपरान्ह 3.00 बजे मुख्य अभियन्ता (शारदा सहायक) द्वारा गठित समिति द्वारा ऑनलाईन खोली जायेंगी। बिड दिनांक 10.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित किसी प्रकार के संशय की स्थिति में दिनांक 10.10.2024 से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

| लॉट संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में, जी0एस0टी0सहित) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | टाण्डा मुख्य नहर के किमी0 58.750 से 59.425 तक सड़क के नवीनीकरण का कार्य (पूर्व निर्मित खण्ड़जें पर) | | 0.70 | 1051.00 रू0 | 45 दिवस | "बी" एवं उच्च |
| 02 | टाण्डा सामानान्तर नहर के किमी0 51.710 से 52.430 तक सड़क के नवीनीकरण का कार्य (पूर्व निर्मित खण्ड़जें पर) | 24.50 | 0.49 | 1051'00 रू0 | 45 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 03 | पिण्डोरिया राजवाहा के किमी0 3.750 से 5.600 तक सड़क नवीनीकरण का कार्य (पूर्व निर्मित सड़क पर) | 21.00 | 0.42 | 1051.00 रू0 | 45 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 04 | हंसवर राजवाहा के किमी0 2.980 से 3.380 तक सड़क नवीनीकरण का कार्य (पूर्व निर्मित पक्की सड़क पर) एवं किमी0 3.800 से 4.130 तक सड़क के नवीनीकरण का कार्य (पूर्व निर्मित खण्ड़जें पर) | 33.50 | 0.67 | 1051.00 रू0 | 45 दिवस | "बी" एवं उच्च |
| 05 | जहांगीरगंज राजवाहा के किमी0 41.800 से 42.475 तक सड़क के नवीनीकरण का कार्य (पूर्व निर्मित खण्ड़जें पर) | 26.00 | 0.52 | 1051.00 रू0 | 45 दिवस | "बी" एवं उच्च |

यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in एवं सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।

**UP – 220460 दिनांक 07.10.2024**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।**

**अधिशासी अभियन्ता**
**सिंचाई खण्ड, टाण्डा**
**अम्बेडकरनगर**


# 10 जिलों में खुलेंगे ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▸▸ **परिवहन विभाग और निजी कंपनी में आज होंगे एमओयू पर हस्ताक्षर**

**अमृत विचारः** प्रदेश के 8 जिलों में बने ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट और दो जिलों के एडीटीटी के ट्रैक ऑटोमेशन व मेंटेनेंस का काम एक निजी कंपनी करेगी। इसके लिए बुधवार को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की मौजूदगी में परिवहन विभाग और निजी कंपनी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होगा। ट्रैक ऑटोमेशन के लिए मारुति सुजुकी की ओर से गुरुग्राम की एवीएल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को नामित किया गया है।

परिवहन विभाग के अपर परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) पुष्प सेन सत्यार्थी ने बताया कि प्रदेश के 10 जिलों मुरादाबाद, मेरठ, बस्ती, मिर्जापुर, बरेली, झांसी, अलीगढ़, देवीपाटन आजमगढ़ और मुजफ्फरनगर के साथ ही दो एडीटीटी आजमगढ़ और प्रतापगढ़ में बने ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट के ट्रैक ऑटोमेशन और मेंटेनेंस को लेकर बुधवार को परिवहन विभाग और मारुति सुजुकी कंपनी के बीच एमओयू होगा। इन सभी डीटीटीआई और एडीटीटी पर काम शुरू करने की अनुमति मांगी गई है। उच्च स्तर पर लिए गए निर्णय के अनुसार, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में सीएसआर फंड से 10 जिलों में ऑटोमेशन और मेंटेनेंस के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

**निजी कंपनियों को दी जा रही जिम्मेदारी**

जिन जिलों में ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट बनाए जा रहे हैं, वहां निजी कंपनियों को ट्रैक ऑटोमेशन और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी दी जा रही है। कई जगहों पर यह काम परिवहन विभाग ने पहले ही सौंप दिया है। अब इन नए डीटीटीआई और एडीटीटी का काम भी मारुति को सौंपा जा रहा है। इससे परिवहन विभाग को करोड़ों रुपये का राजस्व बचेगा।

## एक नजर

### विभिन्न मामलों में कई वांछित गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना रामनगर पुलिस टीम ने बीएनएस से सम्बन्धित संदीप पुत्र देशराज, देशराज पुत्र परमेश्वर निवासी देवसानी थाना रामनगर को देवसानी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। थाना टिकैतनगर पुलिस टीम ने बीएनएस व पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सतुल यादव पुत्र राधेश्याम निवासी जदवापुर थाना टिकैतनगर को लोधपुरवा मोड़, नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने बीएनएस व पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सरवन उर्फ गुल्ला पुत्र अवधेश कुमार वर्मा निवासी रसूलपनाह थाना फतेहपुर को सधईपुरवा मोड़ से गिरफ्तार किया। थाना जैदपुर पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त दिनेश तिवारी पुत्र मनीराम तिवारी निवासी पंचशील कालोनी थाना कोतवाली नगर को बड़ेल चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त से ओपीडी रजिस्टर बरामद हुआ।

### रामलीला देखने गया किशोर लापता

**सतरिख, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व राम लीला देखने गया किशोर लापता हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के नरायनपुरवा गांव निवासी सूरज कुमार बीते शुक्रवार की रात प्राचीन बड़ा शिवाला मंदिर सतरिख कस्बे के कायस्थाना मोहल्ले में रामलीला देखने गया था। देर रात घर नहीं पंहुचा तो परिवार के लोगों ने काफ़ी खोजबीन की लेकिन किशोर का कुछ पता नहीं चल सका। किशोर के पिता महेश की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज़ कर लापता किशोर की तलाश कराई जा रही है।

# रूप कुमार के साथ अल्ताफ रजा सजाएंगे देवा महोत्सव की महफिल

## कवि सम्मेलन, मुशायरा और म्यूजिक कॉन्फ्रेंस से भी रोशन होगा सांस्कृतिक मंच



पत्नी सोनाली के साथ रूप कुमार राठौर।




देवा मेला को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार



अल्ताफ रजा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** आज से नौ दिन बाद शुरू हो रहे देवा महोत्सव में इस बार भी सांस्कृतिक मंच पर भरपूर मनोरंजन देखने को मिलेगा। देवा महोत्सव के ऑडिटोरियम में होने वाले इस सांस्कृतिक मंच पर देश के कई जाने-माने सिंगर और सूफी गायक अपनी आवाज का जादू बिखरेंगे। वहीं जिले के स्थानीय कलाकारों को भी मंच मिलेगा। इसके अलावा महोत्सव में खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ लोकगीत, लोकनृत्य, लघु नाटिका, भजन आदि की भी छठा बिखरेगी।

जो रब है वही राम का संदेश देने वाले महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैय्यद कुर्बान अली उर्फ दादा मियां की याद में लगने देवा मेला की शुरुवात 18 अक्टूबर से हो रही है। एक ओर जहां मेले को लेकर साफ-सफाई, रंगरोगन, प्रकाश आदि की व्यवस्था चल रही है। वहीं दूसरी ओर देवा के ऑडिटोरियम में स्थित सांस्कृतिक मंच पर सुबह से लेकर देर रात होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार कर ली गई है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी और मेला सचिव अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वालीवुड के नामचीन सिंगर रूप कुमार राठौर व सोनाली राठौर, सूफी गायक अल्ताफ रजा अपनी गायकी से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके अलावा मंच पर बिरहा, कव्वाली, भजन, म्यूजिक कान्फ्रेंस, कवि सम्मेलन, मुशायरा आदि के रंगारंक कार्यक्रम होंगे। सभी कार्यक्रमों की तिथियां निर्धारित हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा खेल मैदान में हॉकी के साथ कबड्डी, दंगल, बैंडमिंटन आदि स्पर्धाएं भी होंगी। बच्चों संग जिले के कलाकारों को भी मंच देकर उनकी प्रस्तुतियां होंगी। एडीएम ने बताया कि मेले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के साथ सभी तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। एडीएम के साथ अतिरिक्त मजिस्ट्रेट विजय द्विवेदी, दोनों एएसपी, सीओ व मेला कमेटी से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे।

### तिथिवार निर्धारित कार्यक्रमों की रूपरेखा

**18 अक्तूबर–** शाम पांच बजे जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की धर्मपत्नी सुप्रिया शेख हसन गेट पर फीताकाट कर दस दिवसीय देवा महोत्सव का शुभारंभ करेंगी। इसी दिन शाम पांच बजे से सात तक ऑडिटोरियम में बहार सुगम संगीत द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत होगा। जबकि रात्रि 8 बजे से बिरहा का आयोजन होगा।

**19 अक्तूबर–** सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक खेल मैदान में हॉकी, 3 से शाम 5 बजे तक स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम, शाम को लोकगीत,कथक, सांई भजन तो रात्रि में सुगम संगीत का कार्यक्रम होगा।

**20 अक्तूबर–** हॉकी प्रतियोगिता, स्कूली बच्चों का कार्यक्रम शाम को चादर अर्पण, नृत्य नाटिका की प्रस्तुति होगी। रात्रि में सुफियाना कव्वाली और सीरतुन्नबी का कार्यक्रम होगा।

**21 अक्तूबर–** सुबह हॉकी व बैडमिंटन प्रतियोगिता, अपराहन स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, शाम को गजल, भजन, अवधी लोकनृत्य तो रात्रि में किशोर चतुर्वेदी द्वारा मानस कार्यक्रम होगा।

**22 अक्तूबर–** कबड्डी,हॉकी, बैंडमिंटन प्रतियोगिता, स्कूली बच्चों के प्रस्तुतियां, शाम को नृत्य गायन, लोकनृत्य, रात्रि में म्यूजिक कान्फ्रेंस होगा।

**23 अक्तूबर–** कबड्डी, दंगल, हॉकी, बैंडमिंटन प्रतियोगिता, वाद विवाद, मेहंदी प्रतियोगिता, रात्रि में मेगा नाइट रूप कुमार राठौर, सोनाली राठौर का कार्यक्रम

**24 अक्तूबर–** कबड्डी फाइनल, दंगल बालीबाल, हॉकी, बैडमिंटन प्रतियोगिता, बेबी शो, रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता, शाम को नृत्य, लोकगीत, रात्रि में कवि सम्मेलन।

**25 अक्तूबर–** दंगल, हॉकी, बैंडमिंटन व बालीबाल फाइनल, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, लोकनृत्य, भजन, भोजपुरी लोकगीत, रात्रि में सूफी नाइट अल्ताफ रजा।

**26 अक्तूबर–** हॉकी व बैडमिंटन का फाइनल मुकाबला, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, लोकनृत्य, भजन, लोकगीत, नाटिका, रात्रि में ऑल इंडिया मुशायरा।

**27 अक्तूबर–** स्कूली बच्चों द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम, समापन समारोह स्मारिका विमोचन, रात्रि में मेगा लेजर-शो एवं एसपी की पत्नी करेंगी ईको फ्रेंडली आतिशबाजी से समापन।

## पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच कराने के बाद की कार्रवाई

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने वाला कांस्टेबल बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शराब के नशे में सिविल ड्रेस पहनकर पहुंचा था यूपी-112 में तैनात सिपाही



आरोपी सिपाही उमेश चंद्र।

**अमृत विचार।** महिला के साथ छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस अधीक्षक ने यूपी-112 के सिपाही को बर्खास्त कर दिया है। मामले की जांच रिपोर्ट में आरोप सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है।

घटनाक्रम के अनुसार तालग्राम कस्बे की महिला का पति दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। महिला घर में दो बच्चों के साथ रहती है। छह अक्टूबर की रात महिला घर में अकेली थी, तभी मोहल्ले में ही किराये पर रहने वाला सिपाही उमेश चंद्र शराब के नशे में उसके घर में घुस गया। यह सिपाही यूपी-112 में तैनात था। महिला का आरोप था कि सिविल ड्रेस में पहुंचा सिपाही उससे छेड़छाड़ करने लगा। उसके विरोध करने पर पिटाई भी कर दी।

महिला ने उसका डटकर मुकाबला किया। सिपाही से गुत्थमगुत्था में उसका मंगलसूत्र भी टूट गया। शोर मचाने पर पहुंचे मोहल्ले के लोगों ने सिपाही को पकड़कर पिटाई कर दी। घर से निकलकर भागने के दौरान वह चबूतरे से गिरकर घायल हो गया। घायल सिपाही को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। आरोपी सिपाही ने पीड़िता के पति को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी थी। इस मामले में पीड़िता ने थानाध्यक्ष से शिकायत की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। मामला एसपी अमित आनंद तक पहुंचा तो उन्होंने तालग्राम थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया से जांच करवाई।

### जांच में सभी आरोपों की हुई पुष्टिः एसपी

एसपी अमित आनंद ने बताया कि 6 अक्टूबर की रात्रि पीआरवी पर तैनात सिपाही उमेश चंद द्वारा शराब के नशे में महिला के साथ अभद्रता करने की सूचना मिली थी। जांच में प्रथम दृष्टया आरोपों की पुष्टि होने पर सिपाही को बर्खास्त कर दिया गया है। उधर, अभी तक महिला ने इस प्रकरण को लेकर कोई तहरीर नहीं दी है।

# साइबर टीम ने बताए ठगी से बचने के तरीके

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध में जागरूक करती टीम। अमृत विचार

**अमृत विचारः** साइबर जागरूकता के दृष्टिगत साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने थाना सफदरगंज क्षेत्र के चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी।

साइबर सेल के निरीक्षक विजयवीर सिंह सिरोही ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930 पर कॉल करें अथवा साइबर अपराध पोर्टल की वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज करें जिससे धनराशि खाते में होल्ड करायी जा सके। बैंक द्वारा कभी भी के.वाई.सी. अपडेट कराने के लिए किसी से मोबाइल फोन से व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, सीवीसी, पिन नम्बर नहीं मांगा जाता है।

# बालक से किया कुकर्म

**बाराबंकी, अमृत विचारः** दरियाबाद थाना क्षेत्र में अप्राकृतिक दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है। बालक के परिजनों की तहरीर के पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जबकि आरोपी फरार है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गाव में घर के बाहर खेल रहे 6 साल के बालक को पड़ोस का 22 साल का युवक हउदे फिल्मी सितारों की तस्वीर दिलाने का लालच दे कर अपने साथ ले गया और कुछ दूर पर खड़ी ट्राली में ले जाकर अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। बालक अस्त-व्यस्त हालत में घर पहुंचा, तब घटना की जानकारी परिजनों को हुई। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

**गाड़ी आगे निकालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट**

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचारः** शहर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा सफेदाबाद के रहने वाले वैभव शुक्ला का कहना है कि वह मंगलवार को सुबह बीबीडी की तरफ अपनी स्कॉर्पियो से जा रहा था, पीछे से आई सफारी में सवार लोगों ने गाड़ी आगे निकालने को लेकर विवाद किया। विरोध करने पर करीब 10 लोगों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष का आरोप है कि वैभव ने अभद्रता की और पिटाई कर दी।

# लखनऊ से ससुराल आए दो युवकों समेत 3 लोगों ने फंदा लगाकर दी जान

त्रिवेदीगंज/बनीकोडर/सफदरगंज, बाराबंकी

**अमृत विचारः** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन युवकों के शव फांसी के फंदे से लटकते मिले। मृतकों में दो लखनऊ जिले से अलग-अलग ससुराल आए थे। मंगलवार की सुबह दोनों फांसी से लटके मिले। एक घटना में ससुर ने दामाद के आने की जानकारी से ही इनकार कर दिया, वहीं तीसरा मानसिक बीमारी से परेशान था।

लोनीकटरा थाना क्षेत्र के दयाराम पुरवा गांव में ससुराल आए युवक का शव पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। लखनऊ के गोसाईगंज थाना अंतर्गत रतियामऊ निवासी सुनील (26) का शव दयारामपुरवा की बाग में पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। मृतक के ससुर जगजीवन यादव उर्फ गग्गे का कहना है कि उसका दामाद ससुराल कब आ गया, यह जानकारी नहीं है। थाना अध्यक्ष दौमित्र सेन रावत ने बताया कि घटना आत्महत्या प्रतीत हो रही।

असंद्रा थाना क्षेत्र के ग्राम लोधपुरवा मजरे रामपुर निवासी रामसुमिरन कनौजिया के घर दो दिन पूर्व उसका दामाद सेमरा बीबीडी लखनऊ निवासी भोलू कनौजिया आया था। रामसुमिरन के मुताबिक मंगलवार सुबह खाना खाकर दामाद भोलू घर से निकला था लेकिन घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर खेत में लगे अमरूद के पेड़ में दुपट्टे से उसका शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर सफदरगंज थाना क्षेत्र में एक घर में युवक का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। थाना क्षेत्र के ग्राम सैदाबाद के रहने वाले बुधिराम के 20 वर्षीय पुत्र रामकरण का शव घर के एक कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजन बताते हैं कि वह मानसिक बीमारी से तंग था।

# विनेश फोगाट की जीत पर बृजभूषण ने कसा तंज

**संवाददाता, गोंडा, अमृत विचार :** हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर विधायक चुनी गयी अंतर्राष्ट्रीय रेसलर विनेश फोगाट पर पूर्व सांसद व डब्लूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने तंज कसा है। पूर्व अध्यक्ष ने विनेश फोगाट को पनौती बताते हुए कहा कि वह जहां जाती हैं वहां सत्यानाश ही होता है। पहले दो साल तक उन्होने कुश्ती का सत्यानाश किया और अब हरियाणा में कांग्रेस का सत्यानाश कर दिया। विनेश की जीत पर बृजभूषण शरण सिंह ने कहा हमारा नाम लेकर अगर वह (विनेश फोगाट) जीत गईं तो इसका मतलब हम महान आदमी हैं। कम से कम मेरे नाम में इतना दम तो है कि मेरा नाम लेकर उनकी नईया पार हो गई, लेकिन कांग्रेस को तो डुबो दिया... अब राहुल बाबा का क्या होगा?

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर बधाई देते हुए उन्होने कहा कि मोदी जी का जो नाम है, काम है, भाजपा की जो नीति है उस पर मोहर लगाने का काम वहां की जनता ने किया है।

## सार-संक्षेप

### सीतापुर : परिवार में आक्रोश, गांव में पुलिस तैनात

**सीतापुर, अमृत विचार :** घर में खाने को होता तो मेरे पिता मजदूरी न करने जाते और न ही उनकी हत्या होती। मेरे पिता चोर नहीं थे। यह कहना है मृतक की बेटी पूजा का। साथ ही गांव के लोगों और परिजनों में प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है। वहीं गांव के हालात को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया है, जिससे कोई अप्रिय घटना न हो। गांववालों के मुताबिक व्यवहार के अच्छे सदरपुर थाना क्षेत्र के इनायतपुर गांव निवासी राकेश की गांव में सबसे अच्छी बनती थी क्योंकि भूमिहीन होने के बाद अपनी मेहनत के बल पर आधा दर्जन से अधिक लोगों का भरण पोषण का जरिया उसकी मजदूरी ही थी। अब परिवार कौन चलाएगा, यह सवाल परिवार के हर सदस्यों की जुबान पर हैं। गौरतलब है कि बीते दिवस महमूदाबाद कोतवाली के ग्राम पंचदेवरी में एक दलित मजदूर 50 वर्षीय राकेश की सोमवार शाम पीट- पीट कर हत्या कर दी गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने सांठ- गांठ करके जहां एक ओर शव गायब कर दिया। वहीं कोतवाली महमूदाबाद पहुंचे परिजनों को शव देखने तक नहीं दिया। परिजनों ने आरोपियों से मिल जाने व मामले को रफा-दफा करने का भी आरोप लगाया है। गांव में महमूदाबाद व सदरपुर थानों की पुलिस तैनात है।



राकेश (फाइल फोटो)

### मत्स्य जीवी सहकारी समिति की बैठक संपन्न

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील हैदरगढ की बैठक ग्राम सभा बल्ला साई खेड़ा के पंचायत भवन में पूर्व में दो बैठक संपन्न हो चुकी है। बैठक का उद्देश्य मत्स्य जीवि सहकारी समिति का गठन करके गरीब मछुवा समाज को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। आगामी बैठक आगामी सोमवार को बल्ला साई खेड़ा में रखना सुनिश्चित हुआ है। न्याय पंचायत के इच्छुक व्यक्ति भी भाग ले सकते हैं जिसके जरिए ज्यादा से ज्यादा मछुवा समाज को लाभ दिलाना है। मौके पर उपस्थित मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विकास अभिकरण, ग्राम प्रधान, मुख्य प्रवर्तक राम विलास, सचिव अभिषेक कश्यप व सभी सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

### किशोरी ने मंगेतर से फोन पर बातचीत के बाद लगा ली फांसी

**हमीरपुर, अमृत विचार :** बड़ी बहन के घर आई किशोरी ने मंगेतर से फोन पर बातचीत करने के बाद फंखे में साड़ी का फंदा डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सदर कोतवाली क्षेत्र के गौरा देवी ईदगाह निवासी अजय कुमार पाठक की साली मुस्कान (17 ने बड़ी बहन कंचन के मोबाइल से मंगलवार दोपहर लगभग पौने 3 बजे मंगेतर से फोन पर बातचीत के बाद कमरे में साड़ी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। बड़ी बहन कंचन ने बताया कि कुरारा थानाक्षेत्र के ग्राम बिलौटा निवासी विजय कुमार की 17 वर्षीय पुत्री मुस्कान एक माह पूर्व यहां आई थी। बताया कि मृतका की तीन माह पहले जनपद जालौन के गुढ़ा गांव निवासी गुड्डू से शादी की बातचीत चल रही थी। इसी दौरान दोनों की फोन पर बातचीत शुरू हो गई। बताया कि कुछ दिन पूर्व मुस्कान ने गुड्डू से पांच हजार रुपये लिए थे जिसमे उसने दो हजार वापस कर दिए थे। बाकि पैसों को लेकर गुड्डू बार बार मुस्कान को फोन कर रहा था। जिससे नाराज होकर मुस्कान ने कंचन के मोबाइल से गुड्डू का नंबर ब्लॉक कर दिया था। मंगलवार को लगभग एक बजे गुड्डू ने नए नंबर से फोन कर मुस्कान पैसों को लेकर कुछ बात कही थी। जिससे परेशान हो नीचे के कमरे में उसने फांसी लगा ली।

### 30 दिवसीय पदोन्नति प्रशिक्षण का समापन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइंस में मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस का 30 दिवसीय पदोन्नति प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया। आरक्षी नागरिक पुलिस से मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर वरिष्ठता के आधार पर चयनित मुख्य आरक्षियों को विभिन्न जनपदों, इकाईयों से आवंटित किया गया था। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ अखिलेश नारायण सिंह के नेतृत्व में आवंटित 110 मुख्य आरक्षी को 30 दिवसीय पदोन्नत प्रशिक्षण रिजर्व पुलिस लाइन में दिया जा रहा था। आज प्रशिक्षण समाप्त होने के पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकानाएं की। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षणाधीन) गरिमा पंत व प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा की दिलाई गई शपथ

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** टीआरसी महाविद्यालय सतरिख के सभागार में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत एक कर्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गिरजा शंकर वर्मा ने की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एआरटीओ अंकिता शुक्ला, विशिष्ट अतिथि पंकज शर्मा यातायत प्रबंधक और सैयद एहतेशाम सड़क सुरक्षा समन्वयक द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच का संचालन प्रवक्ता दीबानाज़ ने किया। पंकज शर्मा ने सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा की हमें वाहन से संबंधित कागज़,यथायत से संबंधित चिन्हों एव सड़क और वाहन से सम्बंधित नियमों का पालन करना चाहिए। सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं में अपनी ज़िम्मेदारी के प्रति जागरुक होना चाहिए। वहीं एहतेशाम ने छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटना के समय दी जाने वाली प्राथमिक उपचार के विषय में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कहा गया कि यातायात के नियमों का सभी को पूर्ण रूप से पालन करना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ठीक नहीं है।

# चार ठग गिरफ्तार, मोबाइल व चेक बुक बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी पुलिस को मिली सफलता, सरगना अभी फरार



पुलिस हिरासत में चारों साइबर ठग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेटा या बेटी के दुष्कर्म और अपहरण मामले में पकड़े जाने की झूठी बात बताकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट करके ठगने वाले चार शातिर चकेरी पुलिस ने पकड़े हैं। सरगना फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से विभिन्न बैंकों के 15 एटीएम कार्ड, पांच मोबाइल और चेक बुक बरामद की है।

ये ठग प्रधानमंत्री आवास योजना व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देकर भी लोगों से ठगी करते थे। चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए लोगों में सचेंडी के भीमसेन निवासी मुकेश कुशवाहा, मदनलाल, ब्रह्मा और चौबेपुर निगोहा के सदन सिंह शामिल हैं। सभी आरोपी साइबर ठग अंतरजनपदीय गैंग के शातिर हैं। यह लोग ग्रामीण इलाकों के लोगों को फर्जी नंबरों से कॉल कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना, मुद्रा लोन समेत तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, झूठे मुकदमे में फंसाने, डिटिजल अरेस्ट और फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर वसूली करते थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह ग्रामीण इलाकों के लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनके फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड तैयार कर फर्जी खाते खुलवाते थे। इसकी चेक बुक और एटीएम सचेंडी में भीमसेन स्थित पोस्ट आफिस के पते पर मंगा लेते थे। इसके बाद आरोपी इनका उपयोग लोगों को ठगने और साइबर ठगी करने में करते थे। गिरोह का सरगना सचिन उर्फ आनंद है। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि ट्रू-कालर नंबर के साथ नाम दिखने की वजह से साइबर ठग महाराष्ट्र और राजस्थान के सिम कार्ड इस्तेमाल करते थे। इससे वह पुलिस और अन्य लोगों को चकमा देते थे। जब सिम की डिटेल सामने आती थी, तब तक साइबर ठग रुपये ट्रांसफर कर लेते थे।

# माहिमपुर मोड़ पर कार खाई में गिरी, दो लोगों की मौत

संवाददाता, हरदोई/मल्लावां

**अमृत विचार।** कानपुर का मैकेनिक पूर्व विधायक के ट्रैक्टर की मरम्मत कर कार से वापस लौट रहा था। उसी बीच मल्लावां कोतवाली के माहिमपुर मोड़ पर पहुंचते ही अचानक बेकाबू हुई कार खाई में जा गिरी। सीट बेल्ट बंधी होने से मैकेनिक और कार चालक दोनों बाहर नहीं निकल सके। नतीजतन दोनों की उसी के अंदर मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। जेसीबी की मदद से खाई में गिरी कार को बाहर निकाला गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार कानपुर के बरेनदा निवासी 60 वर्षीय गोविंद शर्मा पेशे से मैकेनिक था। वह सोमवार को पूर्व विधायक सतीश वर्मा के ट्रैक्टर की मरम्मत करने आया था। काम निपटा जाने के बाद गोविंद मंगलवार की अलग सुबह कार से वापस कानपुर जा रहा था। रास्ते में माहिमपुर मोड़ के पास पहुंचते ही कार बेकाबू हो गई और सड़क के किनारे पानी से भरी खाईं में जा गिरी। कार सवार गोविंद और चालक 40 वर्षीय रमेश निवासी गोवा गार्डन कल्याण पुर कानपुर, दोनों ने सीट बेल्ट बांध रखी थी, उसी वजह से दोनों कार के अंदर फंस गए और अपना बचाव नहीं कर सके। जिसके चलते मैकेनिक गोविंद शर्मा और कार चालक रमेश की कार के अंदर ही मौत हो गई।

# पीट-पीटकर पत्नी को मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गुजैनी थानाक्षेत्र के अंबेडकर नगर में घटना
- पति, पुत्र समेत सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज



पुष्पांजलि।

**अमृत विचार।** गुजैनी थानाक्षेत्र में नशे में धुत पति ने पत्नी को बांट से सिर व चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर मरणासन्न कर दिया। घर पर उसे लहूलुहान छोड़कर वह भाग निकला। पुलिस महिला को लेकर अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला के पिता की तहरीर पर पति, पुत्र समेत सात लोगों के खिलाफ पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने एक जेठ को उठाकर पूछताछ शुरू की है।

कानपुर देहात के थाना शिवली मैथा कोड़वा ग्राम निवासी संजय दीक्षित ने बताया कि उन्होंने अपनी इकलौती बहन 32 वर्षीय पुष्पांजलि उर्फ पूजा देवी का विवाह 4 दिसंबर 2011 को गुजैनी के अंबेडकर नगर एलआईजी 85 निवासी किराना व्यापारी हरीशंकर अग्निहोत्री के साथ किया था। जिससे उनके 11 वर्षीय बेटा है। संजय दीक्षित ने बताया कि शादी के कुछ महीने बाद से ही हरीशंकर पत्नी से मायके से रुपये मंगाने लगा था। इससे वह बहुत परेशान रहने लगी थी। मामला थाने तक पहुंचा और कई बार समझौता कराया गया। बताया कि सोमवार रात करीब 10.30 बजे पति नशे में धुत होकर घर पहुंचा और पत्नी पूजा से गालीगलौज करने लगा। उसने विरोध किया तो किउसने बांट उठाकर कई बार सिर और चेहरे पर वार किया। बेटे ने अन्य सभी परिजनों के साथ मिलकर लाठी डंडों, रॉड से जमकर मारापीटा। जिससे वह मरणासन्न हो गई।

# इरफान सोलंकी के साथी ने मांगी रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पूर्व पार्षद समेत तीन नामजद व अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट



**अमृत विचार।** सीसामऊ से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के साथी पूर्व पार्षद मुरसलीन खां उर्फ भोलू ने गिरोह के शातिरों के साथ मिलकर बंद रेलवे फाटक उखाड़कर फेंक दिया और जमीन पर कब्जा करके अवैध निर्माण करा लिया। आरोप है कि एक इंजीनियर के पिता ने पुलिस से शिकायत की तो जेल में बंद रहने के दौरान भोलू ने जान से मार डालने की धमकी दी। अब वह लोग पांच लाख की रंगदारी मांग रहे हैं। इस प्रकरण में कर्नलगंज थाने में पूर्व पार्षद समेत दो नामजद और उसके गिरोह के अन्य शातिरों के खिलाफ वसूली, धमकी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

कर्नलगंज निवासी इंजीनियर शहनवाज ने दर्ज एफआईआर में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले शानू उर्फ पिंटू पूर्व पार्षद मुरसलीन खां उर्फ भोलू गिरोह का सक्रिय सदस्य है। आरोपी क्षेत्र में गुंडई और दंबगई करके अवैध वसूली करते हैं। शानू उर्फ पिंटू ने अपने गिरोह के लोगों के साथ मिलकर जनवरी 2024 में कर्नलगंज स्थित रेलवे के बंद फाटक उखाड़ कर बेच दिया। इसके बाद उसी फाटक की जगह पर कब्जा करके अवैध निर्माण करा लिया। उनके पिता नायब आलम ने पुलिस व अन्य विभागों में शिकायत की तो शानू उर्फ पिंटू व गैंग के लीडर भोलू आदि उनके पिता से रंजिश मानने लगे। भोलू ने उनके पिता को जान से मरवा देने की धमकी दी। इस बात के दो माह बाद 11 मार्च 2024 को उनके पिता की सड़क हादसे में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। तहरीर में पूरे मामले की जानकारी देने के बाद भी स्वरूप नगर थाना पुलिस ने एक्सीडेंट की धारा 304 ए में रिपोर्ट दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया। शहनवाज के अनुसार जेल से आने के बाद भोलू व शानू व उनके गिरोह के अन्य शातिर 5 लाख की रंगदारी मांग रहे हैं। इस संबंध में कर्नलगंज प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व पार्षद भोलू व पिंटू व उनके गिरोह के अन्य शातिरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

# भदरसा प्रकरण में तय नहीं हो पाया आरोप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के चर्चित भदरसा गैंगरेप के मामले में मंगलवार को अदालत में आरोप तय नहीं हो सका। अभियुक्त मोईद अहमद के अधिवक्ता ने पैरवी के लिए वकालत नामा दाखिल किया, जबकि राजू की ओर से पैरवी के लिए कोई अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुआ। जिसके चलते अदालत ने आरोपी राजू की अधिवक्ता मुहैया कराने के लिए कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पत्र लिखने का आदेश दिया है। साथ ही मामले में अगली पेशी 10 अक्टूबर नियत की है।

प्रकरण में मोईद अहमद की जमानत अर्जी का निस्तारण करते समय उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने मामले में पीड़िता और वादी मुकदमा का बयान एक माह के अंदर दर्ज करने का निर्देश दिया है। साथ ही जब तक दोनों का बयान न दर्ज हो जाए, तब तक मुकदमे की सुनवाई दिन-प्रतिदिन करने का आदेश दिया है।

मंगलवार को भदरसा गैंगरेप कांड में आरोपियों की पेशी थी। दोनों अभियुक्तों मोईद खान तथा राजू को मंडल कारागार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में लाकर अदालत के समक्ष पेश किया गया। मोईद खान की ओर से वकालत नामा दाखिल हुआ, जबकि दूसरे अभियुक्त की तरफ से कोई अधिवक्ता उपलब्ध नहीं था।

# अयोध्या में महाराष्ट्र भक्त निवास के निर्माण का श्रीगणेश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में आवास विकास परिषद के द्वारा आवंटित ढाई एकड़ भूमि पर महाराष्ट्र सरकार 250 करोड़ की लागत से 12 मंजिल के भक्ति निवास का निर्माण कराएगी। इसके लिए मंगलवार को विधिविधान पूर्वक शिलान्यास कर निर्माण कार्य को प्रारम्भ किया गया। यह दो साल में बनकर तैयार हो जाएगा।

महाराष्ट्र सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री रविंद्र दत्तात्रय चव्हाण मंत्रालय के अधिकारियों के साथ अयोध्या पहुंचे। सबसे पहले हनुमान गढ़ी और फिर रामलला का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद नव्य अयोध्या के ग्रीन फील्ड टाउन योजना के तहत शाहनवाजपुर में प्रस्तावित महाराष्ट्र सदन निर्माण के लिए भूमि पूजन कर कार्य को प्रारंभ किया। इस दौरान अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, जिला अध्यक्ष संजीव सिंह के साथ आवास विकास परिषद के अधिकारी भी मौजूद रहे।

मंत्री रविंद्र दत्तात्रय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी द्वारा अयोध्या में एक महाराष्ट्र भवन बनाने के लिए आमंत्रित किया था, जिसके बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यहां एक भवन बनाने का निर्णय लिया था। इसके लिए सरयू तट के पास ढाई एकड़ भूमि योगी सरकार के द्वारा प्राप्त हुई।


भूमि पूजन के बाद जय श्रीराम का जयकारा लगाते महाराष्ट्र सरकार के लोक निर्माण विभाग मंत्री रविंद्र दत्तात्रय चव्हाण।

## 250 करोड़ में बनेगा 12 मंजिला भवन महाराष्ट्र के मंत्री ने किया भूमिपूजन

### 96 वीआईपी व चार वीवीआईपी रूम की होगी सुविधा

12 मंजिल वाले भक्त निवास बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें 96 वीआईपी और चार वीवीआईपी रूम बनाने, 50 लोगों की क्षमता वाला 40 डारमेट्री बनाने की योजना है। इसके साथ ही दो किचन और एक रेस्टोरेंट बनाने की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि 250 करोड़ की योजना में यह कार्य 2 वर्ष पूरा कर लिया जाएगा। यह भक्ति सदन महाराष्ट्र से आने वाले लोगों के साथ पूरे भारत से आने वाले लोगों के लिए भी खुला रहेगा।

### उत्तराखंड व गुजरात सरकार भी ले चुकी है भूमि : विधायक

अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रस्तावित नव्य अयोध्या के निर्माण कि शुरुआत किया गया। महाराष्ट्र के साथ उत्तराखंड और गुजरात सरकार ने भी भूमि ली है। अयोध्या धार्मिक, सांस्कृतिक और पौराणिक के साथ-साथ पर्यटन नगरी के रूप में भी स्थापित हो रही है। अब यहां पर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट भी बन गया है।

## एक नजर

### अधिवक्ता हत्याकांड में नहीं हुई गवाही

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में मंगलवार को अभियोजन गवाह के न आने के कारण सुनवाई टल गई। वादी पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 21 अक्टूबर नियत की है। कोतवाली देहात थाने के अलहदादपुर गांव निवासी अधिवक्ता आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ पप्पू, घरहा निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

### पांच हजार की रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

**औरैया, अमृत विचार :** एंटी करप्शन टीम ने एक लेखपाल को 5 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। किसान ने शिकायत की थी कि लेखपाल पैमाइश करने के लिए रिश्वत की मांग कर रहा है। अजीतमल क्षेत्र के गौहानी खुर्द निवासी मनोज कुमार यादव अपनी जमीन की पैमाइश के लिए तहसील के चक्कर काट रहा था। पैमाइश के लिए लेखपाल अनिल यादव उससे 5 हजार रुपये की मांग कर रहा था। किसान ने एंटी करप्शन टीम से संपर्क किया। एंटी करप्शन टीम अजीतमल तहसील पहुंची। लेखपाल अनिल यादव ने किसान से कैंटीन में जैसे ही 5 हजार रुपये लिये, एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन की टीम लेखपाल को लेकर औरैया कोतवाली आई, जहां पर उनकी कानूनी लिखा पढ़ी की गई।

# पूर्व प्रधान की डंडों से पीटकर हत्या

संवाददाता, शुकुल बाजार(अमेठी)

**अमृत विचार :** बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के संसारपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान शिवनारायण सिंह (54) को दबंगों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। परिजनों का आरोप है कि चुनावी रंजिश के चलते उनकी हत्या की गई है। बवाल व ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए गांव में पीएसी तैनात है। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ मौके पर पहुंचकर हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह छह बजे के करीब पूर्व प्रधान प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह किसी काम से बाइक पर सवार होकर देवगिरी गांव की तरफ जा रहे थे। रास्ते में राजकुमार सिंह के दूध डेयरी के निकट पहले से घात लगाए बैठे शानू, गुड्डू सिंह, शिव मूरत, अंकुर, रवि यादव, राजकुमार सिंह व अन्य ने उसे रोक लिया। जब तक वह कुछ समझ पाते दबंगों ने लाठी व डंडों से हमला कर दिया। दबंगों की पिटाई से शिवनरायण के सिर पर गंभीर चोट आई। सूचना पर परिवारीजन आनन-फानन में घायल पूर्व प्रधान को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पूर्व प्रधान की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही प्रधान प्रतिनिधि समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। गांव में तनाव को देखते हुए कई थानों की पुलिस तैनात कर दी गई है। थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शिवनारायण दो बार संसारपुर ग्राम सभा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्ष 2010 से लेकर 2020 तक उन्होंने ग्राम पंचायत का प्रतिनिधित्व किया।


शिवनारायण सिंह (फाइल फोटो)

> मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी है। दबिश दी जा रही है, जल्द ही सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। मौके पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।
>
> -हरेंद्र कुमार, एएसपी अमेठी

# सुलतानपुर में व्यापारी को मारी गोली, लखनऊ रेफर

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** मंगलवार देर शाम बाजार से घर जा रहे अंडा व्यापारी को अज्ञात बाइक सवारों ने गोली मार दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां मौजूद चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। मौके पर कई थानों की पुलिस व एसपी सोमेन बर्मा भी पहुंचे। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोसैसिंहपुर बाजार निवासी दुकान से घर जा रहा था। अभी वह मोतिगरपुर मोड़ पर पहुंचा ही था कि चार बाइकों पर आए बदमाशों ने लल्लू अग्रहरि 45 वर्ष को गोली मार दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक गोली गले में लगी है। लल्लू चालक था, उसके बेटे की गोसैसिंहपुर बाजार में अण्डे दुकान है, लल्लू वहीं से लौट रहा था। वहीं गोली लगने की सूचना पर स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। सूचना कादीपुर सीओ विनय गौतम, दोस्तपुर, मोतिगरपुर व जयसिंहपुर पुलिस पहुंची। स्थानीय लोगों की मानें तो लल्लू को पुरानी रंजिश के चलते गोली मारी गई है। पूर्व में हुए विवाद को लेकर एक पक्ष ने दोस्तपुर थाने में तो दूसरे ने मोतिगरपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

# दंपति बोले-कंपनी में 50 प्रतिशत के हिस्सेदार थे


करोड़ों रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ऑक्सीजन थेरेपी देकर बूढ़ों को जवान बनाने के मामले में मंगलवार को आरोपी राजीव दुबे पत्नी रश्मि दुबे के साथ एसआईटी के पास पहुंचा। रश्मि ने बताया वह लोग कंपनी रिवाइवल वर्ल्ड में 50% के हिस्सेदार हैं। दंपति ने अन्य सदस्यों की सूची भी पुलिस को सौंपी है, जिस पर एसआईटी ने कार्य करना भी शुरु कर दिया है।

राजीव दुबे ने बताया उसने वायु इंडस्ट्री कंपनी से 40 लाख रुपये में प्लांट का सौदा किया था। 28 लाख रुपये देने के बाद प्लांट बनाने वाले मोहक श्रीवास्तव से विवाद हो गया था। जिस पर मशीन का फाइनल टच किसी दूसरे से वेल्डिंग करवाकर कराया था। वहीं मोहक ने पुलिस को बताया कि राजीव ने पूरे देश में कंपनी खोलने की बात बताई थी। मोहक ने बताया कि ऑक्सीजन थेरेपी से उम्र घटाए जाने की बात गलत है। उसने दो वर्ष पूर्व राजीव के जिम में मेंबरशिप ली थी। इस दौरान उसकी पहली मुलाकात हुई थी। राजीव ने हाईपरवैरिक ऑक्सीजन थेरेपी चैंबर मशीन बनाने का आर्डर उसे दिया था। ये एक चैंबर होता है, जिसमें सिटिंग का इंतजाम होता है। राजीव ने लोहे के टैंकरनुमा चैंबर में 10 कुर्सियां लगवाई थीं। इसके अंदर से ऑक्सीजन थेरेपी दी जाती थी। इसमें 95 प्रतिशत तक शुद्ध ऑक्सीजन सप्लाई होती थी। उनका 18 लाख के अलावा और पेमेंट नहीं हुआ।

इस मामले में डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा का कहना है कि मामले में कोई अन्य शिकायतकर्ता नहीं आ रहा है। सबूत की भी कमी सामने आ रही है। पीड़ित उनके कार्यालय में आकर शिकायत कर सकता है।

# पीड़ित महिला तक स्वयं पहुंचने का आयोग का प्रयास : अंजू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने कहा आयोग का प्रयास है कि आयोग स्वयं पीड़ित महिला तक पहुंचे। वह सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात कर रही थीं।

कहा महिलाएं एवं बच्चियां पूर्णतः सुरक्षित हैं। आयोग के माध्यम से सरकार ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर रही है जो महिला अपराध में संलिप्त हैं। जल्द ही जिले में मुख्यालय व ब्लाक स्तर पर जनसुनवाई शुरू की जाएगी। आयोग की सदस्य हर महीने जिले में प्रवास करेंगी। पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुलझाएंगी। जो महिलाएं लखनऊ नहीं पहुंच पाती हैं, उन तक राज्य महिला आयोग पहुंचेगी। कहा कि महिलाओं की जो भी समस्या हो, चाहे असुरक्षा की भावना हो, आत्मनिर्भरता हो व स्वरोजगार, सरकार इसका समाधान कर रही है।

# महोबा में कर्ज से परेशान होकर किसान ने दी जान

**महोबा, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहरा में बारिश के चलते खरीफ की फसल बर्बाद हो जाने से आहत किसान ने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी। उर्द तिल की फसल बर्बाद होने से किसान बेटी के हाथ पीले करने को लेकर परेशान था।

शहर कोतवाली क्षेत्र के करहरा गांव का मामला है। यहां का रहने वाले 45 वर्षीय किसान रामप्रकाश ने मंगलवार एक बजे उस समय फांसी लगा ली जब घर पर कोई नहीं था। मृतक के पुत्रने बताया कि कि पिता फसल नष्ट होने से आहत थे क्योंकि उनके ऊपर साहूकारों का तकरीबन आठ लाख रुपये का कर्ज़ था वहीं बहन की शादी भी करनी थी।

# 150 रेल स्टेशनों पर नवरात्र व्रत स्पेशल थाली लांच

**संवाददाता, नई दिल्ली, अमृत विचार:** त्योहारों के सीजन का उल्लास अब भारतीय रेल के स्टेशनों पर भी देखने को मिल रहा है। नवरात्र के दौरान जब यात्री अपनी मंजिलों की ओर रवाना हो रहे हैं, तो उनकी सुख-सुविधा का विशेष ध्यान रखने के लिए भारतीय रेल ने 150 से अधिक स्टेशनों पर नवारात्र व्रत स्पेशल थाली लांच की है। मुंबई सेंट्रल, दिल्ली जंक्शन, सूरत, जयपुर, लखनऊ, पटना जंक्शन जैसे लगभग 150 से अधिक स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत उंटी, विकास खण्ड हलिया मीरजापुर

पत्रांकः मेमो/ग्रा0पं0 निविदा सत्र 2024-25 — दिनांक 07.10.2024

**निविदा सूचना**

विकास खण्ड हलिया मीरजापुर के ग्राम पंचायत उंटी में पंचम राज्य/वित्त/पंद्रहवां वित्त/ मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते फर्म के साथ दिया जायेगा। फेज-2 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित कार्यो सी0सी0 रोड, इण्टरलांकिग खड़ंजा, नाली, पुलिया, बाउन्ड्रीवाल, हैण्डपम्प मरम्मत, प्लेटफार्म एवं शौचालय, सोख्ता, गड्ढा, आर0सी0सी0 सेंन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ीकेन्द्र, आर0जी0एस0ए0व अन्य मदो/योजना अन्तर्गत निर्माण हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्री क्रय हेतु/आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जैसे ईट 150 एमएमप्रथम श्रेणी, सीमेंट प्रति बोरी, मोटी बालू, महीन बालू प्रति घनमी0, गिट्टी 22.4, 63 एमएम, डालाग्रीट 19 एमएम, सरिया, आयरन, स्टील, टीन शेड, ह्यूमपाइप, 150 एमएम से 450 एमएम, ह्यूम पाइप कालर, पटिया एवं पटिया दाब प्रति नग, कोटा स्टोन/स्टोन बोल्डर, डालाडस्ट मोरम, जी0एस0बी0 प्रति घनमी0, इण्टरलांकिग ईट, कंक्रीट, ब्रेच, साईन बोर्ड, स्ट्रीटलाइट/ सोलरलाइट, एस्वेस्टशीट/टीन शेड, कूड़ागाड़ी, रिक्शा, सगड़ी, हैण्ड पम्प सामग्री, सबमर्सिबल, टाइल्स, फलाइबुड/डस्टबीन, कोविड कीट, स्वच्छता कीट, पी0वी0सी0 पाईप, जी0आई0 पाईप, हैण्ड पम्प रिबोर, विद्युत सामग्री, फर्नीचर वाल राइटिंग इत्यादि का आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपने लेटर हेड पर संलग्न बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 08.10.2024 से दिनांक 12.10.2024 तक निविदा प्रस्तुत कर सकते है तथा जो दिनांक 12.10.2024 को अपराह्न 3.00 बजे से क्रय समिति/निर्माण समिति के सदस्यो के समक्ष स्वीकृति हेतु खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

मार्कण्डेय प्रसाद
गाम प्रधान
ग्राम पंचायत उंटी
विकास खण्ड हलिया मीरजापुर

प्रज्ञान शुक्ला
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0/सचिव
ग्राम पंचायत उंटी
विकास खण्ड हलिया मीरजापुर



# उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने की कार्य प्रगति की समीक्षा

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने मंगलवार को बड़ौदा हाउस में प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान परिचालन दक्षता, ग्राहक संतुष्टि और निरंतर विकास की उत्तर रेलवे की प्रतिबद्धता दोहराई गयी।

समीक्षा बैठक में आगामी त्योहारों को लेकर स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के के बारे में चर्चा की गई। जीएम ने स्टेशनों पर रेलयात्रियों के सुगम आवागमन समेत कई बिंदुओं को लेकर चर्चा की। कार्बन फुट प्रिंटों में कमी लाकर हरित उपायों के महत्व पर बल दिया। कहा प्रभावी कचरा प्रबंधन उपायों से कचरे के उत्सर्जन में कमी आई है।

दोहराया कि उत्तर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने दी।


कार्य प्रगति की समीक्षा करते जीएम उत्तर रेलवे।

# त्योहारों में रेलवे 30 नवंबर तक चलाएगा विशेष ट्रेनें

**संवाददाता, नई दिल्ली, अमृत विचार:** हर साल दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान देशभर में लाखों यात्री यात्रा करते हैं। एक सुगम और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए, उत्तर रेलवे ने एक अक्टूबर से 30 नवंबर तक विशेष ट्रेनों की कई यात्राए चलाने की योजना बनाई है। निर्बाध यात्रा की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे अन्य जोनल के साथ मिलकर लगभग 60 लाख अतिरिक्त यात्रियों को समायोजित करने के लिए विशेष ट्रेनों की कुल 2944 यात्राए संचालित करेगा। पिछले वर्ष इसी अवधि में उत्तर रेलवे द्वारा कुल 1082 यात्राओं की व्यवस्था की गई थी। ये विशेष ट्रेनें यह सुनिश्चित करेंगी कि यात्री अगले दो महीनों के त्योहारी सीजन के दौरान अपने गंतव्य तक निर्बाध रूप से पहुंचें। उपरोक्त 2944 ट्रिप्स में लगभग 83% सेवाएं पूर्व की ओर जाने वाले राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम आदि के यात्रियों को सेवाएं प्रदान करेंगी।

### अशफाक अहमद हत्याकांड में हुई बहस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जगदीशपुर कस्बे में छह साल पूर्व दिन दहाड़े हुई अशफाक अहमद की हत्या के मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष की बहस की कार्रवाई हुई। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया बहस पूरी न होने के कारण बुधवार को भी मामले में बहस जिला जज की अदालत में होगी।



## कार्यालयः जिला पंचायत, हरदोई

पत्रांक- 1291/जि0पं0/निर्माण/2024-25 — दिनांकः- 07 अक्टूबर, 2024

**अतिअल्पकालिक ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पुनः ई-निविदायें पंचायती राज अनुभाग-2 लखनऊ की अधिसूचना संख्या-1425/33-2/2020-80जी / 2000 लखनऊ दिनांक 14 जुलाई, 2020 के अनुपालन में जिला पंचायत, हरदोई तथा प्रदेश की अन्य जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों तथा राज्य सरकार के सिचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्यालय जिला पंचायत, हरदोई में ई-निविदायें दिनांक 09.10.2024 से 14.10. 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक आनलाईन बेवसाइट-etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं की बिड दिनांक 14.10.2024 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से जिला पंचायत की ई-निविदा समिति द्वारा आनलाईन खोली जायेगी। तत्पश्चात् निविदाओं की तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह ठेकेदारों की वित्तीय बिड खोली जायेगी। इच्छुक ठेकेदार ई-निविदा प्रपत्र उपरोक्त बेवसाईट से दिनांक 09.10.2024 से डाउनलोड एवं अपलोड कर सकते हैं।

निर्माण कार्यो का क्रियान्वयन लोक निर्माण विभाग के मानक तथा प्राकलन के अनुसार सम्पादित करना अनिवार्य होगा, इसमें किसी प्रकार का विचलन नही किया जायेगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता आगणन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित मानको के अनुरूप सुनिश्चित की जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है। परियोजनाओं / कार्यो का विवरण निम्नलिखित है:-

| क्र. सं. | विकास खण्ड | कार्य का नाम | लम्बाई | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. छोड़कर) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य + जी.एस.टी. धनराशि | श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (क) पंचम राज्य वित्त आयोग वर्ष 2024-25 | | | | | | | |
| 1 | सुरसा | हरदोई बिलग्राम मुख्य मार्ग से ग्राम हुसियापुर तक लेपन मरम्मत कार्य | 2700 | 6954745 | 139200 | 1000+180 | ए, | 02 माह |
| 2 | साण्डी | साण्डी रोड से ग्राम अखनापुर तक लेपन नवीनीकरण कार्य | 965 | 3731837 | 74700 | 900+162 | ए, | 02 माह |
| 3 | साण्डी | ग्राम जटपुरा से पिण्डारी तक लेपन नवीनीकरण कार्य | 275 | 723108 | 14600 | 200+36 | ए, बी, सी | 02 माह |
| 4 | टोडरपुर | सलेमपुर राय से रेलवे फाटक तक लेपन नवीनीकरण कार्य | 735 | 1884367 | 37800 | 500+90 | ए, बी, | 02 माह |
| 5 | बावन | मिरकापुर से मझिगवां तिराहे तक लेपन नवीनीकरण कार्य | 1800 | 6730637 | 134700 | 1000+180 | ए, | 02 माह |
| 6 | हरपालपुर | चौसार श्रीमऊ डामर मार्ग से करनपुर के पुराने डामर मार्ग तक लेपन नवीनीकरण कार्य | 400 | 1247548 | 25100 | 300+54 | ए, बी, सी | 02 माह |
| 7 | बावन | बेहटी सम्पर्क मार्ग से बेहटा सधई तक सी0सी0 एवं लेपन नवीनीकरण कार्य | 390 | 1315445 | 26400 | 400+72 | ए,बी, | 02 माह |
| 8 | बावन | हरदोई सकतपुर मार्ग से बेहटा सधई प्रा0वि0 तक लेपन नवीनीकरण कार्य | 430 | 1087387 | 21800 | 300+54 | ए,बी, सी | 02 माह |
| 9 | बावन | हरदोई सवायजपुर मार्ग से जोगीपुर तक लेपन नवीनीकरण कार्य | 600 | 2062069 | 41300 | 500+90 | ए,बी, | 02 माह |
| 10 | भरखनी | सवायजपुर मिर्जापुर चौराहे से शिवराजपुर चौराहे तक लेपन नवीनीकरण कार्य | 1135 | 4086542 | 81800 | 1000+180 | ए, | 02 माह |
| 11 | भरखनी | शिवराजपुर पुलिया चौराहे से गन्ना विभाग द्वारा निर्मित डामर मार्ग तक लेपन नवीनीकरण कार्य | 690 | 1783641 | 35800 | 500+90 | ए,बी, | 02 माह |
| 12 | भरखनी | सिलवारी तिराहे से पुरानी सड़क तक लेपन नवीनीकरण कार्य | 335 | 875098 | 17600 | 300+54 | ए, बी, सी | 02 माह |
| 13 | भरखनी | ग्राम भैलामऊ में गन्ना विभाग द्वारा निर्मित मार्ग तक लेपन नवीनीकरण कार्य | 795 | 2058146 | 41300 | 500+90 | ए,बी, | 02 माह |
| 14 | टोडरपुर | टोडरपुर रेलवे स्टेशन रोड से टोडरपुर तक लेपन नवीनीकरण कार्य | 1510 | 2115189 | 42400 | 500+90 | ए, बी, | 02 माह |
| 15 | टोडरपुर | टोडरपुर सी0सी0 से टोडरपुर पी0सी0एफ0 स्टोर तक लेपन नवीनीकरण कार्य | 280 | 1076639 | 21600 | 300+54 | ए,बी, सी | 02 माह |
| 16 | साण्डी | ग्राम बानामऊ शिवसिंहपुरवा से प्रधानपुरवा तक खडण्जा कार्य | 400 | 831149 | 16700 | 200+36 | ए, बी, सी | 03 माह |

**निविदा की मुख्य शर्ते :-**

1. प्रत्येक कार्य की निविदा लागत के समतुल्य बिड कैपेसिटी संलग्न करना अनिवार्य है।
2. प्रत्येक निविदादाता को प्रत्येक निविदा के साथ निविदा शुल्क तथा 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि पृथक-पृथक NEFT/RTGS के माध्यम से बैंक ऑफ इण्डिया, सरकुर्लर रोड रेलवेगंज, हरदोई में संचालित जिला निधि खाता संख्या-740010110014040 आई0एफ0एस0सी0 कोड-BKID0007400 में एवं जी0एस0टी0 की धनराशि जी0एस0टी0 खाता संख्या-09LKNZ05077C1DW में जमा उपरान्त साक्ष्य हेतु जमा रसीद को निविदा के साथ अपलोड किया जायेगा अथवा निविदा शुल्क की पृथक-पृथक धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक / शेड्यूल बैंक से ''अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, हरदोई'' के पक्ष में निर्गत हो तथा देय हो निविदा के साथ संलग्न किया जायेगा तथा 02 प्रतिशत अग्रिम धराहर धनराशि की एफ0डी0आर0/ टी0डी0आर0 जो राष्ट्रीयकृत / शेड्यूल बैंक से निर्गत हो या डाक विभाग द्वारा निर्मित राष्ट्रीय बचत पत्र (एन0एस0सी0) जो अद्यतन वैध हो तथा ''अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, हरदोई'' के पदनाम से बन्धक हो, निविदा के साथ संलग्न किया जायेगा, और अनुबन्ध से पूर्व 08 प्रतिशत धनराशि की FDR/TDR/NSC जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि कार्यालय में प्रपत्र 5 से भी जमा की जा सकती है। 3. प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन चरित्र प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण-पत्र, पंजीकरण प्रमाण-पत्र, रू0 100 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र (टी-6), आधार कार्ड, पैन कार्ड, श्रम विभाग का पंजीयन, सम्बन्धित कार्य का अनुभव प्रमाण-पत्र (जिला पंचायत, हरदोई के पंजीकृत ठेकेदार को छोड़कर) निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न किया जायेगा।
4. शासनादेश संख्या-1791/33-26-2020-198जी/2018 दिनांक 07 सितम्बर, 2020 के द्वारा निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त सफल निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) तथा निविदा के साथ अपलोड समस्त अभिलेख आदि मूलरूप से अनुबन्ध गठन हेतु यथाशीघ्र प्रस्तुत करेंगे। अन्यथा सफल निविदादाता होने के 21 दिवस के उपरान्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी एवं निविदादाता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुये उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की भी कार्यवाही की जा सकती है।
5. शासनादेश संख्या-622/23-12-2012-2आडिट/08टी0सी0-2 दिनांक 08 जून, 2012 के अनुसार 10 प्रतिशत Below पर 0.50 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक Below पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी / परफारमेन्स गारन्टी ली जायेगी। अतिरिक्त राशि जमा करने के उपरान्त ही अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी। निविदादाता द्वारा उक्त धनराशि जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। निर्माण कार्यो में प्रयुक्त सामग्री परीक्षण में गुणवत्ता संतोषजनक पाये जाने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
6. ठेकेदार की विफलता के कारण ठेका मध्य अवधि में निरस्त किया जाता है तो उस परियोजना को अन्य ठेकेदार/एजेन्सी से पूर्ण कराने में होने वाली अतिरिक्त व्यय धनराशि को प्रथम ठेकेदार की जमानत, स्थायी जमानत या अन्य देयकों से प्रतिपूर्ति की जायेगी।
7. रू0 25.00 लाख से अधिक की परियोजनाओं की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति शासन से प्राप्त होने पर ही अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी।
8. क्रमांक 01 से 15 तक अंकित कार्यो को हाटमिक्स प्लान्ट से कराया जाना अनिवार्य होगा। इन कार्यो हेतु ठेकेदार के हाटमिक्स प्लान्ट का स्वामी होने अथवा किरायानामा निविदा के साथ प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

अभियन्ता
जिला पंचायत, हरदोई।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, हरदोई।

अध्यक्ष
जिला पंचायत, हरदोई।



# पूर्व विधायक की तेरहवीं में शामिल हुए डिप्टी सीएम

**कई विधायक और मंत्री समेत अन्य पार्टी के नेताओं का लगा रहा जमावड़ा**

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** मेजा विधानसभा सीट से विधायक रह चुकीं नीलम करवरिया की तेरहवीं संस्कार में मंगलवार को शामिल होने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी समेत कई विधायक व मंत्री कल्याणी देवी स्थित चौधरी गार्डन पहुंचे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने दिवंगत पूर्व विधायक नीलम करवरिया श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पूर्व विधायक उदयभान करवरिया को गले लगा कर उन्हें सांत्वना भी दी। इस दौरान उदयभान फफक कर रो पड़े। उदयभान के साथ भाई पर्व सांसद कपिलमुनि करवरिया और भाई एमएलसी सूरज करवरिया भी मौजूद। भाजपा से विधायक रह चुकी दिवंगत पूर्व विधायक नीलम करवरिया के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक लखनऊ से डिप्टी दोपहर सवा एक बजे प्रयागराज पहुंचे। पहले उन्होंने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। वहां से करीब पौने 3 बजे दोपहर वह पूर्व विधायक उदयभान करवरिया के कल्याणी देवी आवास पहुंचे। वहां से वह कार्यक्रम स्थल चौधरी गार्डन पहुंचे। इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व देवरिया के पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी पहुंचे। दिवंगत नीलम करवरिया को मुख्यमंत्री और पूर्व सांसद ने श्रद्धांजलि अर्पित की। डिप्टी सीएम ने उदयभान करवरिया के भाई पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया और एमएलसी सूरजभान करवरिया से भी मुलाकात की। इस मौके पर डिप्टी सीएम करीब एक घंटे रहने के बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इसके अलावा मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, कांग्रेस से राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी, पूर्व सांसद केसरी देवी पटेल, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह समेत विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने श्रद्धांजलि दी है।


दिवंगत पूर्व विधायक नीलम करवरिया को श्रद्धांजलि देते उपमुख्यमंत्री।

## एक नजर

### कार्य स्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न संबंधी सूचनाएं उपलब्ध करायी जाए

**लखनऊ :** उप्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी व निजी कार्यालयों में महिलाओं के सुरक्षा संबंधी गठित परिवाद समिति और आने वाली शिकायतों का विवरण उपलब्ध कराया जाए। आयोग की अध्यक्ष ने मंगलवार को कहा कि सभी प्रतिष्ठानों की आन्तरिक परिवाद समिति एवं जिला स्तरीय परिवाद समिति का विवरण, कमेटियों में नामित पीठासीन अधिकारी, सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों का विवरण उन्हें उपलब्ध कराया जाए। साथ ही कमेटियों के गठन की अवधि से प्राप्त व निस्तारित शिकायतों का विवरण भी उपलब्ध कराया जाए। डॉ. बबीता सिंह ने कहा कि जिन विभागों में कमेटी गठित नहीं है अथवा अस्तित्व में नहीं है, का समस्त विवरण आयोग को जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

### अखिलेश से मिले सांसद अवधेश प्रसाद

**लखनऊ :** अयोध्या-फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद ने अपने साथियों के साथ मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव से भेंट की और सभी ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में जीत का भरोसा दिलाया। अयोध्या सांसद ने बताया कि उपचुनाव में जयहिन्द समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल निषाद, सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, हसीब खान, संजय पाण्डेय सहयोग करेंगे। क्षेत्र में प्रवास कर घर-घर गांव-गांव सपा की नीतियों और सपा सरकार की उपलब्धियों से जनता को अवगत कराएंगे।

# ईडी ने सेवानिवृत्त अधिकारी समेत चार को भेजा नोटिस

## घोटाले के समय प्रमुख सचिव आवास के पद पर तैनात थे मोहिंदर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** घोटाले में फंसे नोएडा प्राधिकरण के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह को अब ईडी ने नोटिस भेजा है। ईडी ने बसपा सरकार में हुए 1400 करोड़ के स्मारक घोटाले में मोहिंदर सिंह को नोटिस भेजकर 16 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। मोहिंदर उस समय प्रमुख सचिव आवास थे। वहीं, ईडी ने राजकीय निर्माण निगम के पूर्व एमडी सीपी सिंह, निदेशक खनन रामबोध मौर्य और मार्बल इनग्रेवर्स के निदेशक आदित्य अग्रवाल को भी नोटिस जारी किया है।

सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह को ईडी ने फर्जीवाड़े में दो बार नोटिस भेजकर बुलाया था। 5 अक्टूबर को मोहिंदर ने तबीयत खराब होने का हवाला देकर दो सप्ताह का समय मांगा। स्मारक घोटाले में विजिलेंस भी जांच कर रही है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, मार्बल कारोबारी आदित्य अग्रवाल को 15, पूर्व एमडी सीपी सिंह को 17 और निदेशक खनन रामबोध मौर्य को 18 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। विजिलेंस इससे पहले स्मारक घोटाले में सीपी सिंह समेत कई लोगों के यहां छापे मार चुकी है। विजिलेंस ने जनवरी, 2014 में स्मारक घोटाले में एफआईआर दर्ज की थी। मोहिन्दर सिंह की चंडीगढ़ स्थित कोठी में ईडी ने पिछले महीने छापा मारा था। जब इनके यहां से 5 करोड़ की कीमत के सॉलीटेयर डायमंड समेत 7 करोड़ के हीरे मिले थे। इससे पहले मोहिन्दर सिंह सख्ती बढ़ने पर आस्ट्रेलिया चले गए थे। वहां से लौटने के कुछ समय बाद ही ईडी ने उनकी घेराबंदी शुरू कर दी थी। छापे में उनके यहां से करोड़ों रुपये की सम्पत्ति के दस्तावेज भी मिले थे। ईडी अभी इस मामले में जांच कर ही रही है।

**स्मारक घोटाला**



▶▶ निर्माण निगम के पूर्व एमडी निदेशक खनन व मार्बल कारोबारी से पूछताछ

# योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए : नरेंद्र कश्यप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ राज्यमंत्री ने कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं व दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए चल रहीं योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को पहुंचाया जाए।

राज्यमंत्री मंगलवार को विधानभवन स्थित कार्यालय कक्ष में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक के दौरान राज्यमंत्री ने द्वितीय चरण के कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की समीक्षा की।

इस योजना के अंतर्गत पिछड़े वर्ग के युवाओं को 'ओ' लेवल और 'ट्रिपल सी' कम्प्यूटर प्रशिक्षण देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में आवश्यक तकनीकी कौशल प्राप्त कर पिछड़े वर्ग के युवा न केवल रोजगार योग्य बनेंगे, बल्कि वे स्वरोज़गार के नए अवसरों का सृजन कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और इसे उच्च मानकों वाली संस्थाओं के माध्यम से संचालित किया जाए।

# श्रद्धालुओं से भरी प्राइवेट बस खड़े कंटेनर से टकराई, कई घायल

संवाददाता, खुटार, लखीमपुर खीरी



▶▶ खुटार गोला रोड पर मंगलवार रात साढ़े 10 बजे हुआ हादसा

▶▶ चालक के साथ की गई मारपीट, पुलिस कर रही थी वाहन चेकिंग

**अमृत विचार :** गोला रोड पर मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे मां पूर्णागिरि धाम से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस खुटार-खीरी सीमा पर खड़े कंटेनर में पीछे से टकरा गई।

इस हादसे में लखनऊ के थाना मोलालगंज के गांव पूरनपुर निवासी धन्नो देवी पत्नी रामू (55), उनकी पुत्रवधू जावित्री देवी (35), बेटी सुशीला देवी (25), दामाद रोहित (30) और विनोद (35), स्वकली (60), सचिन (18), मंजू देवी पत्नी नरेश कुमार, प्यारी देवी, दुलारे सहित करीब 20 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। जिन्हें खुटार और खीरी के कस्बा गोला के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हीं के गांव के रहने वाले किशोर हर वर्ष बस में लोगों को लेकर मां पूर्णागिरि धाम जाते हैं। 6 अक्टूबर को उनके यहां से मां पूर्णागिरि धाम के लिए तीन बसें गई थीं। एक बस में करीब 70 से अधिक श्रद्धालु सवार थे। मंगलवार शाम को वहां से सभी अपने घर लौटकर जा रहे थे। खुटार-गोला रोड पर टेड़वा पुल के पास उनकी बस खड़े कंटेनर में पीछे से जा घुसी। इससे बस में सवार 20 से अधिक लोग घायल हो गए। श्रद्धालुओं ने बताया कि बस का चालक शराब पिए था, जिस वजह से यह हादसा हो गया। उसी दौरान खीरी सीमा पर मौजूद पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इस कारण सड़क किनारे वाहन खड़े थे।

बताया जा रहा है कि हादसे के बाद श्रद्धालुओं ने बस चालक को पीटा। इस बीच घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। इससे उसकी जान बच गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर श्रद्धालुओं ने काफी देर तक हंगामा किया। खीरी और खुटार पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत किया। इस दौरान सड़क के दोनों और जाम लग गया। हालांकि मामला सुलझाने के बाद आवागमन सुचारू हो सका।

> यह हादसा लखीमपुर खीरी के मैलानी इलाके में हुआ है। सूचना मिलने पर मैलानी पुलिस मौके पर पहुंच गई है। वहीं की पुलिस इस मामले में कार्रवाई करेगी।
> –राजेन्द्र कुमार, थानाध्यक्ष खुटार

## नरसिंहानंद के खिलाफ प्रदर्शन, 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गाजियाबाद/मेरठ :** पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ डासना मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंहानंद के आपत्तिजनक बयान के विरोध में जारी देशव्यापी आंदोलन के बीच मंगलवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया और 'यूपी गेट' पर दिल्ली से गाजियाबाद जाने वाली सर्विस लेन को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में 1 नामजद लोगों के साथ ही 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस बीच, मेरठ पुलिस ने सोमवार को शहर के मुंडाली में प्रदर्शन कर रहे 15 लोगों को गिरफ्तार किया।

# विदेश में हुए अपराध की जांच के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी पर्याप्त : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ कल्पना महेश्वरी की याचिका पर कोर्ट ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय नागरिकों द्वारा विदेश में किए गए अपराध की जांच के संबंध में कहा कि सीआरपीसी की धारा 188 के तहत भारतीयों द्वारा भारत के बाहर किए गए अपराध की जांच के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 की धारा 6 के तहत राज्य सरकार की सहमति लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार की जांच के लिए केवल केंद्र सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होती है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने कल्पना महेश्वरी द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में अपनी बेटी की मौत की सीबीआई जांच करवाने की मांग को लेकर दाखिल आपराधिक याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने केंद्रीय कार्मिक और लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) द्वारा 2016 में जारी अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा कि सीबीआई को गृह मंत्रालय से अभियोजन के लिए मंजूरी प्राप्त करने तथा उससे निपटने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। अगर भारत के बाहर कोई अपराध किया जाता है तो केवल सीबीआई ही जांच कर सकती है। इसमें राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं है।

हालांकि विभाग के सचिव ने तर्क दिया कि धारा 188 के तहत किसी भी मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंपने के लिए राज्य सरकार की सहमति एक आवश्यक शर्त है। मामले में याची ने हाईकोर्ट में वर्तमान याचिका दाखिल की।



**उत्साह** प्रयागराज में दशहरा उत्सव के जुलूस के दौरान हिंदू देवी-देवताओं राम, लक्ष्मण और सीता के स्वरूप में कलाकारों की फोटो खींचने को जुटी लोगों की भीड़। ● एजेंसी

## लगाए गए पेड़ों की सुरक्षा हम सबका दायित्व : अरुण सक्सेना

**लखनऊ :** वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि राज्य में अब 3 माह का 'पेड़ बचाओ अभियान' चलाया जाएगा। इसमे पौधरोपण अभियान में लगाए गए पेड़ों की देख-भाल व सुरक्षा का कार्य किया जायेगा। यह अभियान 14 जनवरी तक चलेगा।

वन मंत्री, मंगलवार को कुकरैल नदी तट पर स्थित 'सौमित्र वन' में पेड़ बचाओ अभियान त्रैमास की शुरुआत करने के बाद कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरे प्रदेश में 36.80 करोड़ पेड़ लगाये गये हैं, उनका विशेष ध्यान रखा जाये। अरुण सक्सेना ने कहा कि वह स्वयं भी जिलों का भ्रमण कर रोपित पौधों की स्थिति को देखेंगे।


## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद-अमेठी

पत्रांक :-समग्र शिक्षा/के0जी0बी0वी0/1330 /2024-25 दिनांक 07 अक्टूबर, 2024

**सूचना**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वी0/जि0 स0बै0/4571/2024-25 दिनाकः- 14.08.2024 के क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर चयन / पदस्थापन किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं जो विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-13553/2022 स्टेट प्रोजेक्ट डाइरेक्टर बनाम सरोज मौर्या व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेश के अधीन होगी। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक व शिक्षणेत्तर कर्मियों के नवीन चयन/पदस्थापन / संविदा के सम्बन्ध में राज्य परियोजना निदेशक, लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वी0/शिक्षक/8362/2020-21 दिनांकः 04.01.2021 के साथ संलग्न, अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन पत्रांक संख्या-1553/68-5-2020 दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 के क्रम में जिलाधिकारी महोदया के अनुमोदन दिनांक-26.09.2024 के अनुपालन में जनपद अमेठी में संचालित 13 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शैक्षिक व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों पर निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए संविदा पर कार्य करने हेतु पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अमेठी के कार्यालय में इस प्रकार से प्रेषित किया जाय कि आवेदन पत्र निर्धारित तिथि दिनांक-25.10.2024 को सायं 05:00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाय। साधारण डाक से दस्ती के रूप में एवं निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। सभी पदों पर केवल महिला अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते है। उक्त विज्ञप्ति, प्रारूप एवं शर्तें www.Amethi.nic.in पर उपलब्ध है। सेवा अनुबन्ध के आधार पर निर्धारित मानदेय पर रिक्त पदों की आवश्यकता का विवरण एवं अर्हता निम्नवत् है-

| क्र0 सं0 | पद नाम व विषय | आयु 01.04.2024 | कुल रिक्त पद | आरक्षित रिक्त पदों की सुंख्या | मानदेय | अनिवार्य शैक्षिक व प्रशिक्षण अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका गणित | 25-45 | 04 | अ0पि0वर्ग-02 अनु0 जाति-02 | 24200/- प्रतिमाह | गणित (P.C.M.) वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/एल0टी0/ समकक्ष एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका विज्ञान | 25-45 | 02 | अ0पि0वर्ग-02 | 24200/- प्रतिमाह | विज्ञान (Z.B.C.) वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/एल0टी0/ समकक्ष एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0 ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका हिन्दी / संस्कृत | 25-45 | 02 | अ0पि0वर्ग-01 अनु0जाति-01 | 24200/- प्रतिमाह | भाषा (हिन्दी एवं संस्कृत) से प्रशिक्षित स्नातक तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड/एल0टी0 /समकक्ष एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका सा0 विषय | 25-45 | 01 | अनु0जाति - 01 | 24200/- प्रतिमाह | सामाजिक विषय (भूगोल, इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में से किसी एक विषय से प्रशिक्षित स्नातक तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/ एल0टी0 / समकक्ष एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0 ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षिका अंग्रेजी | 25-45 | 01 | अ0पि0वर्ग-01 | 24200/- प्रतिमाह | अंग्रेजी विषय से प्रशिक्षित स्नातक तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/एल0टी0 / समकक्ष एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0 ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 6 | अंशकालिक शिक्षिका कला, क्राफ्ट, संगीत | 25-45 | 01 | EWS-01 | 12181/- प्रतिमाह | कला, क्राफ्ट, संगीत / गृह शिल्प विषय से प्रशिक्षित स्नातक तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/एल0टी0 / समकक्ष |
| 7 | अंशकालिक शिक्षिका स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा | 25-45 | 01 | अनु0जाति - 01 | 12181/- प्रतिमाह | बी0पी0एड0 / सी0पी0एड0 / डी0पी0एड0 /एन0सी0 टी0ई0 से मान्य प्रशिक्षित स्नातक उपाधि। |
| 8 | अंशकालिक शिक्षिका कम्प्यूटर शिक्षक | 25-45 | 03 | अनु0 जाति-03 | 12181/- प्रतिमाह | एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0 / समकक्ष एल0 टी0 इसके अतिरिक्त पी0जी0डी0सी0ए0 / बी0सी0ए0/ बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साइन्स अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ0 लेवल / ए0 लेवल डिप्लोमा। |
| 9 | लेखाकार | 25-45 | 02 | अ0पि0वर्ग-01 अनु0जाति-01 | 13673/- प्रतिमाह | स्नातक वाणिज्य तथा एम0एस0 आफिस पर कार्य का ज्ञान |
| 10 | सहायक रसोईयां | 25-45 | 03 | EWS-01 अनु0जाति-02 | 6433/- प्रतिमाह | कक्षा-8 उत्तीर्ण । |
| | | योग | 20 | | | |

**संजय तिवारी**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**जनपद अमेठी**


## उत्तराखंड

# साइबर अटैक : हैकरों ने मांगी थी फिरौती, रिपोर्ट दर्ज

ब्यूरो, देहरादून



देहरादून में पत्रकार वार्ता करते आईजी नीलेश आनंद भरणे।

▶▶ आईजी ने प्रेस वार्ता कर बताया सारा डाटा सेफ, चल रहीं सभी एप्लीकेशन

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के स्टेट डाटा सेंटर पर हुए साइबर अटैक के बाद अब लगभग सभी वेबसाइट और एप्लीकेशन अब सुचारू हो गए हैं। हैकर्स ने आईटीडीए का पूरा सिस्टम हैक कर फिरौती की मांग की थी। इस मामले में साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस संदिग्ध साइबर अटैकर्स का पता लगाने में जुट गई है। जांच के लिए एसटीएफ के डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई है, जबकि जांच में एनआईए की मदद भी ली जाएगी।

पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे, अपराध एवं कानून व्यवस्था एवं स्पेशल टास्क फोर्स के पुलिस उपमहानिरीक्षक सेंथिल अब्दई कृष्ण राज. एस ने मंगलवार को कोर्ट रोड स्थित सरदार पटेल भवन में प्रदेश में हुए साइबर अटैक के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दो अक्टूबर को दोपहर 14.45 से 14.55 बजे लगभग के मध्य सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम) कार्यालय में थाने द्वारा प्रेषित संबंधित शिकायतों का निस्तारण टेक्निकल टीम द्वारा किया जा रहा था, तभी सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट ने एकाएक काम करना बंद कर दिया। कोई भी सिस्टम काम नहीं कर रहा था। इस पर आईटीडीए (सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी) उत्तराखंड से जानकारी की गई तो आईटीडीए के सर्वर पर हैकिंग संबंधी मैसेज (नोट पैड) में सर्वर के प्रत्येक फोल्डर में प्रदर्शित हो रहा था। जिसमें उक्त कार्य करने वाले व्यक्ति द्वारा संपर्क करने के लिए मेल आई-डी दी गई व भुगतान (फिरौती) के बाद डाटा सुरक्षित उपलब्ध कराए जाने से संबंधित मैसेज अंकित किए गए। हालांकि इसमें रकम नहीं खोली गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में धारा- 308(4) बीएनएस व 65/66/66 सी आईटी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया। एसटीएफ के एसएसपी नवनीत सिंह ने मामले की जांच को पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्रा के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। एसआईटी ने तत्काल आईटीडीए पहुंचकर आईटी प्रणाली को पुनः सुचारू रुप से संचालित करने हेतु सहयोग के साथ ही साक्ष्य एकत्रित करने की कार्यवाही शुरू कर दी।

## दो हजार नशे की गोलियों के साथ दंपति सहित तीन दबोचे

**रुद्रपुर/किच्छा :** थाना किच्छा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नशीली गोलियों के साथ दंपति सहित तीन सौदागरों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से दो हजार नशे की प्रतिबंधित गोलियां सहित 9 लाख नगद बरामद किए। मंगलवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि किच्छा थाना पुलिस ने 7 अक्टूबर को नशीली गोलियों की सप्लाई की सूचना मिलने पर महिला सहित तीन आरोपियों को दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम वार्ड-पांच बंडिया भट्टा निवासी सुरेंद्र व उसकी पत्नी बलजीत कौर और वीरेंद्र सिंह उर्फ काके बताया।



मंगलवार को सरयू नदी में सर्च अभियान चलाती अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ पुलिस।

### स्कूटी समेत नदी में गिरी दो युवतियां, एक लापता

**अमृत विचार, अल्मोड़ा :** हाट कालिका मंदिर गंगोलीहाट से पिथौरागढ़ जा रही एक स्कूटी सरयू नदी में जा गिरी। जिससे उसमें सवार एक युवती झाड़ियों में फंसने से बच गई। वहीं, दूसरी युवती लापता है। हादसे के बाद अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ की पुलिस व एसडीआरएफ की टीम युवती की तलाश में जुटी हुई है। बीते सोमवार शाम किरन (26) पुत्री स्व. कैलाश राम और संगीता (23) पुत्री उमेद राम, दोनों निवासी न्यू बजेठी (पिथौरागढ़) स्कूटी से हाट कालिका मंदिर गंगोलीहाट के दर्शन कर वापस पिथौरागढ़ लौट रही थीं। सरयू, पनार पुल क्रॉस करते ही स्कूटी अनियंत्रित हो गई। इससे किरन छिटककर सड़क से लगभग 10 मीटर नीचे सरयू नदी में जा गिरी। जबकि संगीता झाड़ियों में फंस गई। संगीता को पुलिस ने सकुशल बचा लिया।

## गबन के आरोपी बैंक प्रबंधक-सहायक प्रबंधक से पूछताछ

**रुद्रपुर :** एसएलओ और एनएच काला के संयुक्त खाते से गबन हुए करोड़ों मुआवजा राशि प्रकरण में अहम किरदार निभाने वाले आरोपी बैंक प्रबंधक व सहायक प्रबंधक को पुलिस कस्टडी रिमांड पर ले लिया गया है। 2 सितंबर को समीक्षा बैठक के दौरान एसएलओ कौस्तुभ मिश्रा ने इंडसइंड बैंक शाखा में संयुक्त खाते से 13.51 करोड़ की मुआवजा राशि के गबन होने का मामला पकड़ा था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रारंभिक तफ्तीश और पुख्ता सबूतों के आधार पर इंडसइंड बैंक के शाखा प्रबंधक देवेंद्र सिंह व सहायक प्रबंधक प्रियम सिंह को गबन प्रकरण में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## एक नजर

### पुलिस कर्मी ने पत्नी और सास को पीटा

बरेली : पुलिसकर्मी ने विवाद के बाद मायके में रह रही पत्नी और सास को घर में घुसकर पीटा। सुभाषनगर के नेकपुर रोड मढ़ीनाथ निवासी प्रियंका पांडेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका विवाह मेरठ के थाना मवाना के गांव खेड़ी मनिहार निवासी चेतन चौधरी के साथ हुआ है। चेतन पुलिस में नौकरी करता है। उनका पति से आपसी विवाद है, जिसका मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। मुकदमा की वजह से चेतन उससे रंजिश मानता है। सोमवार शाम करीब 7.23 बजे चेतन उनके घर में घुस आया और मां और उनसे गाली गलौज कर मारपीट की।

### स्वार के युवक की चंदौसी में सर्पदंश से मौत

स्वार (रामपुर) : रेलवे लाइन पर स्लीपर डालते समय ट्रैक्टर चालक को सांप ने डस लिया। जिससे युवक की मौत हो गई। तहसील क्षेत्र के गांव धनौरी निवासी दीनदयाल का बेटा जगतपाल (30) ठेकेदार के साथ चंदौसी में अपने ट्रैक्टर से रेलवे लाइन पर स्लीपर बिछाने का काम करता था। जगतपाल ट्रैक्टर से स्लीपर बिछा रहा था। इस दौरान उसे सांप ने डस लिया। अन्य मजदूर जगतपाल को अस्पताल ले गए, हालत में सुधार न होने पर परिजन जगतपाल को झाड़ फूंक करने वालों के पास ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि जगतपाल के परिवार में पत्नी, एक बेटा व एक बेटी हैं।

### सड़क हादसे में किसान की मौत

सैदनगर (रामपुर) : अजीमनगर थाना क्षेत्र में देर रात हुए सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई। परिजन की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हादसा थाना क्षेत्र के अजीमनगर मार्ग स्थित मंसूरपुर की पुलिया के पास हुआ। थाना क्षेत्र के खिमोतिया खेड़ा गांव निवासी नत्थू लाल (48) खेती करते थे। सोमवार की शाम वह रामपुर गए थे। रात करीब 9 बजे घर लौटते समय मंसूरपुर की पुलिया के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को रौंद दिया। हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए। वह घायल किसान को जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने बताया जांच की जा रही है।

# रबड़ फैक्ट्री : आगे बढ़ी नए केस दायर करने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- शासन ने यूपीसीडा के सीईओ और डीएम से तीन बिंदुओं पर मांगी रिपोर्ट
- फैक्ट्री की करीब 1400 एकड़ जमीन वापस लेने को जोर लगा रही है सरकार

अमृत विचार : बंद पड़ी रबड़ फैक्ट्री की करीब 1400 एकड़ जमीन वापस लेने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट और डीआरटी में अलग वाद दर्ज कराने की अनुमति के लिए मंडलायुक्त की ओर से लिखे गए पत्र पर शासन ने यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और जिलाधिकारी से तीन बिंदुओं पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। दोनों अफसरों को एक सप्ताह में रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने रिपोर्ट तैयार करानी शुरू कर दी है।

रबड़ फैक्ट्री करीब 25 वर्ष से बंद पड़ी है। इसकी करीब 1400 एकड़ जमीन पर मालिकाना हक के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट में केस चल रहा है जिसमें यूपी सरकार पक्षकार है। कुछ समय पहले मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की ओर से शासन को पत्र लिखकर जमीन पर मालिकाना हक के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट और डीआरटी में राज्य सरकार की ओर से अलग केस दायर करने का सुझाव दिया था। इस पर निर्णय लेने से पहले शासन के औद्योगिक विकास विभाग के उप सचिव निर्मेष कुमार शुक्ल ने यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है।

प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, उपसचिव की ओर से 7 अक्टूबर को लिखे पत्र रबड़ फैक्ट्री स्थापित करने के लिए सरकार की ओर से दी गई जमीन की डीड की कॉपी और बॉम्बे हाईकोर्ट में विचाराधीन अलकेमिस्ट एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन लिमिटेड बनाम मेसर्स सिंथेटिक एंड केमिकल्स लिमिटेड व अन्य में बतौर पक्षकार राज्य सरकार की अद्यतन स्थिति के साथ उन तथ्यों के बारे में विस्तार से कार्ययोजना की जानकारी देने को कहा है जिसके आधार पर केस दर्ज कराने का सुझाव दिया गया है।

बॉम्बे हाईकोर्ट और डीआरटी में अलग-अलग नए वाद दायर करने के लिए मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की ओर से 17 सितंबर को प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास को पत्र भेजा गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील अनिल सिंह की ओर से रबड़ फैक्ट्री केस में हाईकोर्ट और डीआरटी मुंबई में जमीन पर कब्जा लेने के संबंध में इस योजना की जानकारी दी गई थी। इसके बाद 23 सितंबर को यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक मंसूर कटियार ने भी उप सचिव औद्योगिक विकास को पत्र लिखा था जिसमें मंडलायुक्त के पत्र पर विचार करने का अनुरोध किया गया था।

इस पत्र में यह भी जानकारी दी गई था कि वाद दाखिल करने के लिए अधिवक्ता आदित्य ठक्कर और सौभाग्य अग्रवाल को नामित किया जाना प्रस्तावित है, दोनों वरिष्ठ वकीलों को याचिका तैयार कराने और उस पर प्रभावी पैरवी के लिए उत्तर प्रदेश शासन से आबद्ध करने का अनुरोध भी किया था। फतेहगंज पश्चिमी में रबड़ फैक्ट्री स्थापित करने के लिए 1960 के दशक में मुंबई के सेठ किलाचंद को 3.40 लाख रुपये लेकर 1382.23 एकड़ भूमि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से लीज पर दी गई थी। लीज डीड में यह शर्त शामिल थी कि फैक्ट्री बंद होने पर सरकार जमीन वापस ले लेगी लेकिन ऐसा हो नहीं पाया था। फैक्ट्री 15 जुलाई 1999 को बंद हो गई थी।

# प्यार में बाधा बने परिजन तो युवती ने फंदे से लटक कर दी जान

संवाददाता, ढकिया (रामपुर)

- प्रेम-प्रसंग के चलते दो दिन पूर्व प्रेमी के घर आंवला चली गई थी युवती

अमृत विचार : प्रेम-प्रसंग के चलते युवती दो दिन पूर्व अपने प्रेमी के घर बरेली के आंवला चली गई थी। युवती के परिजनों ने प्रेमी के परिजनों पर दबाव डालकर सोमवार को उसे वापस बुला लिया। पिता के घर आने से क्षुब्ध युवती ने सोमवार देर रात फंदे पर लटकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

ढकिया चौकी क्षेत्र के भगवतीपुर गांव निवासी साक्षी (19) का बरेली के आंवला निवासी युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसके चलते दो दिन पूर्व युवती अपने प्रेमी के घर आंवला चली गई थी। उसके परिजनों को यह बात नागवार गुजरी। उन्होंने प्रेमी के परिजनों पर दबाव डालकर सोमवार को युवती को अपने घर बुला लिया। घर आने पर परिजनों ने युवती को खूब खरी खोटी सुनाई। इससे क्षुब्ध होकर साक्षी ने सोमवार की रात परिजनों के सोने के बाद मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में फंदे पर लटक कर जान दे दी। प्रधान ने ढकिया चौकी पुलिस को फोन पर जानकारी दे दी। शाहबाद सीओ संगम कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# छींटाकशी पर गुस्सायी युवती ने युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

## पुलिस दोनों को लाई थाने, युवक बोला- पता पूछा था

संवाददाता, कांठ (मुरादाबाद)



युवक की पिटाई करती युवती।

- चीखता रहा युवक, युवती का शांत नहीं हुआ गुस्सा, सड़क पर मच गई अफरा-तफरी

अमृत विचार : छींटाकशी करने पर युवती ने फिल्मी अंदाज में बाइक सवार युवक को खींच कर गिराने के बाद लात-घूंसों से जमकर पीटाई की। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। युवक बचने को चीखता-चिल्लाता हुआ भागता रहा, लेकिन युवती दौड़ा-दौड़ाकर पीटती रही। पुलिस दोनों को थाने लेकर पहुंची और मामले में पूछताछ कर रही है। इस घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

आरोप है कि कांठ कस्बे में एचपी गैस एजेंसी के पास मंगलवार को बाइक सवार युवक ने युवती पर छींटाकशी कर दी। इस पर गुस्साई युवती ने फिल्मी अंदाज में युवक को बाइक से खींचकर गिरा लिया और बीच सड़क पर पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। किसी तरह युवक अपनी जान बचाकर स्टेशन रोड की ओर भागा। इस पर युवती ने एक लड़के की बाइक पर बैठकर उसका पीछा किया। फिर चमन सिलाई सेंटर के पास उसे रोककर लात-घूंसों से पिटाई की। लोगों ने घटना की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

सूचना के बाद पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस आरोपी युवक और युवती को पकड़कर थाने ले गई। युवक का कहना था कि उसने कोई छींटाकशी नहीं की है। वह पता पूछ रहा था। इस संबंध में देर शाम तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## एसिड अटैक पीड़ित कक्षा 8 की छात्रा की मौत

हसनपुर/रहरा (अमरोहा) : गांव के निजी स्कूल की कक्षा आठ की एसिड अटैक पीड़ित छात्रा यशोदा ने आखिर 36 घंटे मौत से लड़ने के बाद मंगलवार सुबह दम तोड़ दिया। छात्रा की मौत के बारे में जिसने भी सुना सिर्फ यही आवाज आई कि दरिंदों को फांसी की सजा होनी चाहिए।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के रहरा थाना क्षेत्र से करीब 7 किलोमीटर दूर पथरा मुस्तकम गांव है। यहां किसान प्रकाश सिंह की बेटी यशोदा का सोमवार तड़के करीब 3 बजे घर के बाहर हेडपंप से पानी लेने के दौरान गांव के पिता-पुत्र ने अपहरण कर लिया था। दोनों आरोपी किशोरी का मुंह बंद कर पैदल ही गांव के बाहर ले गए थे। जहां उसके साथ मारपीट कर चेहरे सहित शरीर पर तेजाब डाल दिया था। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि मंगलवार की सुबह पीड़िता की मौत हो गई। भाई की तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी योगेंद्र व उसके पिता प्रेमपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

# महिला मित्र के साथ मिलकर मौलाना मसूद छात्राओं को कर रहा था ब्लैकमेल

कार्यालय संवाददाता, बेहजम (खीरी)



मौलाना मसूद

- मौलाना उसकी महिला मित्र समेत तीन पर कराई गई एफआईआर गिरफ्तार

अमृत विचार : थाना नीमगांव क्षेत्र में छात्राओं को ब्लैकमेल करने वाले मौलाना मसूद और उसकी महिला दोस्त पर पुलिस ने शिकंजा कस लिया है। पुलिस ने एक कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक समेत तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मौलाना मसूद को तीसरे दिन गिरफ्तार कर लिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा अपनी दो सहेलियों के साथ थाना नीमगांव क्षेत्र स्थित एक कोचिंग में पढ़ती है। परिजनों के मुताबिक, तीनों छात्राओं की मित्रता प्रियंका नाम की युवती से हो गई। प्रियंका का अफेयर अछनियां निवासी मौलाना मसूद से है। मसूद की गांव में परचून की दुकान है। वह मोबाइल रिचार्ज भी करता है। प्रियंका ने तीनों सहेलियों को फुसलाकर उनके आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाकर अपने प्रेमी मौलाना मसूद को भेजे। मसूद इन लड़कियों को ब्लैकमेल करने लगा। परिजनों का आरोप है कि मसूद के मोबाइल फोन में कान्वेंट स्कूल की कई हिन्दू लड़कियों के फोटो हैं। इस विद्यालय के प्रबंधक का नाम भी मसूद खां है, इससे कहीं न कहीं इस प्रकरण में प्रबंधक का भी हाथ लग रहा है।

पुलिस ने छात्राओं के परिजनों की तहरीर पर मसूद, उसकी महिला मित्र प्रियंका और कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक मसूद खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी मसूद को गिरफ्तार कर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### कोचिंग संचालक छात्राओं पर बयान बदलने का बना रहा दबाव

विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने कस्बा बेहजम में अवैध तरीके से चल रहे कोचिंग सेंटर के संचालक पर छात्राओं पर बयान बदलने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। चौकी इंचार्ज भी संचालक को संरक्षण दे रहे हैं। वह सार्वजनिक रूप से कोचिंग सेंटर पर जाकर पीड़ित बालिकाओं के बयान दर्ज कर रहे हैं।

### मसूद के खिलाफ छेड़छाड़ का एक और केस दर्ज

छात्राओं को ब्लैकमेल करने वाला मौलाना मसूद काफी शातिर है। उसने कई छात्राओं को ब्लैकमेल कर उनका शोषण किया है। एक अन्य छात्रा के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मौलाना मसूद और एक अज्ञात के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## अभाविप ने हिंदू कॉलेज के गेट में जड़ा ताला प्राचार्य को भी घेरा

अमृत विचार, मुरादाबाद : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को हिंदू कॉलेज में जबरदस्त प्रदर्शन किया। उग्र छात्रों ने कॉलेज के मुख्य द्वार में अंदर से ताला लगा दिया। स्थिति बिगड़ती देख प्राचार्य प्रो. एसएस रावत ने फोन कर पुलिस बुला ली। पुलिस के पहुंचने पर छात्रों ने गेट का ताला खोला और फिर नारेबाजी करते हुए नियंता मंडल के ऑफिस में पहुंच गए, जहां प्राचार्य बैठे थे तो उनका घेराव किया। स्थिति को देखते हुए प्राचार्य ने सभी मांगे जल्द ही पूरा करने का भरोसा दिया। इसके बाद छात्र शांत हुए। करीब दो-ढाई घंटे चले इस हाई वोल्टेज प्रदर्शन में करीब 300 की संख्या में छात्र शामिल थे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री पुनीत अग्रवाल, महानगर मंत्री गौरव क्षत्रिय ने बताया कि कॉलेज में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था तक नहीं है। छात्र गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद भी कॉलेज में नई शिक्षा प्रणाली के अनुसार पुस्तकें नहीं मंगाई जा सकी हैं।

# मूक बधिर ने की थी दोस्त की हत्या

कार्यालय संवाददाता,संभल

- 6 दिन पहले हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा
- मृतक के साथ समलैंगिक संबंध होने का राज भी खोला

अमृत विचार : जनपद संभल के बनियाठेर थाना क्षेत्र में 6 दिन पहले हुई हत्या के मामले में चौकाने वाला खुलासा हुआ है। बहन के साथ छेड़छाड़ से नाराज होकर दोस्त ने थप्पड़ मारा तो मूक बधिर इस कदर आहत हुआ कि उसने चाकू से गला रेतकर उसकी जान ले ली। गिरफ्तार कर ट्रांसलेटर की मदद से पुलिस ने पूछताछ की तो दोनों के बीच समलैंगिक संबंध होने की बात भी मूक बधिर ने कबूली है।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव कादरपुर कुकेटा निवासी जसवंत (28) का शव 3 अक्टूबर को गांव के जंगल में महेश के धान के खेत में पड़ा मिला था। चाकू से जसवंत की हत्या की गई थी। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस हत्यारे तक पहुंची तो पता चला कि गांव के ही रहने वाले मूक बधिर जितेंद्र उर्फ गूंगा ने जसवंत की जान ली थी। पुलिस ने जितेंद्र उर्फ गूंगा को हिरासत में लेकर ट्रांसलेटर की मदद से उससे पूछताछ की तो उसने हत्या की वारदात कबूल कर हत्या की वजह भी बता दी।

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीश्चंद्र ने बताया कि दो माह पहले जितेंद्र उर्फ गूंगा ने जसवंत की बहन के साथ छेड़छाड़ कर दी थी। बहन से जसवंत को बताया तो जसवंत गूंगा के घर पहुंचा और सबके सामने उसे डांटते हुए एक-दो थप्पड़ मार दिये। इस घटना के बाद से ही जितेंद्र जब भी जसवंत की बहन को देखता था तो गर्दन चाकू से काट देने का इशारा करता था। इसी रंजिश में 3 अक्टूबर को जितेंद्र ने जसवंत की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी।

जसवंत हत्याकांड में एक पहलू यह भी सामने आया है कि जितेंद्र व जसवंत के बीच समलैंगिक संबंध थे। जब शव बरामद हुआ तो जसवंत के शरीर पर मिली ब्रा को देख पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई तो यह राज खुला।

# मानसिक दिव्यांग की जमीन से फूटा दुश्मनी का बीज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- जिसकी थी 22 बीघा जमीन उसकी हो चुकी है मौत
- अधिवक्ता और चचेरे भाई की इस जमीन पर थी नजर

अमृत विचार : मुखानी थाना क्षेत्र के कमलुवागांजा में सोमवार आधी रात अधिवक्ता उमेश नैनवाल की उसी के चचेरे भाई दिनेश नैनवाल ने गोली मार कर हत्या कर दी। दोनों भाइयों के बीच रंजिश का बीज जिस 22 बीघा जमीन की वजह से उपजा था, वो जमीन एक मानसिक दिव्यांग व्यक्ति की थी। इस व्यक्ति की कुछ माह पहले ही मौत हो चुकी है। जमीन का कोई और दावेदार नहीं था तो नैनवाल बंधुओं की इस पर नजर जम गई। दोनों भाइयों ने पहले तो जमीन को आपस में बांटने का फैसला कर लिया, लेकिन बेशकीमती जमीन को लेकर दोनों के मन में लालच बढ़ता गया और इसी को लेकर उनमें रंजिश हो गई।

पूरनपुर नैनवाल लामाचौड़ निवासी अधिवक्ता उमेश नैनवाल के बेटे आदित्य का सोमवार को कमलुवागांजा में चल रही रामलीला में मंचन था। आदित्य परशुराम की भूमिका निभा रहा था और उमेश दूर खड़े बेटे के अभिनय का वीडियो बना रहे थे। तभी वहां उनका चचेरा भाई दिनेश नैनवाल पहुंचा। एक पब्लिक स्कूल का मालिक दिनेश नैनवाल दबे कदमों से उमेश के पीछे पहुंचा और पीठ से सटाकर तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगते ही उमेश लहूलुहान होकर वहीं गिर गए और दिनेश तमंचा घटना स्थल से कुछ दूरी पर फेंक कर फरार हो गया। उमेश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तभी प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हो गया था कि घटना के पीछे जमीन का विवाद है। जांच में पता चला कि जिस 22 बीघा जमीन को लेकर विवाद था, वह न तो उमेश के नाम पर थी और न ही दिनेश के नाम पर। जमीन का असली मालिक हेम चंद्र नैनवाल था। हेम की मौत के बाद करीब 40 करोड़ रुपये की जमीन लावारिस हो गई थी।

## वर्ग पहेली-216

**बाएं से दाएं**

1. 1. एक मुगल शासक जो अकबर का पिता था 2. भाग्यशाली व्यक्ति।
5. श्रावक धर्मावलंबी, जैन धर्म पर विश्वास करने वाला, जैन मतानुयायी।
6. 1. 'घम-घम' शब्द होना 2. तेज़ आवाज़ करना, गरजना।
9. 1. तरल पदार्थ (जल आदि) को उलीचकर बाहर फेंकना 2. पंक

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जिसकी आशा टूट गई हो, उदास, हताश, निराश, नाउम्मीद 2. खिन्न।
3. दरवाज़े के चौखट के नीचे की लकड़ी, देहरी।
4. 1. संसार 2. मर्त्यलोक 3. प्राणीजगत।
7. एक प्रकार का दलहन।
8. 1. कम मात्रा का, अल्प; न्यून, जो परिमाण में कम हो, अल्पलभ्य, कुछ, ज़रा-सा, किंचित 2. अपर्याप्त, आवश्यकता या ज़रुरत से कम या घटकर 3. केवल उतना जितने में कार्य हो जाए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 |
| ■ | | ■ | 4 | ■ | |
| ■ | 5 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 6 | 7 | | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 8 |
| 9 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -215 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज़ | ■ | 2 अँ | ■ | ■ | ■ |
| मीं | ■ | 3 जु | 4 बा | द | ■ |
| ■ | 5 ज़ | ली | ल | ■ | 6 आ |
| ■ | ■ | ■ | वा | ■ | ति |
| ■ | 7 घ | रा | ड़ी | ■ | श |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | बा |
| 8 फ़ा | इ | न | ल | ■ | ज़ी |

## सुडोकू -129

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | | 7 | | 8 |
| | 2 | | 4 | | | | | |
| 7 | 6 | | 3 | 1 | | | | |
| 2 | | | 1 | | 7 | | 5 | 9 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 8 | 7 | | 9 | | 3 | | | 4 |
| | | | | 3 | 1 | | 2 | 5 |
| | | | | | 6 | | 3 | |
| 4 | | 1 | | 9 | | | 7 | |

### सुडोकू - 128 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 6 | 7 | 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 12.14 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 10 अक्टूबर 05.15 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** : आज प्रेम संबंध काफी संवेदनशील रहेंगे। विदेश यात्रा में परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। रूढ़िवादी विचारों को त्यागें व लचीलापन अपनाएं। नजदीकी संबंधों में कड़वाहट आ सकती है।

**वृष** : आज किसी ही दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले अच्छी तरह से पढ़ लें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राजनीति से जुड़े लोगों को समस्या हो सकती है। आपके निजी खर्चों में अचानक वृद्धि हो सकती है। यात्रा के दौरान परेशानियां होगी।

**मिथुन** : आज बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आप लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। सभी काम समय पर हो जाएंगे।

**कर्क** : आज विवादों में मध्यस्थता करने से आपको बचना चाहिए। बनते कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। परिजनों की चिंता रहेगी। कानूनी मामले अटक सकते हैं।

**सिंह** : आज म्यूचुअल फंड में निवेश करना शुभ नहीं है। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का दबाव रहेगा। बच्चे माता-पिता की आज्ञा का पालन अवश्य करें। आपके विचारों में नवीनता आएगी, लेकिन फिर भी लोग आपकी बातों से सहमत नहीं होंगे।

**कन्या** : आज कारोबार सामान्य गति से आगे बढ़ता रहेगा। मन में उत्साह भाव कम रहेगा। मन में अनहोनी की आशंका रहेगी। स्वास्थ्य समस्याओं को हल्के में न लें। सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द की शिकायत हो सकती है। नींद भरपूर मात्रा में लें।

**तुला** : आज बॉस आपका उत्साहवर्धन करेंगे। धार्मिक स्थल की यात्रा करने के लिए दिन शुभ है। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। सहकर्मी आपसे प्रसन्न रहेंगे। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर नया टाइमटेबल बना सकते हैं।

**वृश्चिक** : आज किसी घनिष्ठ व्यक्ति को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी। अपनी बात मनवाने के लिए किसी पर जोर न डालें। आप भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। दार्शनिक विचारों के प्रभाव में हो सकते हैं। आंखों में कुछ समस्या हो सकती है।

**धनु** : आज शारीरिक परेशानियों का निवारण हो सकता है। बॉस आपकी तरफ काफी ध्यान देंगे। पारिवारिक प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नए व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। किसी के प्रति दुर्भावना न रखें।

**मकर** : आज अचानक खर्च आपको प्रभावित कर सकते हैं। चित्त में व्याकुलता का भाव रहेगा। नए कार्यों की शुरुआत न करें। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य व व्यवहार थोड़ा नकारात्मक हो सकता है।

**कुंभ** : आज बेरोजगारों को जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। परिवार के साथ उत्तम समय का आनंद लेंगे। जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर हल्कापन महसूस करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। शत्रु अचानक से सक्रिय हो सकते हैं।

**मीन** : आज अपनी कमियों पर गौर करें और उन्हें दूर करने का प्रयास करें। छोटे बच्चे घर में शोरगुल मचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी कनफ्यूज हो सकते हैं, किंतु आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
राज तिलक — सुबह : 10.34
रन — शाम : 05.33

&pictures
शिवम — सुबह : 10.51
जुदाई — रात : 07.30

Sony Pix
पैसिफिक रिम — दोपहर : 12.01
गूसबम्प्स — रात : 09.00

Zee Cinema
सीटीमार — सुबह : 11.36
सूर्या 3 — रात : 08.00

Zee Action
सरदार गब्बर सिंह — सुबह : 10.54
जंग — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 77,875 |
| सोना रवा | 77,725 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,300 |
| चांदी (999) | 92,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# चुनावी नतीजों से बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स 585 अंक चढ़ा

## छह दिनों से जारी गिरावट पर लगी रोक, निफ्टी ने भी 217 अंक की बनाई बढ़त

- सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार को मिली मजबूती

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में छह दिन से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 585 अंक चढ़ गया। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 584.81 अंक यानी 0.72% की बढ़त के साथ 81,634.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 713.28 अंक चढ़ा था। एनएसई का निफ्टी भी 217.40 अंक यानी 0.88% की तेजी के साथ 25,013.15 अंक पर रहा। सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाइटन, बजाज फिनसर्व, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा मोटर्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

### एग्जिट पोल के उलट नतीजों से पड़ा सकारात्मक असर



जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि गिरावट के बाद निफ्टी-50 को 25,800 के स्तर पर समर्थन मिला। एग्जिट पोल के उलट नतीजों से घरेलू बाजार पर सकारात्मक असर हुआ। बाजार प्रतिभागियों की नजर बुधवार को पेश होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर है। मिडकैप 1.86 जबकि स्मॉलकैप 2.44 प्रतिशत मजबूत हुआ। बीएसई की कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7.51 लाख करोड़ बढ़कर 4,59,50,926.21 करोड़ रुपये पहुंच गया।

# सेंसेक्स: भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक

सेंसेक्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मुख्य सूचकांक है, जो भारत की 30 बड़ी और महत्वपूर्ण कंपनियों के शेयरों के प्रदर्शन को मापता है। यह फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन पद्धति का उपयोग करता है, जहां सार्वजनिक रूप से ट्रेड होने वाले शेयरों का मूल्यांकन होता है। सेंसेक्स भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति और निवेशकों की धारणाओं को प्रतिबिंबित करता है। वैश्विक बाजारों, सरकारी नीतियों, ब्याज दरों और वित्तीय घटनाओं से इसमें उतार-चढ़ाव होता है। इसे भारतीय शेयर बाजार की दिशा का प्रमुख संकेतक माना जाता है और निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण गाइड है। आइए इसके बारे में जाने...

### सेंसेक्स कैसे काम करता है

**शेयरों का चयन :** सेंसेक्स में शामिल कंपनियों का चयन कुछ मापदंडों के आधार पर किया जाता है, जैसे :

**बाज़ार पूंजीकरण :** कंपनियों का मूल्यांकन उनके कुल शेयरों की कीमत के आधार पर किया जाता है।

**लिक्विडिटी :** कंपनियों के शेयरों का कितनी बार कारोबार होता है, यानी उनकी तरलता।

**सेक्टर विविधता :** सेंसेक्स में विभिन्न क्षेत्रों से कंपनियां होती है ताकि यह अर्थव्यवस्था के व्यापक हिस्से को प्रदर्शित कर सके।

**फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन :** सेंसेक्स का मूल्य फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन पद्धति पर आधारित है। इसका मतलब है कि केवल उन शेयरों का मूल्यांकन किया जाता है जो जनता के लिए खुले होते हैं और जो प्रमोटर्स या सरकारी संस्थाओं द्वारा होल्ड नहीं किए गए हैं।

**बदलाव और उतार-चढ़ाव :** सेंसेक्स का अंक कंपनियों के शेयरों की कीमतों में होने वाले बदलाव से ऊपर-नीचे होता है। यदि शेयरों की कीमतें बढ़ती हैं, तो सेंसेक्स ऊपर और गिरती हैं तो नीचे जाएगा।

**आर्थिक और वैश्विक कारकों का प्रभाव :** सेंसेक्स पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं का गहरा प्रभाव होता है। भारतीय अर्थव्यवस्था, सरकारी नीतियों, बजट, ब्याज दरों में बदलाव, वैश्विक बाजारों की स्थिति और अन्य घटनाओं का प्रभाव सेंसेक्स पर पड़ता है।

**समय के साथ समायोजन :** समय-समय पर सेंसेक्स की कंपनियों की सूची बदलती रहती है। अगर कोई कंपनी अधिक प्रदर्शन नहीं कर रही है या मार्केट कैप घट रहा है, तो उसे सेंसेक्स से बाहर किया जाता है और दूसरी स्थिर कंपनी को शामिल किया जाता है।




### सेंसेक्स को क्यों देखा जाता है?

**निवेशकों के लिए गाइड :** सेंसेक्स निवेशकों के लिए एक प्रमुख संकेतक होता है कि वे शेयर बाजार में निवेश के समय और उसकी स्थिति का आकलन कैसे करें।

**आर्थिक स्वास्थ्य का पैमाना :** सेंसेक्स भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह दर्शाता है कि कंपनियों के शेयरों की कीमतें समग्र रूप से बढ़ रही हैं या गिर रही हैं।

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कंपनियों का मापन :** इसमें शामिल कंपनियां अपनी फील्ड की प्रमुख कंपनियां होती हैं, जो भारतीय बाजार के बड़े हिस्से को कवर करती हैं।

## ऋण पात्रता निर्धारण मानक हुए और सख्त

**मुंबई।** सूक्ष्म वित्त उद्योग के स्व-नियामकीय निकाय एमफिन ने मंगलवार को कहा कि उसने कर्जदारों के अत्यधिक कर्ज में डूबे होने से जुड़ी चिंताओं के बीच सदस्यों के लिए ऋण पात्रता निर्धारण संबंधी दिशानिर्देशों को सख्त किया है। सूक्ष्म वित्त उद्योग नेटवर्क (एमफिन) ने कहा कि दिशानिर्देश ऋण देने में मौजूदा चुनौतियों का ध्यान रखते हैं, जिसमें ऋणदाता को पुराने कर्जों या बुलेट पुनर्भुगतान के मामले में भी एक घर से होने वाली निकासी का आंकड़ा नहीं मिल पाता है। सूक्ष्म ऋण देने वाले संस्थान कर्ज देते समय अलग तौर-तरीके अपना रहे हैं।

## आठ शहरों में आवासीय बिक्री में पांच प्रतिशत की गिरावट

- प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने रियल इनसाइट नामक रिपोर्ट की जारी

**नई दिल्ली।** देश के शीर्ष आठ शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही में आवासीय बिक्री में नई पेशकश में कमी तथा कीमतों में तेजी से पांच प्रतिशत की गिरावट आई है। रियल एस्टेट ब्रोकरेज मंच प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने भारत के आवासीय बाजार पर मंगलवार को रियल इनसाइट नामक रिपोर्ट जारी की। प्रॉपटाइगर ऑस्ट्रेलिया की आरईए समूह का हिस्सा है। आरईए इंडिया के पास हाउसिंग डॉट कॉम का स्वामित्व है।

रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर में कुल 96,544 इकाइयां बेची गईं, जो 2023 में 1,01,221 इकाइयों से 5% कम है। शीर्ष आठ शहरों में कीमतों में 20% की वृद्धि हुई। केवल दिल्ली (एनसीआर) में मकानों की बिक्री बढ़ी है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री 29% है। अहमदाबाद में 9%, बेंगलुरू में 11%, चेन्नई में 8%, हैदराबाद में 19% और कोलकाता में बिक्री 22% घटी है।

## एक करोड़ टन टिकाऊ विमानन ईंधन का भारत करेगा उत्पादन

**नई दिल्ली।** भारत 2040 तक 80 लाख से एक करोड़ टन टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) का उत्पादन करने की क्षमता पा लेगा लेकिन इसके लिए उसे 70-85 अरब डॉलर निवेश की जरूरत होगी। सलाहकार फर्म डेलॉयट इंडिया की तरफ से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि 80 लाख-एक करोड़ टन एसएएफ का उत्पादन देश की अनुमानित मांग को पार कर जाएगा। 2040 में विमानन ईंधन में 15% एसएएफ का मिश्रण के अनुरूप 45 लाख टन की जरूरत होगी।

# घबराने की जरूरत नहीं, दुनिया में पर्याप्त मात्रा में कच्चा तेल : पुरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- पेट्रोलियम मंत्री ने कहा- भारत पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से कच्चे तेल आपूर्ति को होने वाले किसी भी नुकसान से निपटने में सक्षम

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के विस्तार से कच्चे तेल आपूर्ति को होने वाले किसी भी नुकसान से निपटने में सक्षम होगा। इजराइल पर ईरान के मिसाइल हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें एक सप्ताह से भी कम समय में 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 79 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई हैं। ऐसा इजराइल की जवाबी कार्रवाई और उससे संघर्ष बढ़ने की आशंका से हुआ है।

पुरी ने कहा कि घबराने की बात नहीं है। दुनिया में पर्याप्त मात्रा में कच्चे तेल की उपलब्धता है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता भारत अपनी 85% जरूरत के लिए आयात करता है। पेट्रोलियम मंत्री ने एनर्जी ट्रांजिशन समिट इंडिया सम्मेलन में कहा कि हालात संभाले जा सकने लायक हैं। चिंता की कोई जरूरत नहीं है। हमें पूरा भरोसा है कि हम अतीत की तरह ही हालात से निपट पाएंगे।

## चाय निर्यात 23.79% बढ़ा 14.45 करोड़ किलो पहुंचा

**कोलकाता।** देश का चाय निर्यात इस साल जनवरी से जुलाई के बीच सालाना आधार पर 23.79% बढ़कर 14.45 करोड़ किलो हो गया। चाय बोर्ड के अनुसार, 2023 इसी अवधि में निर्यात 11.67 करोड़ किलो रहा था। निर्यात से प्राप्ति 2024 के पहले सात महीनों में सालाना आधार पर 264.96 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 256.37 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इस बीच, चाय बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय ने चाय उद्योग के विकास और संवर्धन के लिए 664.09 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है।

# राष्ट्रीय

# हरियाणा विधानसभा चुनाव का परिणाम अप्रत्याशित

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- तानाशाही के खिलाफ लड़ाई लंबी है

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोले- भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जम्मू के लोगों ने दिया जनमत

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित करार देते हुए मंगलवार को कहा कि कार्यकर्ताओं को निराश होने की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि तानाशाही से लड़ाई लंबी है। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों, जनता के अधिकारों का हनन और उत्पीड़न तथा संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जनमत दिया है।

खरगे ने एक्स पर कहा कि हरियाणा का परिणाम अप्रत्याशित है। पार्टी इसका आकलन कर रही है। कार्यकर्ताओं से बात कर पूरी जानकारी लेने और तथ्यों को जांच लेने के बाद पार्टी की तरफ से विस्तृत प्रतिक्रिया आएगी। हम हरियाणा के लोगों का कांग्रेस पार्टी को वोट देने के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

### हरियाणा के नतीजे अस्वीकार, षड्यंत्र का आरोप

कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित और लोक भावना के खिलाफ करार देते हुए कहा कि इस जनादेश को स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि राज्य में तंत्र की जीत और लोकतंत्र की हार हुई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने षड्यंत्र का आरोप भी लगाया और दावा किया कि तीन-चार जिलों से ईवीएम की शिकायतें आई हैं जिनसे मुख्य विपक्षी दल निर्वाचन आयोग को अवगत कराएगा। मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने दावा किया कि हिसार, महेंद्रगढ़ और पानीपत जिलों से ईवीएम को लेकर शिकायतें आई हैं तथा जिन ईवीएम की बैट्री 99 प्रतिशत थी उनमें कांग्रेस हारी और जिनकी 60-70 प्रतिशत चार्ज थी उनमें कांग्रेस जीती है। रमेश ने दावा किया कि हमसे जीत छीनी गई है आज जो नतीजे आए हैं, वो जमीनी हकीकत के अनुसार नहीं हैं... यह परिणाम लोक भावना के खिलाफ है।

### आयोग ने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया

चुनावी नतीजों के अपडेट में देरी पर निर्वाचन आयोग की प्रतिक्रिया के बाद कांग्रेस ने कहा कि आयोग भाजपा की तरह तथ्यों को गलत तरीके से पेश करता है। जयराम रमेश ने आयोग को भेजे जवाब में यह बात कही। आयोग ने रमेश से कहा था कि अपडेट में देरी के उनके बेबुनियाद आरोप को साबित करने के लिए रिकॉर्ड पर कुछ भी नहीं है।

### जम्मू-कश्मीर : राज्य की बहाली प्राथमिकता

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेकां के साथ अपने गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद कहा कि सरकार गठित होने के बाद केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाना प्राथमिकता होगी। जम्मू-कश्मीर चुनाव में नेकां, कांग्रेस और माकपा गठबंधन को 49 सीटें मिली हैं। रमेश ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सरकार बनने के बाद हमारी प्राथमिकता होगी कि इसको राज्य का दर्जा दिया जाए।

### बैटरी की क्षमता व नतीजों में संबंध नहीं : आयोग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस के उन दावों को खारिज किया जिसमें उन्होंने हरियाणा की कुछ सीटों पर ईवीएम से छेड़छाड़ और बैट्री चार्ज की अलग स्थिति से अलग नतीजे आए। आयोग ने बताया कि ईवीएम में एल्केलाइन बैटरियां है। उम्मीदवारों के सामने नई बैटरियां डालकर सील किया जाता है। शुरू में बैटरी 7.5 से 8 के बीच वोल्टेज देती है। वोल्टेज 7.4 पर होता है, तो क्षमता 99% होती है। ईवीएम के इस्तेमाल से वोल्टेज कम होते हैं। वोल्टेज 7.4 से नीचे जाने पर क्षमता 98 से 10 प्रतिशत तक प्रदर्शित होती है। यूनिट तब तक काम करती है जब बैटरी में 5.8 वोल्ट से ज्यादा वोल्टेज होता है। ऐसा तब होता है जब बैटरी की क्षमता 10 प्रतिशत रह जाती है और डिस्प्ले पर बैटरी बदलने का संदेश आता है।

# आदित्य, कृष्ण और मम्मन ने दर्ज की जीत

हरियाणा विस चुनाव

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा विस चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के कृष्ण लाल मिड्ढा और फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मम्मन खान ने अपने क्षेत्रों से मंगलवार को जीत हासिल की। चुनाव जीतने वालों में कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के पुत्र आदित्य सुरजेवाला भी हैं। आयोग की वेबसाइट के अनुसार, जींद से भाजपा विधायक मिड्ढा ने कांग्रेस के महावीर गुप्ता को 15,860 मतों से हराया। वहीं खान ने भाजपा के नसीम अहमद को 98,441 मतों से हराया। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला के बेटे आदित्य सुरजेवाला ने कैथल सीट पर भाजपा विधायक लीला राम को 8,124 मतों से हराया। वहीं खरखौदा से भाजपा के पवन खरखौदा ने कांग्रेस के जयवीर सिंह को हराया। सफीदों सीट पर भाजपा के राम कुमार गौतम ने कांग्रेस के सुभाष गांगोली को हराया।

### विनेश फोगाट ने दी सबको पटखनी



जुलाना सीट से जीतने के बाद समर्थकों का अभिवादन करतीं विनेश फोगाट।

**जींद।** ओलंपिक खिलाड़ी एवं पहलवान विनेश फोगाट ने चुनाव मैदान में सबको पटखनी देते हुए जीत हासिल की है। कांग्रेस उम्मीदवार फोगाट ने जुलाना सीट पर भाजपा के योगेश कुमार को 6,015 मतों के अंतर से हराया। ओलंपिक में पदक से चूकने के बाद विनेश ने खेल से सन्यास लेकर राजनीति का दामन थाम लिया। चुनावी घोषणा के साथ विनेश कांग्रेस में शामिल हुईं और पार्टी ने जुलाना से उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। जुलाना विनेश का ससुराल है। मतगणना के दौरान कभी अपने प्रतिद्वंदी से आगे और कभी पीछे हुईं विनेश को कुल 65,080 मत मिले, वहीं योगेश को 59,065 मत मिले। आप प्रत्याशी कविता दलाल केवल 1,280 मत ही पा सकीं। इंडियन नेशनल लोकदल और बसपा प्रत्याशी डॉ. सुरेंद्र लाठर ने 10,152 मत और जननायक जनता पार्टी से विधायक रहे अमरजीत ढांडा 2,477 मत पा सके।

## एक नजर

### वांगचुक को प्रदर्शन की अनुमति पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और अन्य को जंतर-मंतर या अन्य स्थान पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति के मुद्दे पर बुधवार को सुनवाई करेगा। याचिका मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार गेडेला के समक्ष तत्काल सुनवाई को उल्लेख हुआ लेकिन पीठ ने बुधवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

### आत्महत्या को उकसाने का मामला खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित मामलों में कानून के सही सिद्धांतों को समझने और लागू करने में अदालतों की असमर्थता से अनावश्यक मुकदमों को बढ़ावा मिलता है। न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ लखनऊ की अदालत में लंबित कार्यवाही को रद कर दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की।

### वायु प्रदूषण रोकने को उत्सर्जन मानकों का करें पालन

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि उसने दिल्ली सरकार और पड़ोसी राज्यों से उत्सर्जन मानकों और प्रदूषण मानदंडों का सख्ती से अनुपालन करने को कहा है, क्योंकि वाहनों से होने वाले प्रदूषण खराब वायु गुणवत्ता में भारी योगदान देता है।

# भाजपा का श्रेष्ठ प्रदर्शन, जम्मू में दबदबा बरकरार

जम्मू-कश्मीर चुनाव

जम्मू, एजेंसी

जम्मू कश्मीर में 370 के अधिकतर प्रावधान हटाने के बाद पहली बार हुए विस चुनाव में भाजपा दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। उसने 2014 के चुनाव में मिली 25 सीट के उच्चतम आंकड़े में सुधार किया है। पार्टी कश्मीर में किसी भी सीट पर जीत हासिल करने में विफल रही, जहां उसके दो दर्जन उम्मीदवारों में से अधिकांश की जमानत जब्त हो गई। भाजपा ने 62 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे, जिसका मुख्य जोर जम्मू पर था। हालांकि, भाजपा राजौरी और पुंछ जिलों के पीर पंजाल क्षेत्र में पैठ बनाने में विफल रही, जहां उसने गुज्जर और पहाड़ी समुदाय से कई दलबदलुओं को उतारा था। इनमें दो पूर्व मंत्रियों - चौधरी जुल्फिकार अली (बुधल) और सैयद मुश्ताक बुखारी (सूरनकोट) शामिल थे।



चुनावों के नतीजों की घोषणा के बाद पार्टी मुख्यालय पहुंचे अमित शाह।

### घाटी में लोकतंत्र फिर से हुआ जीवित : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में भाजपा को अधिक मत प्रतिशत मिलने पर जनता का आभार जताते हुए कहा कि कश्मीर घाटी में अब लोकतंत्र फिर से जीवित हुआ है, क्योंकि लोगों ने बिना दहशतगर्दी और आतंक के अपने प्रतिनिधि चुने हैं। उन्होंने इस बदलाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी का भी आभार जताया। उन्होंने चुनाव परिणाम आने के बाद एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त बनाकर देश के अन्य हिस्सों की तरह इसे विकसित बनाना भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# निर्णायक नतीजों से सबक ले केंद्र : महबूबा

श्रीनगर, एजेंसी



पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि केंद्र को जम्मू-कश्मीर चुनाव के निर्णायक फैसले से सबक लेना चाहिए और नेका-कांग्रेस सरकार के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। मुफ्ती ने नेकां को जीत पर बधाई दी और कहा कि उनकी पार्टी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा लग रहा था कि अगर स्पष्ट जनादेश नहीं होगा तो कुछ अनिष्ट होगा। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख ने कहा कि केंद्र को फैसले से सबक लेना चाहिए और सरकार के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

**तीन महिलाएं हुई विजयी :** पूर्व मंत्री सकीना मसूद (नेकां) सहित तीन महिलाएं जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीती हैं। भाजपा की एकमात्र महिला उम्मीदवार शगुन परिहार ने किश्तवाड़ सीट से नेकां के पूर्व मंत्री सज्जाद अहमद किचलू को हराया है। कुलगाम की डीएच पोरा सीट पर सकीना ने गुलजार अहमद डार को हराया। नेकां की शमीम फिरदौस ने हब्बाकदल सीट पर भाजपा के अशोक भट को मात दी।

### बडगाम के बाद उमर गांदरबल सीट से भी जीते उमर अब्दुल्लाह

**श्रीनगर।** नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में पार्टी के गढ़ गांदरबल से मंगलवार को जीत हासिल की। उमर ने पीडीपी के बशीर अहमद मीर को 10 हजार से ज्यादा मतों से शिकस्त दी। पूर्व मुख्यमंत्री ने बडगाम सीट से भी 18,000 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की है। गांदरबल में उमर को 32,727 वोट मिले और मीर को 10,574 वोट के अंतर से हराया।

### भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई के प्रमुख रैना नौशेरा से हारे

**जम्मू।** भाजपा ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में मंगलवार को 29 सीट पर जीत दर्ज की, लेकिन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना राजौरी जिले की नौशेरा सीट पर जीत दर्ज करने में विफल रहे। रैना ने कहा कि उन्होंने जनता के फैसले को स्वीकार कर लिया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, रैना को 27,250 वोट मिले और वह नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के सुरिंदर चौधरी से 7,819 मतों के अंतर से हार गए।

## बंगाल : डॉक्टरों की 12 घंटों की भूख हड़ताल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट (डब्ल्यूबीजेडीएफ) ने आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या की शिकार डॉक्टर के लिए न्याय और शीर्ष अधिकारियों को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को सभी अस्पतालों के सामने 12 घंटे की भूख हड़ताल शुरू की। इस बीच सात डॉक्टरों का बेमियादी अनशन चौथे दिन भी जारी रहा। मंच तक पीने का पानी ले जाने की अनुमति नहीं देने पर पुलिस के सामने रोते हुए डॉ. संघमित्रा ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार से लड़ना है।

## इंदौर में डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 46 लाख रुपये ठगे

**इंदौर (मप्र)।** इंदौर में डिजिटल अरेस्ट कर ठग गिरोह ने 65 वर्षीय महिला से 46 लाख रुपये ठग लिये। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि ठग गिरोह ने 65 वर्षीय महिला को पिछले माह फोन किया और खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। ठग ने महिला को झांसा दिया कि नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त, आतंकी गतिविधियों और धन शोधन में एक व्यक्ति ने उसके बैंक खाते का दुरुपयोग किया है और मिलीभगत पर उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ है। ठगों ने वीडियो कॉल से महिला को डिजिटल अरेस्ट कर पांच दिन तक फर्जी पूछताछ की। महिला को धमकी दी कि अगर उसने गिरोह के बताए खातों में रकम नहीं भेजी, तो उसे और उसकी संतानों को खतरा है। घबराई महिला ने 46 लाख गिरोह के बताए बैंक खातों में दो किस्तों में भेज दिए।

## अलवर में नकली खाद के 500 कट्टा बरामद

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के विजय मंदिर पुलिस थाना अंतर्गत झाडोली गांव में मंगलवार को 500 कट्टा नकली खाद बरामद हुई। बरामद खाद उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से आई थी और बिल्टी देखने पर इसकी दर प्रति बैग 120 रुपये थी। इसकी डिलीवरी पाटन मेवान में ताहिर को देनी थी। यह ताहिर ही यहां से इलाके में किसानों को बेचता है। कृषि अधिकारी सहायक निदेशक राजगढ़ अलवर में कार्यरत बृजेन्द्र गोयम ने इसकी रिपोर्ट सात अक्टूबर को सूचना दर्ज कराई थी।

## अदालत ने कार्यवाही में देरी पर वकीलों को लगाई फटकार

आबकारी घोटाला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने मंगलवार को आबकारी नीति से जुड़े कथित धनशोधन मामले में आरोपियों की ओर से पेश वकीलों को कार्यवाही में देरी के लिए फटकार लगाई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने वकीलों द्वारा अदालत को यह न बताए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई कि ईडी द्वारा आरोप-पत्र के साथ सौंपे गए दस्तावेजों की जांच पूरी करने के लिए उन्हें कितना समय चाहिए। आप नेता और सह-आरोपी संजय सिंह सहित कुछ वकीलों ने कहा कि उन्हें प्रक्रिया पूरी करने के लिए 200 दिन चाहिए। कार्यवाही के दौरान आप नेता अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और मामले में अन्य सह-आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पेश हुए।

# धनशोधन मामले में अजहरुद्दीन से नौ घंटे से अधिक पूछताछ

हैदराबाद, एजेंसी



- एचसीए में वित्तीय अनियमितता से जुड़े मामले में ईडी दफ्तर पहुंचे पूर्व क्रिकेटर

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। उनसे अधिकारियों ने नौ घंटे पूछताछ की गई।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 61 वर्षीय पूर्व सांसद को तीन अक्टूबर को संघीय एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा था, लेकिन उन्होंने समय मांगा था जिसके बाद उन्हें आठ अक्टूबर को बुलाया गया। अजहरुद्दीन सुबह 11 बजे फतेह मैदान रोड स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। उनके साथ उनकी कानूनी टीम भी थी। वह रात को करीब नौ बजे कार्यालय से निकले।

# आईओए को बदनाम करने वालों पर सख्त हूं : उषा

नई दिल्ली, एजेंसी



● आईओए अध्यक्ष ने आरआईएल के साथ दोषपूर्ण समझौते और यादव के दावों को खारिज कर कानूनी कार्रवाई की दी धमकी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने मंगलवार को सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट को लेकर कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के दावों का खंडन किया कि रिलायंस इंडिया लिमिटेड (आरआईएल) के साथ दोषपूर्ण प्रायोजन समझौते के कारण इस शीर्ष खेल संघ को 24 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

उषा ने यहां जारी बयान में कहा कि यह उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की एक चाल है। उन्होंने भ्रामक जानकारी देने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी। आईओए से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक डॉ. उषा ने सीएजी रिपोर्ट में सहदेव यादव द्वारा किए गए दावों का जोरदार खंडन किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने आईओए कार्यकारी परिषद की जानकारी के बिना काम किया। उनके अनुसार ये दावे उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने और आईओए को बदनाम करने के जानबूझकर किए गए प्रयास का हिस्सा हैं।

इससे जुड़ी बातचीत का प्रस्ताव नौ सितंबर 2023 को कार्यकारी परिषद के सभी सदस्यों के साथ साझा किया गया था। इसके बाद कार्यवाहक सीईओ ने पांच अक्टूबर 2023 को इससे जुड़े पत्र को आगे बढ़ाया। प्रायोजन समिति का प्रतिनिधित्व करने वाले रोहित राजपाल उन बैठकों में उपस्थित थे जहां प्रायोजन को लेकर चर्चा हुई थी।

### आरआईएल को मिला इंडिया हाउस का अधिकार

आईओए और आरआईएल के बीच एक अगस्त 2022 के प्रायोजन समझौते की शर्तों के अनुसार आरआईएल को एशियाई खेलों (2022, 2026), राष्ट्रमंडल खेलों (2022, 2026), 2024 पेरिस ओलंपिक और 2028 लॉस एंजिलिस ऑलंपिक के लिए आधिकारिक प्रमुख भागीदार के रूप में आईओए के साथ जुड़ने की अनुमति दी गई थी। समझौते ने आरआईएल को इन खेलों के दौरान 'इंडिया हाउस' बनाने का अधिकार भी दिया। सीएजी की रिपोर्ट में हालांकि कहा गया कि पांच दिसंबर 2023 को एक संशोधित समझौते के जरिए शीतकालीन ओलंपिक खेलों (2026, 2030) और युवा ओलंपिक खेलों (2026, 2030) के अतिरिक्त अधिकार भी आरआईएल को दिए गए।

# हरवंश का शतक, भारत ने 492 बनाए

चेन्नई, एजेंसी

● नित्या पांडे शतक से चूके कार्तिकेय, निखिल और कप्तान सोहम ने लगाए अर्धशतक

हरवंश पंगालिया (117) की शतकीय और नित्या पांडे (94), केपी कार्तिकेय (71), निखिल कुमार (61) कप्तान सोहम पटवर्धन (63) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरे टेस्ट मैच में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 492 का स्कोर खड़ा किया है।

आज यहां चेपक स्टेडियम में भारतीय टीम ने कल के पांच विकेट पर 316 रन से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में तीन रन का इजाफा हुआ था कि ओली पैटरसन ने कप्तान सोहम पटवर्धन (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मोहम्मद एनान (26), समर्थ नागराज (20), चेतन शर्मा (शून्य) पर आउट हुए। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये हरवंश पंगालिया शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 143 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए (117) रनों की पारी खेली। अनमोलजीत सिंह 11 रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय अंडर-19 टीम ने 133.3 ओवर में 492 रन बनाये।

इससे पहले कल भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल चार रन के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (3) आउट होकर वापस पैवेलियन लौट गए। वैभव को होकेस्ट्रा ने ली यंग के हाथों आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विहान मल्होत्रा एवं नित्या पांड्या ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। मल्होत्रा (10) को रामकुमार ने बोल्ड आउट कर दिया। इसके बाद नित्या पंड्या और केपी कार्तिकेय ने तीसरे विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी की।

## खेल डायरी

### विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप 12 से 17 नवंबर तक होगी

**मुंबई।** विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप (डब्ल्यूपीसी) 12 से 17 नवंबर तक मुंबई में आयोजित की जाएगी जिसमें दुनिया भर के लगभग 650 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ (एआईपीए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे पहले यह प्रतियोगिता वियतनाम और बाली में आयोजित की गई थी जिसमें भारतीय टीमों ने अच्छा प्रदर्शन करके कई पदक जीते थे। आयोजकों के अनुसार मुंबई में होने वाली प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, ताइवान, पोलैंड, सिंगापुर जैसे देशों के लगभग 650 खिलाड़ी भाग लेंगे। एआईपीए के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने इससे पिकलबॉल से जुड़े लोगों को भारत में वैश्विक प्रतिभा देखने का मौका मिलेगा। यह हमारे लिए सभी स्तरों पर खेल के विकास को बढ़ावा देने का भी मौका है। पिकलबॉल टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के मिश्रण वाला खेल है।

### पाल नौकायन : भारतीय जूनियर्स ने जीते सात पदक

**नई दिल्ली।** पाल नौकायन के भारतीय जूनियर खिलाड़ियों ने ओमान में अंतरराष्ट्रीय रेगाटा मुस्साना रेस वीक में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य सहित सात पदक जीते। लड़कियों के ऑप्टिमिस्ट गर्ल्स अंडर-15 वर्ग में भारत का दबदबा रहा, जिसमें श्रेया कृष्णा लक्ष्मीनारायणन और कोमारवेल्ली लाहारी ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए। श्रेया ने 28 अंकों के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण जबकि कोमारवेल्ली ने कुल 50 अंकों के साथ रजत पदक जीता। सिंगापुर की टोंग जुआन या ने कांस्य पदक हासिल किया। लड़कों के आईएलसीए-4 अंडर-16 वर्ग में भारत के शशांक बाथम और अक्षत कुमार ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीता। लड़कियों के आईएलसीए-4 अंडर-16 वर्ग में भारत की सौम्या सिंह पटेल और शगुन झा ने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। भारत की मान्या रेड्डी लड़कियों के आईएलसीए-6 अंडर-19 श्रेणी में मामूली अंतर से स्वर्ण जीतने से चूक गईं।

### मोहन बागान ने एएफसी चैंपियंस लीग दो से वापस लिया नाम

**तबरीज (ईरान)।** ईरान में सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुए भारत के फुटबॉल क्लब मोहन बागान सुपर जायंट ने 2024-25 सत्र के लिए एएफसी चैंपियंस लीग दो (एसीएल 2) से आधिकारिक तौर पर अपना नाम वापस ले लिया है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने इसकी पुष्टि की है। मोहन बागान ने ईरान में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति हवाला देते हुए यह फैसला किया है। इस मामले को आगे के निर्णयों के लिए संबंधित एएफसी समितियों को भेजेंगे। एएफसी ने एसीएल 2 प्रतियोगिता विनियमों के अनुच्छेद 5.2 का हवाला देते हुए नाम वापस लेने की पुष्टि करते हुए एक बयान जारी किया। शासी निकाय ने आगे कहा कि मोहन बागान एसजी द्वारा खेले गए सभी मैच अब रद्द कर दिए हैं और विनियमों के अनुच्छेद 5.6 के अनुसार शून्य और अमान्य माने जाते हैं। एएफसी ने कहा संदेह से बचने के लिए अनुच्छेद 8.3 के अनुसार ग्रुप ए में अंतिम रैंकिंग निर्धारित करते समय क्लब के मैचों में कोई अंक और गोल ध्यान में नहीं लिया जाएगा।

### आगा सलमान का शतक, पाकिस्तान ने बनाए 556 रन

**मुल्तान।** पाकिस्तान ने मंगलवार को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन आगा सलामन (नाबाद 104)की शानदार शतक की बदौलत पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 556 रन स्कोर खड़ा किया है। पाकिस्तान ने कल के चार विकेट पर 328 रन से आगे खेले हुए सुबह के 60 रन जोड़े थे कि बाइडन कार्स ने नसीम शाह (33) को आउट कर इंग्लैंड को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद मोहम्मद रिजवान (शून्य) को जैक लीच ने पवेलियन भेज दिया। शतक की ओर बढ़ रहे साउद शकील (82) को शोएब बशीर ने रूट के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद आमेर जमाल (सात) रन बनाकर आउट हुए। भोजनकाल के बाद 515 में 41 रन और जोड़ कर पाकिस्तान ने अपने दोनों विकेट गवां दिये और उसकी पहली पारी 556 रन पर समाप्त हुई। जैक लीच ने शाहीन शाह अफरीदी (26) को बोल्ड कर इंग्लैंड को नौवीं सफलता दिलाई। इस दौरान आगा सलमान ने अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। इसी के साथ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने एक हजार रन भी पूरे कर लिये। सलमान ने अपनी (नाबाद 104) रनों की शतकीय पारी खेली। इसके बाद जो रूट ने अबरार अहमद को आउट कर पाकिस्तान की पारी का अंत कर दिया। पाकिस्तान ने 149 ओवर में 556 रन बनाये। इससे पहले कल पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सैम अयूब चार विकेट मिली।

# श्रृंखला में अजेय बढ़त चाहेगी टीम इंडिया

## दबदबा बरकरार रखने उतरेगा भारत, बाजी पलटने की कोशिश करेगा बांग्लादेश

नई दिल्ली, एजेंसी



**मैच : शाम 7:00 बजे**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, तिलक वर्मा, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, लिट्टन दास, जाकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरिफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन।

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना दबदबा बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी। बांग्लादेश की टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके तीन मैच की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखने की कोशिश करेगी लेकिन सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पहले मैच में जिस तरह का प्रदर्शन किया था उसे देखते हुए मेहमान टीम के लिए यह आसान काम नहीं होगा।

ऋषभ पंत, अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम दिए जाने के बावजूद भारतीय टीम ने ग्वालियर में पहले मैच में जिस तरह से शुरू से लेकर आखिर तक अपना दबदबा बनाए रखा उससे सीमित ओवरों की क्रिकेट में उसकी मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' का पता चलता है। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इस मैच में अपनी चमक बिखेरने के लिए आतुर होंगे। उन्होंने 2015 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने के कारण वह अंदर बाहर होते रहे। सैमसन अमूमन मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं लेकिन पहले मैच में उन्होंने पारी का आगाज किया था तथा 19 गेंद पर 29 रन बनाए थे। कप्तान सूर्यकुमार पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सैमसन श्रृंखला में आगे भी यह भूमिका निभाते रहेंगे। सैमसन और उनके साथ पारी की शुरुआत करने वाले अभिषेक शर्मा पिछले मैच में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए थे।

### महमूदुल्लाह ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के अनुभवी हरफनमौला महमूदुल्लाह ने मंगलवार को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की और भारत के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मुकाबला इस प्रारूप में उनका आखिरी मैच होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का आखिरी मैच शनिवार को हैदराबाद में खेला जाएगा। महमूदुल्लाह ने भारत के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा हां, मैं इस श्रृंखला के आखिरी मैच के बाद टी-20 से संन्यास ले रहा हूं। यह पहले से तय था। यह इस प्रारूप से आगे बढ़ने और वनडे पर ध्यान केंद्रित करने का सही समय है। इस 38 साल के खिलाड़ी ने 2007 में पदार्पण करने के बाद बांग्लादेश के लिए 50 टेस्ट, 232 एकदिवसीय और 139 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। बांग्लादेश के इस पूर्व टी-20 कप्तान ने 2021 में अपने टेस्ट करियर को अलविदा कहा था।

# श्रीलंका पर बड़ी जीत से नेट रन रेट सुधारने उतरेंगीं महिलाएं

दुबई, एजेंसी

**महिला टी-20 विश्व कप**

**मैच : शाम 7:30 बजे**

**भारत (महिला) :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन।

**श्रीलंका (महिला) :** विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), नीलाक्षिका सिल्वा, चमारी अटापट्टू (कप्तान), कविशा दिलहारी, अमा कंचना, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, सचिनी निसानसाला, उदेशिका प्रबोधनी, इनोका राणावीरा।

बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैच में मिला-जुला परिणाम हासिल करने वाली भारतीय टीम महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए में बुधवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने नेट रन रेट में सुधार करने की कोशिश करेगी।

भारतीय टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसे अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 106 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसने 18.5 ओवर खेले। भारत की टूर्नामेंट में अभी तक सबसे बड़ी समस्या बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन रहा है विशेष कर शेफाली वर्मा और उप कप्तान स्मृति मंधाना अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाए हैं। शैफाली ने जहां पहले दो मैच में दो और 32 रन बनाए वही मंधाना 12 और सात रन ही बना सकी। मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर दबाव कम करने के लिए इन दोनों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अभी तक दो मैच में 15 और 29 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर का गर्दन में चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। हरमनप्रीत पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी करते समय चोटिल हो गई थी और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा था। भारत को श्रीलंका के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि ग्रुप के अंतिम मैच में उसका सामना ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम से होगा।

# एचआईएल में लैंगिक समानता को दर्शाती है महिला लीग : सलीमा

बेंगलुरु, एजेंसी

● भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बोलीं- मील का पत्थर साबित होगी महिला लीग

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने मंगलवार को कहा कि दिसंबर में पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में महिला लीग को शामिल करना भारतीय खेलों में लैंगिक समानता के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सलीमा ने कहा, मैं एचआईएल के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह सात साल बाद फिर से शुरू हो रहा है और इस बार महिला लीग के साथ। एचआईएल 2024-25 में आठ पुरुष टीमें और छह महिला टीमें भाग लेंगी जो देश में पहली स्टैंडअलोन महिला लीग के रूप में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। यह पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। लीग की शुरुआत 28 दिसंबर को होगी। लीग के मैच झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। महिला लीग का समापन अगले 26 जनवरी 2025 को रांची में होगा जबकि पुरुष टीम का फाइनल एक फरवरी 2025 को राउरकेला में खेला जाएगा। एचआईएल के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नयी दिल्ली में होगी।

# एसीटी में मलेशिया के खिलाफ अभियान का आगाज करेगा भारत

**कुआलालंपुर।** दो बार की चैंपियन भारतीय टीम 11 नवंबर से बिहार में खेले जाने वाले महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट में मलेशिया के खिलाफ अपने खिताब की बचाव का अभियान शुरू करेगी। टूर्नामेंट में छह टीमें भाग लेंगी जिसमें मेजबान भारत, चीन, तीन बार का विजेता कोरिया, दो बार की चैंपियन जापान, मलेशिया और थाईलैंड शामिल है। एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) द्वारा मंगलवार को घोषित आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार राजगीर में खेले जाने वाले टूर्नामेंट का फाइनल 20 नवंबर को होगा। भारत ने पिछले साल रांची में महिला एसीटी खिताब जीता था।

# सिटसिपास ने मुलर को हराया

शंघाई, एजेंसी

**शंघाई मास्टर्स**



मैच के दौरान शॉट खेलते टेलर फ्रिट्ज। ● एजेंसी

● स्टेफानोस ने रखी मेदवेदेव से रोमांचक मुकाबले की नींव

● टेलर फ्रिट्ज ने जापान के योसुके वतनुकी को दी मात

स्टेफानोस सिटसिपास ने शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां एलेक्जेंडर मुलर को 6-3, 7-5 से हराकर अपने कड़े प्रतिद्वंद्वी दानिल मेदवेदेव के साथ रोमांचक मुकाबले की नींव रखी।

यूनान के सिटसिपास और रूस के मेदवेदेव 14वीं बार और लगभग एक साल में पहली बार आमने-सामने होंगे। मेदवेदेव इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक खेले गए 13 मैचों में 9-4 से आगे हैं। इस बीच बेन शेल्टन ने रॉबर्टो कारबालेस बेना को 6-3, 6-4 से पराजित किया। चौथे दौर में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। अन्य मैचों में टेलर फ्रिट्ज ने जापान के योसुके वतनुकी को 6-3, 6-4 से, ग्रिगोर दिमित्रोव ने एलेक्सी पोपिरिन को 7-6(5) 6-3 से और गेल मोनफिल्स ने उगो हम्बर्ट को 7-6(7) 2-6 6-1 से हराया। उधर वुहान ओपन में कतेरीना सिनियाकोवा ने फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला पर 6-3, 6-1 की आसान जीत दर्ज की। वह दूसरे दौर में गत चैंपियन आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी। पोलैंड की मैग्डा लिनेट ने ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 6-2, 6-2 से और एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने अमेरिका की सोफिया केनिन को 6-1, 4-6, 6-4 से हराया।

## बॉलीवुड हलचल



### एनिमल और जिगरा की तुलना से खुश हैं आलिया

**मुंबई।** बॉलीवुड आलिया भट्ट अपनी आने वाली फिल्म जिगरा की तुलना अपने पति और अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल से किए जाने को लेकर खुश है। आलिया फिल्म जिगरा में वेदांग रैना के साथ नजर आयेंगी। हाल ही में फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज होने के बाद लोगों ने इसकी तुलना एनिमल से करनी शुरू कर दी है। आलिया भट्ट ने इसका जवाब देते हुए कहा, रणबीर और मेरे बीच कोई कॉम्पिटिशन नहीं है। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मेरे पति मेरे सबसे अच्छे दोस्त और एक बेहतरीन अभिनेता भी हैं। हम अक्सर एक-दूसरे के साथ अपनी फिल्मों और सीन्स पर चर्चा करते हैं। मैंने गंगूबाई काठियावाड़ी और जिगरा के बारे में उनसे बात की। जब भी मुझे कोई उलझन होती, मैं उनके साथ इस पर चर्चा करती और उन्होंने एनिमल के लिए भी मेरे साथ ऐसा ही किया। आलिया ने अपनी फिल्म जिगरा और रणबीर कपूर की एनिमल के बीच तुलना के बारे में बताते हुए कहा दोनों के बीच बहुत अधिक समानताएं नहीं हैं। दोनों फिल्में अपने किसी करीबी के लिए कुछ करने की थीम पर है। यह कई फिल्मों में एक नॉर्मल फैक्ट है। यह केवल एनिमल या जिगरा के बारे में नहीं है। कई फिल्मों में एक नॉर्मल टॉपिक किसी करीबी के लिए कुछ करना है और इस तर्ज पर कई फिल्में बनाई गई हैं।

### अभिनेत्री नीना गुप्ता की वेबसीरीज 1000 बेबीज का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी चरित्र अभिनेत्री नीना गुप्ता की वेबसीरीज 1000 बेबीज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नजीम कोया के निर्देशन में बनी वेबसीरीज 1000 का ट्रेलर एक वैज्ञानिक प्रयोगशाला के दृश्यों से शुरू होता है। बाद में, नीना गुप्ता द्वारा अभिनीत एक रहस्यमयी बुजुर्ग महिला और रहमान द्वारा अभिनीत जांच अधिकारी को ट्रेलर में पेश किया जाता है। महिला, जिसका नाम सारा है, अक्सर अपने विचारों को नोट करने के लिए अपने टाइपराइटर का उपयोग करती हुई दिखाई देती है, क्योंकि वह अपने अतीत को याद करती है। बाद में, रहमान का किरदार मर्लिन नाम की एक महिला से बिबिन नाम के एक एकांतप्रिय व्यक्ति के बारे में बात करता है, जो उसे पत्र भेजा करता था। नीना गुप्ता स्टारर 1000 बेबीज एक मलयालम सीरीज है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 18 अक्टूबर से स्ट्रीम होगी। यह मलयालम भाषा के अलावा हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, बंगाली और मराठी भाषाओं में रिलीज की जाएगी। 1000 बेबीज में नीना गुप्ता के साथ रहमान, संजू शिवराम, अश्विन कुमार, आदिल इब्राहिम, शाजू श्रीधर, इरशाद अली, जॉय मैथ्यू अहम किरदारों में नजर आएंगे। सीरीज की कहानी नजीम और अरूज इरफान ने लिखी है।






### लव एंड वॉर को बहुत खास फिल्म मानते हैं संजय लीला भंसाली

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार संजय लीला भंसाली अपनी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर को बहुत खास फिल्म मानते हैं। संजय लीला भंसाली, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, और विक्की कौशल को लेकर फिल्म लव एंड वॉर बना रहे हैं। संजय लीला भंसाली ने बताया, फिल्म लव एंड वॉर मेरे लिये रोमांचक है। ये एक बहुत ही खास फिल्म है, क्योंकि ये किसी इतिहासिक समय में नहीं है, ये कंटेंपरेरी है। यह अलग है, इसका संगीत भी अलग है। भंसाली ने कहा कि उन्हें फिल्म लव एंड वॉर बनाने में मजा आ रहा है और इसमें बेहतरीन कलाकार हैं। रणबीर के साथ मैं 18 साल बाद काम कर रहा हूं। फिल्म लव एंड वॉर 20 मार्च, 2026 को रिलीज होने वाली है।

# इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का रोमांच बढ़ाएंगे सचिन-लारा




मुंबई, एजेंसी

मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर की कलात्मक बल्लेबाजी का दीदार सर्दियों में मुबंई, लखनऊ और रायपुर के क्रिकेट प्रेमी साक्षात कर सकेंगे। 17 नवंबर से शुरु होने वाली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में सचिन भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। नवी मुबंई के डीवाई पाटिल स्टेडियम पर लीग के पहले चरण का आयोजन होगा जिसके बाद के मैच लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम और रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे। रायपुर में ही आठ दिसंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा।

लीग में भारत के अलावा श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर अपना जलवा दिखायेंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 17 नवंबर को भारत और श्रीलंका के बीच एक रोमांचक मुकाबले से होगी। ब्रायन लारा और उनकी वेस्टइंडीज टीम, ऑस्ट्रेलियाई टीम का मुकाबला करने के लिए मैदान पर लौटेगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## ताज का दीदार


मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और उनकी बेगम साजिदा मोहम्मद ने मंगलवार को ऐतिहासिक ताजमहल का दीदार किया और 17वीं शताब्दी की वास्तुकला के इस अद्भुत नजारे को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेताओं को दिया सम्मान

# मिथुन चक्रवर्ती दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया और संगीतकार ए आर रहमान, अभिनेता ऋषभ शेट्टी, अभिनेत्री नित्या मेनन और मानसी पारेख सहित 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के अन्य विजेताओं को भी सम्मानित किया। वर्ष 2022 के लिए सिनेमा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अगस्त में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की गई थी।

यहां विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारतीय सिनेमा दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग है, क्योंकि यह कई भाषाओं और क्षेत्रों में फिल्में बनाता है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा यह कला के क्षेत्र में सबसे विविध क्षेत्र है। राष्ट्रपति ने कहा, आज करीब 85 लोगों को पुरस्कार मिला है, लेकिन उनमें केवल 15 महिलाएं हैं...फिल्म उद्योग में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दिशा में और अधिक प्रयास किए जा सकते हैं। मेरा मानना है कि फिल्में और सोशल मीडिया समाज में बदलाव लाने का एक बड़ा


अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार ऋषभ शेट्टी को

मलयालम फिल्म आट्टम : द प्ले ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का शीर्ष पुरस्कार जीता, साथ ही पटकथा और संपादन श्रेणियों में भी पुरस्कार जीता। हिंदी फिल्म ऊंचाई के लिए सूरज आर बड़जात्या को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक चुना गया। इसी फिल्म के लिए नीना गुप्ता को अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार कन्नड़ फिल्म कांतारा के लिए ऋषभ शेट्टी को मिला, जिसे संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने के लिए सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार भी मिला।

### रहमान और मणिरत्नम को संगीत में पुरस्कार

संगीतकार ए आर रहमान ने मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेलवन-1 में अपने काम के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्श्व संगीत का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म का पुरस्कार भी प्राप्त किया। रहमान और मणिरत्नम दोनों के लिए यह सातवां राष्ट्रीय पुरस्कार है। रहमान ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनका सातवां राष्ट्रीय पुरस्कार मणिरत्नम की फिल्म से मिला है। मणिरत्नम ने रहमान को रोजा में संगीत देने का मौका दिया था। 1992 की फिल्म रोजा के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन श्रेणी में अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था।

## एक नजर

### आव्रजन ब्यूरो ने इंडिगो पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** आव्रजन ब्यूरो ने वीजा संबंधी नियमों के उल्लंघन के लिए इंडिगो पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने बीएसई को दी गई नियामकीय सूचना में कहा कि जुर्माने के संबंध में प्राधिकरण से सात अक्टूबर को सूचना मिली थी। इसमें कहा गया है कि यह जुर्माना दो यात्रियों के लिए वीजा संबंधी नियमों के उल्लंघन के लिए है। नियामकीय सूचना के अनुसार, कंपनी की वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर इसका कोई भौतिक प्रभाव नहीं पड़ा है।

### हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पी वेणुगोपाल का निधन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नयी दिल्ली के पूर्व निदेशक और प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पी. वेणुगोपाल का मंगलवार को यहां निधन हो गया। डॉ. वेणुगोपाल के पारिवारिक सूत्रों ने यहां बताया कि उनका निधन घर पर ही हुआ। उनका अंतिम संस्कार कल लोधी रोड श्मशान घाट में किया जाएगा। डॉक्टर वेणुगोपाल ने देश में पहला हृदय प्रत्यारोपण किया था। उन्होंने अपने सेवा काल में 50,000 से अधिक हृदय ऑपरेशन किये। डॉक्टर वेणुगोपाल के परिवार में उनकी पत्नी प्रिया सरकार और पुत्री है।

### फ्रांस में मिशेल बार्नियर हासिल किया विश्वास मत

**पेरिस।** फ्रांस की नेशनल असेंबली ने वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट ब्लॉक की ओर से प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर की सरकार के खिलाफ पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव को मंगलवार को खारिज कर दिया। नेशनल असेंबली में 289 में से कुल 197 सांसदों ने विश्वास मत के पक्ष में मतदान किया। यह नयी सरकार में विश्वास का पहला मत था।

### उ. कोरिया ने अमेरिका को दी परमाणु हमले की धमकी

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एकबार फिर चेतावनी दी है कि वह दक्षिण कोरिया और अमेरिका के साथ संभावित संघर्ष में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। किम ने दोनों देशों पर उत्तर कोरिया को युद्ध के लिए उकसाने और कोरियाई प्रायद्वीप में दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को इस बारे में खबर दी।

# इजराइलियों को करेंगे विस्थापित: हिजबुल्ला

## हिजबुल्ला के कार्यकारी नेता शेख नईम कासिम ने दी धमकी, कहा- हमले का दायरा बढ़ाया जाएगा

**बेरूत, एजेंसी**

हिजबुल्ला के कार्यकारी नेता शेख नईम कासिम ने धमकी दी है कि इजराइल के और नागरिकों को विस्थापित होना पड़ेगा क्योंकि उसका समूह इजराइल के भीतरी इलाकों को निशाना बनाते हुए रॉकेट दाग रहा है। कासिम ने मंगलवार को टेलीविजन पर जारी एक बयान में कहा कि उसके समूह की सैन्य क्षमताएं अभी भी बरकरार हैं और उसने लेबनान के एक बड़े हिस्से पर कई सप्ताह तक इजराइल के हवाई हमलों के बाद अपने वरिष्ठ कमांडरों की जगह नये कमांडर नियुक्त कर दिये हैं।

इजराइल के इन हमलों में लेबनान के शीर्ष कमान के अधिकांश सदस्य मारे गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले सप्ताह लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने के बाद इजराइली सेना आगे नहीं बढ़ पाई है। इजराइली सेना ने कहा है कि अब चौथी डिवीजन जमीनी अभियान में हिस्सा ले रही है, जो पश्चिम की ओर फैल गया है। हालांकि अभियान अभी भी सीमा के साथ लगी एक संकरी पट्टी तक ही सीमित नजर आ रहा है। इजराइली सेना का कहना है कि उसने हिजबुल्ला के सैकड़ों ठिकानों को निशाना बनाया है, सीमा से लगे क्षेत्रों में आतंकवादी ढांचों को नष्ट किया है और हिजबुल्ला के सैकड़ों लड़ाकों को मार गिराया है। दोनों पक्षों द्वारा युद्ध को लेकर किये गए दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करने का कोई तरीका नहीं है। कासिम ने कहा, हम सैकड़ों रॉकेट और दर्जनों ड्रोन दाग रहे हैं। बड़ी संख्या में बस्तियां और शहर हमारी जवाबी कार्रवाई के निशाने पर हैं। हमारी क्षमताएं मजबूत हैं और हमारे लड़ाके अग्रिम मोर्चे पर तैनात हैं।


इजराइल के खिलाफ विरोध जताते लोग।

### हिजबुल्लाह मुख्यालय का कमांडर मारा गया

**यरूशलम।** इजराइल सुरक्षा बल (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि लेबनानी आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला मुख्यालय के कमांडर सुहैल हुसैन हुसैनी हमले में मारा गया। आईडीएफ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इजराइली वायु सेना ने बेरूत क्षेत्र में सटीक, खुफिया-आधारित हमला किया जिसमें हुसैनी मारा गया। वह हिजबुल्ला मुख्यालय में रसद की देखरेख करता था और संगठन में विभिन्न इकाइयों के बजट एवं प्रबंधन का प्रभारी था। हुसैनी ने ईरान और हिजबुल्ला के बीच हथियारों के आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उस पर हिजबुल्लाह की इकाइयों के बीच उन्नत हथियार वितरित करने, हथियारों का परिवहन एवं आवंटन की देखरेख करने की जिम्मेदारी थी।

### गाजा पट्टी में इजराइली सैनिकों को मारने का दावा किया

**गाजा।** हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने उत्तरी गाजा शहर में एक हमले में कई इजराइली सैनिकों को मारने घायल करने का दवा किया है। अल-कसम ब्रिगेड के बयान के अनुसार उसके सदस्यों ने एंटी-कार्मिक बम के माध्यम से 10 इजराइली सैनिकों के एक समूह को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में काफी सैनिक हताहत हुए। बयान में यह भी कहा गया कि ब्रिगेड ने निकासी के लिए एक हेलीकॉप्टर को उतरते देखा, लेकिन घटना के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। ब्रिगेड ने दावा किया कि उन्होंने गाजा शहर के उत्तर में तुवाम क्षेत्र में यासीन 105 मिसाइल से एक इजराइली बख्तरबंद कार्मिक वाहक को निशाना बनाया था। इजराइली सेना ने घटनाओं पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। सार्वजनिक इजराइली रेडियो ने बताया कि उत्तरी गाजा में सैन्य बलों को महत्वपूर्ण सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ा और घायल सैनिकों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए गए है। अल-क़सम ब्रिगेड ने यह भी कहा कि उन्होंने 114-मिमी कैलिबर के साथ कई कम दूरी की मिसाइलों का उपयोग करके, राफा शहर के पूर्व में सैन्य सभाओं और परिचालन केंद्रों के साथ-साथ दक्षिणी इज़राइल में स्देरोट क्षेत्र को निशाना बनाया।

### हिजबुल्ला ने दागे पांच रॉकेट

**यरूशलम/बेरूत।** लेबनान के हिजबुल्ला लड़ाकों ने सोमवार देर रात मध्य इजरायल पर लगभग पांच रॉकेट दागे लेकिन इससे क्षेत्र में कोई हताहत नहीं हुआ। इजराइली अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय निवासियों ने मध्य इजरायल के आसमान में विस्फोटों की आवाज़ सुनने की सूचना दी। इजराइली सेना ने कहा कि सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर लेबनान से हिजबुल्लाह द्वारा लगभग पांच प्रोजेक्टाइल लॉन्च किए गए थे। कई रॉकेट रोके गए, जबकि अन्य खुले इलाकों में गिरे।

# पुलिस हिरासत में महिला को यातना दिए जाने की सीबीआई जांच के आदेश

- कलकत्ता हाईकोर्ट ने दिया आदेश, आरजी कर मामले में प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने किया था गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार की गई महिला को हिरासत में कथित तौर पर प्रताड़ित करने के मामले की सीबीआई जांच का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि दो याचिकाकर्ताओं (दोनों महिलाएं) ने हिरासत के दौरान पुलिस द्वारा शारीरिक यातना का आरोप लगाया है, जबकि जेल अधिकारी की रिपोर्ट में उनमें से एक पर इस तरह के कृत्य की पुष्टि हुई है।

न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह आठ सितंबर से 11 सितंबर तक पुलिस हिरासत के दौरान उनमें से एक को दी गई कथित शारीरिक यातना की गहन जांच करे। अदालत ने कहा, मामले को सीबीआई को सौंपने का निर्णय हिरासत में यातना के गंभीर आरोपों की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की आवश्यकता पर आधारित है।'' दोनों याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उन्होंने नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल में एक चिकित्सक के साथ हुए कथित बलात्कार और हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर कई शांतिपूर्ण रैलियों में भाग लिया था।



आदेश पारित करते हुए न्यायमूर्ति भारद्वाज ने राज्य सरकार को याचिकाकर्ताओं द्वारा लगाए गए आरोपों के विरोध में चार सप्ताह के भीतर हलफनामा दायर करने और याचिकाकर्ताओं द्वारा एक सप्ताह के भीतर इसका जवाब देने का निर्देश दिया। अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी को 15 नवंबर तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर के लिए सूचीबद्ध की।

# हमलों के बीच शांति से मनाएंगे दुर्गा पूजा

- बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों के खिलाफ विरोध स्वरूप नहीं होंगे बड़े आयोजन

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक नेताओं का कहना है कि शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद हिन्दू समुदाय पर हमलों के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए इस साल समुदाय के लोग देश में दुर्गा पूजा को शांत तरीके से मनाएंगे। नौकारियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को हसीना ने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद देश में सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया और पिछले दो माह में हिन्दू समुदाय के खिलाफ दो हजार से अधिक हमले हुए।

बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई यूनिटी काउंसिल (बीएचबीसीओपी) की एक समिति के सदस्य रंजन करमाकर ने बताया, इस साल हम सिर्फ दुर्गा पूजा का आयोजन कर रहे हैं और कोई समारोह नहीं होंगे। करमाकर ने कहा यह हिंदू समुदाय की ओर से विरोध का एक तरीका है और इस साल अगस्त से हमारे समुदाय पर लगातार हमलों के बाद हिंदू समुदाय के लोग किसी भी तरह के पर्व में हिस्सा लेने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई पूजा आयोजकों को धमकियों और जबरन वसूली के लिए कॉल की जा रही हैं। बांग्लादेश पूजा उद्‌जापन परिषद के अध्यक्ष वासुदेव धर ने कहा कि सरकार ने उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया है, लेकिन समुदाय ने फैसला लिया है कि वे सिर्फ दुर्गा पूजा का ही आयोजन करेंगे, लेकिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित किसी भी प्रकार के उत्सव का आयोजन नहीं करेंगे।

### अमेरिका ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने का किया आग्रह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह चाहता है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों की रक्षा हो। देश में अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले हिंदू अपना सबसे बड़ा त्योहार दुर्गा पूजा मना रहे हैं। अमेरिका का यह बयान बांग्लादेश में तत्कालीन प्रधानमंत्री हसीना के इस्तीफे और अगस्त में उनके भारत चले जाने के बाद अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर बढ़ते हमलों के मद्देनजर आया है। प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, निश्चित ही, हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा होते देखना चाहते हैं। मिलर से कुछ धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू समुदाय को उनके सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा के दौरान दी जा रही धमकियों के बारे में सवाल पूछा गया था।



## धौलागिरी पर्वत से फिसलकर पांच रूसी पर्वतारोहियों की मौत

**काठमांडू।** धौलागिरी पर्वत पर लापता हुए पांच रूसी पर्वतारोही मंगलवार को सात हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर मृत पाए गए। खोज एवं बचाव अभियान में शामिल हेली एवरेस्ट के उपाध्यक्ष मिंगमा शेरपा के अनुसार, पांचों रूसी पर्वतारोही नेपाल के शरदकालीन पर्वतारोहण सत्र के दौरान रविवार को विश्व की सातवीं सबसे ऊंची चोटी को फतह करने का लक्ष्य लेकर चल रहे थे। पर्वतारोहियों की पहचान अलेक्जेंडर दुशेको, ओलेग क्रुग्लोव, व्लादिमीर चिस्तिकोव, मिखाइल नोसेंको और दिमित्री शपीलेवोई के रूप में हुई है। सुबह छह बजे इनका आधार शिविर से संपर्क टूट गया था। शेरपा ने बताया कि वे सभी एक रस्सी के सहारे 8,167 मीटर ऊंची चोटी की ओर बढ़ रहे थे और इस दौरान लापता हो गए।

# बांग्लादेश-भारत संबंध बहुत घनिष्ठ बने रहने चाहिए : यूनुस

- देश में सत्ता परिवर्तन के बावजूद बांग्लादेश सरकार को उम्मीद

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि देश में हाल में हुए सत्ता परिवर्तन के बावजूद ढाका-दिल्ली संबंध बहुत घनिष्ठ बने रहने चाहिए और ऐसा होना दोनों देशों के हित में है।

अर्थशास्त्री यूनुस (84) आठ अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद मुख्य सलाहकार बने थे। हसीना छात्रों के आंदोलन के बीच पांच अगस्त को देश छोड़कर चली गई थीं। बांग्ला भाषा के दैनिक प्रथम आलो में प्रकाशित खबर के अनुसार, यूनुस ने कहा, दोनों देशों के बीच संबंध बहुत करीबी होने चाहिए। इसका कोई विकल्प नहीं हो सकता। उन्हें इसकी जरूरत है, हमें इसकी जरूरत है। यह हर दृष्टिकोण से जरूरी है, चाहे वह अर्थव्यवस्था, सुरक्षा या पानी का मामला हो। द्विपक्षीय संबंधों में हाल के तनाव को लेकर पूछे जाने पर यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश में हाल की घटनाओं ने भारत को निराश किया होगा और वे बदलावों से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमारे लिए एक-दूसरे के बिना आगे बढ़ना मुश्किल होगा।

### हम दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच स्थित है

यूनुस ने कहा तथ्य यह है कि हम दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच स्थित हैं, यह हमारी ताकत है, कमजोरी नहीं। हम दोनों देशों से सीख सकते हैं। दोनों देशों में हमारे बाजार होंगे। दोनों देश हमारे पास आएंगे। यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश को इन दोनों देशों के साथ संबंध बनाए रखने चाहिए और यह हमारे लिए एक मौका है।

## इमरान खान और एक मुख्यमंत्री पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के नेता एवं खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर पर मंगलवार को हत्या के प्रयास का एक नया मामला दर्ज किया गया। यह मामला पिछले हफ्ते यहां उनकी पार्टी द्वारा आहूत विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पुलिसकर्मी की मौत से जुड़ा है। राज्य की ओर से संघीय राजधानी के नून थाने में हत्या के प्रयास, आगजनी, राज्य पर हमला और पुलिसकर्मियों के खिलाफ हिंसा के साथ ही आतंकवाद विरोधी अधिनियम की धाराओं के तहत मंगलवार को मामला दर्ज किया गया। पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान पीटीआई के संस्थापक खान और गंडापुर पर पुलिसकर्मी अब्दुल हमीद की हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

# राष्ट्रीय चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहना जरूरी


परेड का निरीक्षण करते हुए वायु सेना प्रमुख।

- एयर चीफ मार्शल ने जवानों का बढ़ाया हौसला

**चेन्नई, एजेंसी**

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा है कि वायु सेना को राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। वायु सेना प्रमुख ने मंगलवार को यहां तामबरम वायु सेना स्टेशन पर वायु सेना के 92 वें स्थापना दिवस पर कहा कि मौजूदा वैश्विक सुरक्षा स्थिति निरंतर बदल रही है और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों ने एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की आवश्यकता पर बल दिया है।

## ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति सईद ने दूसरी बार चुनाव जीता

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया के आम चुनाव में सोमवार को राष्ट्रपति कैस सईद ने शानदार जीत हासिल करते हुए, पहले कार्यकाल के बाद सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखी है। सईद के पहले कार्यकाल में उनके विरोधियों को जेल में डाल दिया गया था और देश की संस्थाओं में फेरबदल किया गया था, ताकि उन्हें अधिक अधिकार दिए जा सकें। उत्तर अफ्रीकी देश के स्वतंत्र चुनाव उच्च प्राधिकार ने कहा कि सईद को 90.7 प्रतिशत वोट मिले हैं, जबकि एक दिन पहले जारी, चुनाव बाद के सर्वेक्षण एग्जिट पोल में उन्हें देश में भारी बढ़त हासिल होती दिखाई गई थी। ट्यूनिशिया को एक दशक से भी अधिक समय पहले अरब विद्रोह' का जन्मस्थान माना जाता था।

### भविष्य की तैयारी | चंद्र आवास गुम्बदनुमा टॉवर के साथ विकसित किए जाएं

# चांद की धरती के लिए बनने लगे आवासीय डिजाइन

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** चंद्रमा पर मानव के रहने के लिए आवासीय डिजाइन बनने शुरू हो गए हैं। पृथ्वी से जुदा चंद्र आवास गुम्बदनुमा टॉवर के साथ विकसित किए जाएंगे। मानव मिशन की दौड़ मे सबसे पहले अमेरिका व चीन की मुहिम चांद पर इंसान को बसाना है। चांद पर घर बसाने की कवायद के दिन नजदीक आते जा रहे हैं।

संभव है कि अगले दशक में चांद पर इंसानों की पहली बस्ती मूर्त रूप ले चुकी होगी। बड़ा प्रश्न है कि वहां किस तरह के मकान होंगे और कैसा उस धरती का रहन सहन होगा। क्योंकि पृथ्वी जैसे हालात चंद्रमा की धरती पर कतई नही होंगे। वहां सांस लेना भी आसान नही होगा और ग्रेविटी का प्रभाव भी मानव शरीर को लड़खड़ाने को मजबूर करेगा। सूर्य की किरणें रेडिसन साथ लाएंगी तो धूप वाला हिस्सा गर्मी से सताएगा। उल्काओं की मार का डर सिर पर हमेशा मंडराता रहेगा। कुल मिलाकर अथाह दुश्वारियां चांद की धरती पर वैज्ञानिकों के लिए बड़ी चुनौती होगी। दिलचस्प बात यह है कि वैज्ञानिकों को हर चुनौती मंजूर है, जिसे पार करने के लिए तैयार भी हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार चंद्रमा पर भौतिक बुनियादी ढांचा वहां किसी भी दीर्घकालिक मानव उपस्थिति के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगा।

अमेरिका और चीन चंद्रमा पर मानव उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। इसकी शुरुआत टावर के रूप में गुम्बदनुमा आवास विकसित करना होगा। सौर पैनलों से लेकर संचार सारणियों तक उपकरणों के टॉवर खड़े किए जाएंगे। चंद्र गुरुत्वाकर्षण के वजन उठाने की क्षमता के अनुसार निर्माण कार्य किये जाएंगे। उत्तरी कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी और नासा के लैंगली रिसर्च सेंटर के शोधकर्ताओं ने चांद पर निर्माण कार्यों को लेकर शोध किया है। शोध के आधार पर ही चंद्रमा पर निर्माण कार्य किए जाएंगे।



### चांद की दौड़ में नासा का आर्टेमिस सबसे आगे

**नैनीताल :** चंद्रमा पर मानवदल को पहुचाने के लिए नासा का मिशन आर्टेमिस सबसे आगे नज़र आता है। इस मिशन का मूल उद्देश्य मंगल पर इंसान को पहुचाना है, लेकिन इससे पहले मानव दल चांद की धरती पर उतरेगा। दरअसल चांद अंतरिक्ष के लंबे सफर में मानव का पड़ाव बनेगा, जो एक डिपो की तरह कार्य करेगा। मंगल समेत अंतरिक्ष की अन्य संभावित लंबी यात्राओं की आगे का सफर चांद के जरिए ही पूरा होगा।